संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee


बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में परिवार के सदस्यों के साथ अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर राज्य में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 10 अंक: 297 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ का तीसरा दिन संपन्न, दिल्ली में 1300, मुंबई में 83 घाटों पर पूजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दुनियाभर में छठ का महापर्व मनाया जा रहा है। खरना के साथ ही व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो चुका है। छठ महापर्व के तीसरे दिन यानी सोमवार शाम को दिल्ली, मुंबई समेत देश के कई शहरों में डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। वहीं, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन समेत दुनियाभर के कई देशों में भी भारतीय व्रतियों ने छठ पर सूर्य को अर्घ्य दिया। फिजी, सूरीनाम, मॉरिशस, त्रिनिदाद-टोबैगो में भी बड़ी संख्या में भारतीय आबादी रहती है, यहां भी छठ पूजा का आयोजन किया गया है। दिल्ली-मुंबई में घाटों में को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। मुंबई और ठाणे में 83 स्थानों पर सामूहिक छठ पूजा का आयोजन हो रहा है। राजधानी दिल्ली में करीब 1300 घाटों पर छठ पूजा का आयोजन हो रहा है, जिनमें 17 प्रमुख घाट यमुना नदी के किनारे बनाए गए हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल में प्रदेश के पहले छठी मैया के मंदिर का लोकार्पण हुआ। छठी मैया की यह प्रतिमा जयपुर के राज्य सम्मानित कलाकार महावीर भारती और निर्मला ने तैयार की



- दिल्ली में करीब 1300 घाटों पर छठ पूजा का आयोजन हो रहा है, जिनमें 17 प्रमुख घाट यमुना नदी के किनारे बनाए गए

है। इधर, पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली के वासुदेव घाट पर छठ पूजा में शामिल हो सकते हैं। चर्चा है कि वह उदीयमान सूर्य को अर्घ देंगे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पर्व का त्योहार सोमवार को श्रद्धा से मनाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया था। शास्त्रों के अनुसार छठ पर्व पर 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखा जाता है। परिजनों के साथ आई रूपा झा ने कहा कि इस व्रत को रखने से श्रद्धालुओं द्वारा मांगी गई मन्नते पूर्ण होती है। अपने परिवार की समृद्धि व शांति, पुत्र प्राप्ति व पति दिघार्यु की कामना के लिए छठ पर्व की पूजा की जाती है। यह पर्व शुक्ल पक्ष छठ मनाया जाता है। छठ पूजा में छठ मइया की पूजा करते हैं और जो भी इच्छा होती है वो माता पूरी करती हैं। सुरूची ने कहा कि छठ पूजा के घाट पर आने से पहले कई व्यंजन तैयार करते हैं।

## राजस्थान, एमपी, यूपी समेत 12 राज्यों में आज से एसआईआर

- बिहार के बाद अब 12 राज्यों में मतदाता सूची होगी अपडेट, कल से आगामी फरवरी तक चलेगी प्रक्रिया, 7 फरवरी तक पूरा होगा, अगले साल चुनाव वाले बंगाल में एसआईआर, लेकिन असम में नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग बिहार के बाद 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची को अपडेट करेगा। इससे जुड़ी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया आज रात से शुरू हो जाएगी। इनमें अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु शामिल हैं। इन राज्यों की कुल आबादी 51 करोड़ है। एसआईआर की प्रक्रिया कल से शुरू होगी और 7 फरवरी तक अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। आज रात से इन राज्यों की मतदाता सूची फ्रीज हो जाएगी।
मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को यहां के विज्ञान भवन में इस संबंध में एक पत्रकार वार्ता की। इस दौरान चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधु और विवेक जोशी भी उपस्थित रहे। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि कानून के तहत जरूरत पड़ने और चुनावों से पूर्व चुनाव आयोग मतदाता सूची को अपडेट कर सकता है। राजनीतिक दल भी मतदाता सूची को लेकर अलग-अलग तरह से मुद्दे उठाते रहते हैं। चुनाव आयोग एसआईआर के लिए कल से 3 नवंबर तक प्रिंटिंग और प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी कर लेगा। इसके बाद 4 नवंबर से अगले एक महीने तक सभी घरों में जाकर चुनावकर्मी फार्म वितरित करेंगे। नौ दिसंबर को चुनाव आयोग इन राज्यों की मसौदा सूची जारी करेगा। इसके बाद 1 महीने तक इस मसौदा सूची से जुड़े दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद 9 जनवरी से एक महीने तक दावे सुने जाएंगे और जांच होगी। सात फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद पूरी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार देश में मतदाता बनने के लिए भारत का नागरिक होना, 18 साल से अधिक आयु का होना, किसी क्षेत्र का सामान्य रिहायशी होना और किसी अन्य कानून के तहत अयोग्य न घोषित व्यक्ति ही मतदाता बनने के लायक होता है।
उन्होंने कहा कि इतने सालों में मतदाता सूची में काफी बदलाव आए हैं। लोगों ने बहुत बड़ी संख्या में पलायन किया है। इसके चलते मतदाता एक से अधिक स्थान पर पंजीकृत हैं। कई मृत मतदाता भी मतदाता सूची में शामिल हैं और कई स्थानों पर गलत तरीके से विदेशियों को भी मतदाता सूची में शामिल किया गया है। एसआईआर की प्रक्रिया 1951 से 2004 तक आठ बार की जा चुकी है। आखरी बार फिर 2002 और 04 के बीच 21 साल पहले कराया गया था।

**एसआईआर क्या है**
यह चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इसमें वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। इसमें 18 साल से ज्यादा के नए वोटर्स को जोड़ा जाता है। ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है। जो शिफ्ट हो चुके हैं उनके नाम हटाए जाते हैं। वोटर लिस्ट में नाम, पते में हुई गलतियों को भी ठीक किया जाता है। बीएलओ घर-घर जाकर खुद फॉर्म भरवाते हैं।

**पहले किस राज्य में हुआ?**
पहले फेज में बिहार में हुआ। फाइनल लिस्ट में 7.42 करोड़ वोटर्स हैं।




### एसआईआर वाले राज्यों में विधानसभा चुनाव कब?

**कौन करेगा**
एसआईआर वाले 12 राज्यों में करीब 51 करोड़ मतदाता है। इस काम में 5.33 लाख बीएलओ और 7 लाख से ज्यादा बीएलए राजनीतिक दलों की ओर से लगाए जाएंगे।
**एसआईआर कब होगा, इसमें वोटर को क्या करना होगा**
एसआईआर के दौरान बीएलओ वोटर को फॉर्म देंगे। वोटर को उन्हें जानकारी मैच करवानी है। अगर दो जगह वोटर लिस्ट में नाम है तो उसे एक जगह से कटवाना होगा।
**एसआईआर के लिए कौन से दस्तावेज मान्य**
पेंशन पहचान पत्र
किसी सरकारी विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र
जन्म प्रमाणपत्र
पासपोर्ट
10वीं की मार्कशीट
स्थायी निवास प्रमाणपत्र
वन अधिकार प्रमाणपत्र
जाति प्रमाणपत्र

### अगले सीजेआई के रूप में जस्टिस सूर्यकांत के नाम की केंद्र से सिफारिश

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस बीआर गवई ने जस्टिस सूर्यकांत को अगला चीफ जस्टिस नियुक्त करने के लिए केंद्र सरकार से सिफारिश की है। मौजूदा चीफ जस्टिस बीआर गवई 23 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं वरिष्ठता के आधार पर जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें चीफ जस्टिस बनेंगे। जस्टिस सूर्यकांत करीब 14 महीने तक चीफ जस्टिस के पद पर रहेंगे और 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। परंपरा के मुताबिक मौजूदा चीफ जस्टिस रिटायर होने के पहले अगले चीफ जस्टिस के नाम की सिफारिश केंद्र सरकार से करते हैं।

## पंचकूला में राज्यस्तरीय महोत्सव, सीएम सैनी ने छठ मइया और सूर्य देव को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार शाम पंचकूला सेक्टर-21 स्थित घग्गर नदी तट पर आयोजित राज्यस्तरीय छठ पूजा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने छठ मइया और सूर्य देव को नमन करते हुए श्रद्धालुओं को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है जो अनुशासन, आस्था और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का संदेश देता है।



कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार के सहयोग से किया गया था, जिसमें पंचकूला और आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर घाट पर भव्य सजावट की गई थी, रंग-बिरंगी रोशनियों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण छठमय हो उठा।
मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि राज्य सरकार सभी धर्मों और समुदायों के पर्वों को समान सम्मान देती है और ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं।

## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राष्ट्रपति मुर्मू को दिया शहीद समागम का न्योता

**शहीदी पर्व**

- पूरे देश के राज्यों के सीएम और पूरी दुनिया में बसने वाले पंजाबियों को खुला न्योता दिया गया है

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करके उन्हें श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी पर्व समागम में शामिल होने का न्योता दिया है। सीएम ने कहा कि हमने राष्ट्रपति को कहा कि 18 नवंबर से 25 नवंबर तक कोई भी दिन अपने शेड्यूल मुताबिक देख लें। जो भी दिन वह तय करेंगी, पंजाब सरकार उनका स्वागत करेगी। पंजाब सरकार गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व के अवसर पर भव्य समागमों का आयोजन कर रही है।



इसलिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों को निमंत्रण दिया जा रहा है। इन कार्यक्रमों की शुरूआत 25 अक्टूबर को दिल्ली स्थित गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में अरदास के साथ की गई। इसके बाद पंजाब के सभी जिलों में गुरु साहिब के जीवन और उपदेशों को दर्शाने वाले लाइट एंड साउंड शो, कीर्तन दरबार और धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। गुरु साहिब के चरणों से जुड़े 130 पवित्र स्थलों पर भी कीर्तन दरबार आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि राष्ट्रपति काफी धार्मिक ख्यालों की हैं। उन्हें इस बारे में पता है

### पंजाब के तरन तारन में उपचुनाव के लिए तैनात होंगे 1200 कर्मचारी

**चंडीगढ़।** विधानसभा क्षेत्र तरन तारन में 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर जिला चुनाव कार्यालय ने पोलिंग स्टाफ को पहला रिहर्सल सोमवार को माई भागो कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कराया गया। इस रिहर्सल का जायजा लेने के लिए पंजाब के संयुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी सकतर सिंह बल विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर तरन तारन विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी कम एसडीएम गुरमीत सिंह तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। रिहर्सल के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने लगभग 1200 पोलिंग कर्मचारियों को ईवीएम, वीवीपैट और कंट्रोल यूनिट सहित मतदान दिवस की सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्हें मतदान के दिन की कार्यप्रणाली और सावधानियों से भी अवगत कराया गया।

## सीजेआई कोर्ट में जूता फेंकने वाले राकेश को नोटिस देने से कोर्ट का इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने चीफ जस्टिस बीआर गवई के कोर्ट रूम में जूता उछालने के आरोपित वकील राकेश किशोर को अवमानना का नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अवमानना नोटिस जारी करना उसे बेवजह तवज्जो देना होगा। बेहतर होगा कि यह विवाद अपने आप खत्म हो जाए।
कोर्ट बेंच ने कहा कि चूंकि यह अवमानना सीधे कोर्ट में हुई, ऐसे में इसमें कार्रवाई करने का अधिकार संबंधित जज यानि चीफ जस्टिस के पास था, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई न करने का विकल्प चुना। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किये जायेंगे। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह से इस बारे में सुझाव मांगा है।

## नशे के विरुद्ध लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों पर होगी कार्रवाई : सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन पुलिस थाना क्षेत्रों में नशे के विरुद्ध पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा, जहां लापरवाही या ढिलाई बरती जा रही है, वहां कठोर कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का प्रभाव धरातल पर दिखना चाहिए ताकि अन्य कर्मचारी



सतर्क हो सकें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार यहां नशा मुक्त भारत अभियान योजना के संबंध में आयोजित एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि नशा मुक्त घोषित गांवों का नियमित पुनर्मूल्यांकन किया जाए और अन्य राज्यों के साथ लगती प्रदेश की सीमा क्षेत्रों में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ताकत बढ़ाई जाए। इसके साथ ही विशेषज्ञों को भी टीम में शामिल कर नशे की आपूर्ति पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित

**आदेश जारी**

- जहां लापरवाही या ढिलाई बरती जा रही है, वहां कठोर कार्रवाई की जाएगी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

किया जाएगा। संबंधित विभागों को नशे के खिलाफ संयुक्त अभियान को तेज करने, एनफोर्समेंट, डी-एडिक्शन और अवेयरनेस के तीनों पहलुओं पर समान रूप से काम करने और पंचायतों को सक्रिय भागीदार बनाने का निर्देश दिया।

## आवारा कुत्तों का मामला: हलफनामा दाखिल नहीं करने पर लगी फटकार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों के मामले में कोर्ट के आदेशों के अनुपालन को लेकर हलफनामा दाखिल नहीं करने पर राज्य सरकारों को फटकार लगाई है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल, दिल्ली और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को तलब किया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को 3 नवंबर को पेश होने का आदेश दिया। उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ ने 22 अगस्त को आवारा कुत्तों के मामले में दो जजों की बेंच के आदेश में बदलाव करते हुए कहा था कि दिल्ली में आवारा कुत्तों को शेल्टर होम से तभी छोड़ा जाएगा, जब उन्हें टीका (इम्युनाइजेशन) लग जाएगा और बधियाकरण हो जाएगा। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि शेल्टर होम से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर लगी रोक को इस बदलाव के साथ हटाया जा रहा है।

**राज्यों को लताड़ा**

- पश्चिम बंगाल, दिल्ली और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिव 3 नवंबर को तलब

जो कुत्ते आक्रामक स्वभाव के हैं और उन्हें रेबीज की बीमारी है उन्हें शेल्टर होम से नहीं छोड़ा जाएगा। कोर्ट ने कहा कि सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना नहीं खिलाया जा सकता है। आवारा कुत्तों को खिलाने के लिए जगह नगर निगम की ओर से तय किया जाए। इस मसले पर विस्तृत सुनवाई करेगा और पूरे देश के लिए एक नीति तैयार करेगा। इसके पहले 11 अगस्त को जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने दिल्ली-एनसीआर की सड़कों और गलियों को आवारा कुत्तों से मुक्त कराने के लिए उच्चतम न्यायालय ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए थे।

**रोजगार पर बल** *हमारे युवाओं को विदेशों में सुरक्षित, कानूनी और भरोसेमंद माध्यमों से रोजगार मिलना सुनिश्चित हो : डिप्टी सीएम*

## युवाओं को विदेशों में सुरक्षित रोजगार से जोड़ेगी सरकार: अग्निहोत्री

**पंकज शर्मा**
**शिमला :** उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि हिमाचल सरकार युवाओं को विदेशों में सुरक्षित रोजगार से जोड़ेगी। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर पर रोजगार के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है, प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित करने की दिशा में निर्णायक पहल की है कि हमारे युवाओं को विदेशों में सुरक्षित, कानूनी और भरोसेमंद माध्यमों से रोजगार मिलना सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वयं जिम्मेदारी लेकर युवाओं को विदेश भेजने की पूरी प्रक्रिया को



व्यवस्थित और पारदर्शी बना रही है, ताकि किसी को भी ठगी, धोखे या असुरक्षा की स्थिति का सामना न करना पड़े। यह कदम प्रदेश सरकार के 'हर युवा को हुनर, हर हुनर को अवसर' की प्रतिबद्धता का परिणाम है।
उप-मुख्यमंत्री सोमवार को पालमपुर में आयोजित हिमाचल सरकार की 'ओवरसीज रिक्रूटमेंट ड्राइव' की श्रृंखला के राज्यस्तरीय कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और यह पहल उसी दिशा में एक ठोस कदम है। विदेशों में उपलब्ध विभिन्न ट्रेड्स में नौकरियों की मांग के अनुसार युवाओं का चयन किया जाएगा, ताकि कौशल और अवसर का सही समन्वय सुनिश्चित हो सके।
अग्निहोत्री ने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी होती थी। माता-पिता अपने जीवन की गाढ़ी कमाई खर्च कर बच्चों को बाहर भेजते थे, पर अवैध तरीके और जालसाजी से ठगे जाते थे। अब हिमाचल सरकार ने तय किया है कि युवाओं को सुलभ, सस्ते और कानूनी तरीके से विदेश भेजा जाएगा।
उप-मुख्यमंत्री ने कहा यह सरकार का सबसे सुरक्षित, कानूनी और पारदर्शी तरीका है, जिससे हिमाचल के युवा अपने कौशल के अनुरूप विदेश में रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। विदेशों में स्किल की मांग है और हिमाचल प्रदेश के युवा इससे लाभान्वित होंगे। इस पहल से रोजगार कार्यालय को

### दुनिया में हो रहे बेहतर प्रयोगों का अध्ययन कर लागू करे आईसीएआर: शिवराजसिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सुचारू कृषि शिक्षा और राज्यों में विश्वविद्यालयों तथा कॉलेजों में खाली पड़े सभी पद शीघ्र भरने के लिए वे सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र भेजेंगे और वहां के कृषि मंत्रियों से भी चर्चा करेंगे। शिवराज सिंह सोमवार को यहां पूसा में आयोजित राष्ट्रीय कृषि छात्र सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। इसमें देशभर के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। हजारों विद्यार्थी आभासी रूप से भी जुड़े थे। आईसीएआर तथा कृषि विश्वविद्यालयों के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

# छठ हमारी सामाजिक एकता, आध्यात्मिक उन्नयन और प्राचीन विरासत का प्रतीकः सीएम

### लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लखनऊ का कोई ड्रेनेज या सीवर गोमती में नहीं गिरेगा, पीलीभीत से गाजीपुर तक निर्मल होगी नदी- सीएम योगी

**विरासत**

**छठ पर्व हमें एक-दूसरे के साथ जोड़ता है और सामाजिक बंधन मजबूत करता है- सीएम योगी आदित्यनाथ**





**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा न केवल आध्यात्मिक उन्नयन का माध्यम है, बल्कि सामाजिक एकता, प्राचीन भारतीय विरासत और प्रकृति से संवाद का प्रतीक भी है। गोमती तट के किनारे लक्ष्मण मेला मैदान में छठ घाट पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने छठ गीतों का आनंद लिया और भोजपुरिया सनेश स्मारिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने भोजपुरी में संबोधन देकर श्रद्धालुओं में उत्साह भर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ का कोई ड्रेनेज या सीवर गोमती में नहीं गिरेगा, पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती निर्मल व अविरल होगी। सीएम योगी ने कहा कि छठ महापर्व विश्वभर में बसे भोजपुरी समाज को आत्मशुद्धि और लोक कल्याण के मार्ग से जोड़ता है। उन्होंने भोजपुरी में शुभकामनाएं देते हुए कहा, "छठ मईया के कृपा सबके ऊपर बनल रहे सभन लोगन के परिवार मे शुख समृद्धि और खुशहाली रहे एकरे खातिन हम छठी माई से आशीर्वाद माँगत आनी जितना लोग व्रत बाटें उहें खातिर हम छठी माई से आशीर्वाद माँगत बानी की सबके भगवती उनके सपने के पूरा करें।"

**छठ पर्व परिवार की सुख-समृद्धि के साथ लोकमंगल की कामना से जुड़ा है- सीएम योगी:** सीएम योगी ने कहा कि यह पर्व भारत की प्राचीन विरासत को दर्शाता है और प्रकृति से संवाद सिखाता है। चार दिनों की कठिन साधना में बहनों की तपस्या को विशेष रूप से सराहते हुए उन्होंने कहा कि यह परिवार की सुख-समृद्धि के साथ लोकमंगल की कामना से जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पौराणिक काल से चली आ रही यह परंपरा अब पूरे भारत में फैल चुकी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिमी इलाकों तक लाखों श्रद्धालु जुड़ रहे हैं। उन्होंने गाजियाबाद और नोएडा का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां 50 हजार से एक लाख तक भक्त छठ मना रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि कोई मंदिर, सरोवर या तालाब ऐसा नहीं जहां श्रद्धालु न जुड़े हों। बल्कि राष्ट्रीय एकजुटता का भी संदेश देती है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें एक-दूसरे के साथ जोड़ता है और सामाजिक बंधन मजबूत करता है।

**स्वच्छता सिर्फ प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व- मुख्यमंत्री:** सीएम योगी ने कहा कि कोई देश तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रीय कर्तव्य से नहीं जुड़ते। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को छठ से जोड़ते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से चल रहा यह अभियान पर्यावरण संरक्षण का आधार है। सीएम योगी ने सिंगल-यूज प्लास्टिक, पॉलिथिन और कूड़े के अंधाधुंध उपयोग पर रोक लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गंदगी के कारकों को हटाएं, उसे नदी-नालों में न फेंकें। अगर हर व्यक्ति इसका पालन करे, तो आधे से अधिक समस्या का समाधान हो जाएगा। यह केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। नागरिकों के राष्ट्रीय कर्तव्य से जुड़े बिना राष्ट्र विकसित नहीं हो सकता। विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में यह प्रयास मदद करेगा। पिछले दो वर्षों में गोमती में जल स्तर कम होने और बदबू की शिकायतें आईं, लेकिन इस बार प्रशासन, सिंचाई विभाग, नगर निगम और स्वयंसेवी संगठनों की मेहनत से सुधार हुआ।

## पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती अविरल और निर्मल बनेगी- सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले दो वर्षों में गोमती में जल स्तर कम होने और बदबू की शिकायतें आईं, लेकिन इस बार प्रशासन, सिंचाई विभाग, नगर निगम और स्वयंसेवी संगठनों की मेहनत से सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि एक महीने पहले बैठकें हुईं और अखिल भारतीय भोजपुरी समाज ने स्वच्छता अभियान चलाया। परिणामस्वरूप, गोमती का जल शुद्ध और पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि जल का अर्घ्य अगर शुद्ध न हो, तो भगवान कैसे स्वीकार करेंगे?

पूजा स्थल की तरह नदी भी साफ-सुथरी होनी चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि एक से डेढ़ वर्ष में लखनऊ का कोई ड्रेनेज या सीवर गोमती में नहीं गिरेगा। पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती अविरल और निर्मल बनेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि कल प्रातः आयोजन समाप्त होने के बाद स्वच्छता अभियान चलाएं। यह राष्ट्रीय कर्तव्य है, हर लखनऊवासी और प्रदेशवासी की जिम्मेदारी।

**सीएम योगी ने की अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के पदाधिकारियों की सराहना**

कार्यक्रम में सीएम ने अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के पदाधिकारियों की सराहना की और कहा कि सम-विषम परिस्थितियों में उन्होंने आयोजन को नई ऊंचाई दी। मुख्यमंत्री ने छठ को घरों से लेकर नदी तट तक मनाने की परंपरा का जिक्र किया और सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठी मैया से प्रार्थना है कि सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हों, परिवार और समाज में सुख-समृद्धि आए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ राय, मॉरिशस प्रधानमंत्री के पूर्व सचिव सुरेश रामबरन समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बिरसा मुंडा जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में भव्यता से मनाएं : मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के समापन अवसर पर आगामी 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस भव्यता से मनाया जाए। साथ ही एक नवम्बर से 15 नवम्बर तक ग्राम पंचायतों से राजधानी स्तर तक विभिन्न गतिविधियों का संचालन हो। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय गौरव दिवस के संबंध में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सोमवार को आयोजित बैठक में दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर शिक्षण संस्थाओं में गतिविधियां संचालित की जाएं। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में सक्रिय रहे जनजातीय नायकों पर केन्द्रित प्रदर्शनियां लगाई जाएं। स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समुदाय के योगदान पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध, भाषण, क्विज और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन हो। स्व-सहायता समूहों के सम्मेलन, हस्तशिल्प की प्रदर्शनी और लोक कलाओं पर केन्द्रित गतिविधियों का भी आयोजन किया जाए।



**एक से 15 नवम्बर तक विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के संचालन के निर्देश**

जनजाति बहुल क्षेत्रों में इस अवधि में लगने वाले मेलों में स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित विषय-वस्तु का प्रदर्शन किया जाए। कार्यक्रमों में शासकीय कल्याणकारी कार्यक्रमों और विकास गतिविधियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी गतिविधियां हों। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर अमरकंटक में होगा भव्य दीपोत्सव**

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस 1 नवंबर को अनूपपुर जिले में वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह एकलव्य आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम हाल में आयोजित होगा, जहां स्थापना दिवस पर विविध सांस्कृतिक समारोह संपन्न किए जाएंगे। सांयकालीन दीपोत्सव कार्यक्रम अमरकंटक स्थित नर्मदा घाट के उत्तर तट पर 51,000 दीपों की अलौकिक रोशनी के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा।

## धर्मशाला में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता रैली लेट्स बीट ब्रेस्ट कैंसर का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**धर्मशाला:** विश्वभर में 17000 से अधिक चिकित्सकों की सदस्यता वाला गैर लाभकारी संगठन फिजिशियन्स कमेटी फॉर रिस्पॉन्सिबल मेडिसिन (पीसीआरएम)ने धर्मशाला स्थित मैक्सिमस मॉल में लेट्स बीट ब्रेस्ट कैंसर रैली का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विशेषज्ञों,कैंसर सर्वाइवर्स और आम नागरिकों ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य था ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम में प्लांट-बेस्ड आहार और स्वस्थ जीवनशैली की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना।ग्लोबोकॉन 2022 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में अब ब्रेस्ट कैंसर सबसे अधिक रिपोर्ट किए जाने वाले कर्क रोगों में से एक है।स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में ब्रेस्ट कैंसर के मामले 2019 में 1310 से बढ़कर 2023 में 1437 हो गए जबकि मृत्यु दर 487 से बढ़कर 535 तक पहुंच गई।यह चिंताजनक वृद्धि इस बात की ओर इशारा करती है कि रोकथाम पर केंद्रित स्वास्थ्य अभियानों की तत्काल आवश्यकता है।लगभग 40 प्रतिभागियों की उपस्थिति में आयोजित रैली की शुरुआत ढोल की थाप पर हुए मार्च से हुई। इसके बाद पीसीआरएम की फूड फॉर लाइफ प्रशिक्षक अर्चना सारफ द्वारा प्लांट-बेस्ड पौष्टिक व्यंजनों का लाइव डेमो आयोजित किया गया।



प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान की दिशा में होने चाहिए निरंतर प्रयास : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल।

## नरेन्द्रनगर में श्रीकुंजापुरी पर्यटन व विकास मेले का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नरेन्द्रनगर पहुंचकर 49वें श्रीकुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले का ध्वजारोहण कर मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विद्यालयों के छात्रों की बनाई विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं, त्योहारों, पारंपरिक वेशभूषाओं, ऐतिहासिक शौर्य गाथाओं और धार्मिक, सामाजिक, पहलुओं पर आधारित आकर्षक झांकियों का अवलोकन किया। यह झांकियां मेले के मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला प्रदेश के बड़े मेलों में शुमार है, मेले हमारी संस्कृति, सभ्यता और सनातन की पहचान हैं। इन्हें अक्षुण्ण बनाए रखना हम सब का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रसिद्ध 52 सिद्ध पीठों में जिसका प्रदेश सहित देश में विशिष्ट

**वेशभूषाओं, ऐतिहासिक शौर्य गाथाओं और धार्मिक, सामाजिक, पहलुओं पर आधारित आकर्षक झांकियों का अवलोकन किया**

स्थान है । इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक और प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने एक दर्जन से अधिक माँगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं, जिन पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कर रही है। इसके साथ ही अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं भी संचालन कर रही है। इस मौके पर प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल में मुख्यमंत्री का आभार जताया और क्षेत्रीय समस्याओं के निदान के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया। उन्होंने ने कहा कि मेले हमारे संस्कृति और सभ्यता के ध्वजवाहक हैं, उन्होंने कहा कि कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेला, नरेंद्र नगर ही नहीं बल्कि पूरे जनपद के विकास में सहायक है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

संख्या 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 24.10.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है।

| ई-कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-45-2025 | दिनांक 10.11.2025 को 11:00 बजे | तुगलकाबाद (कार), मुरादनगर, करनाल (साइकिल-स्कूटर-मोटरसाइकिल-कार), कुरुक्षेत्र (Site-2), सांपला (द्वितीय प्रवेश) शामली (पी आर एस) = कुल 06 साइटें |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहाँ ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | https://ireps.gov.in/ |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**

1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता 4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

3330/25

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**अवैध कब्जेदारों पर होगी कार्रवाई**

# वक्फ संपत्ति में रह रहे लोगों को अब सर्किल रेट से देना होगा किराया



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** वक्फ संपत्ति में रह रहे किराएदारों को अब सर्किल रेट के अनुसार किराया देना होगा। वक्फ की संपत्ति की डिजिटल सुरक्षा होगी और अवैध कब्जेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। यह बात वक्फ कोऑर्डिनेटर जेड हसन ने चंदनवन स्थित एएचएम स्कूल की लाइब्रेरी हाल में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने अन्य कोऑर्डिनेटरों से वक्फ संपत्ति का ब्योरा उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने के लिए कहा। कोऑर्डिनेटर जेड हसन ने कहा केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड से नियुक्त कोऑर्डिनेटरों से कहा वक्फ संपत्ति का ब्योरा जल्द उम्मीद पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराएं। मुतवल्लियों से कहा, इसके लिए सचिव का तौलियत प्रमाण पत्र, हस्बे दफा 37 की नकल, वक्फनामा, खसरा, खतौनी, आधार कार्ड, बिजली का बिल आदि दस्तावेज के साथ कोऑर्डिनेटर डॉ. शबनम कुरैशी या हमसे मिलें। ये दस्तावेज दिसंबर के अंत तक उपलब्ध कराएं।

कोऑर्डिनेटर डॉ. शबनम कुरैशी ने बताया, भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय की यह महत्वपूर्ण पहल है। इससे प्रबंधन में पारदर्शिता, जवाबदेही को बढ़ावा है। उम्मीद पोर्टल पंजीकरण सत्यापन कानूनी ट्रैक के रूप में काम करेगी। इससे वक्फ संपत्ति पर कोई अवैध कब्जा नहीं कर सकेगा। साथ ही संपत्ति बेचने व खरीदने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकेगी। वहीं कोई वक्फ किराएदार अपनी मनमानी कर सकेगा।

वक्फ संपत्ति में रह रहे किराएदारों को सर्किल रेट से अब किराया देना होगा। जो किराएदार किराया नहीं दे रहे हैं और संपत्ति पर काबिज हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कोऑर्डिनेटर सैयद मशहूर अली, खालिद अली, सिराज शाह आदि मौजूद रहे।

# बरसाना क्षेत्र में शिक्षा के नाम पर खिलवाड़, बिना मान्यता और उडिसे कोड के चल रहे हैं अवैध स्कूल

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** नंदगांव,बरसाना

बरसाना क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। क्षेत्र में दर्जनों ऐसे निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं जो न तो शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त हैं, न ही उनके पास उडिसे कोड (यूनिफाइड डिस्टिक इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) है। इन अवैध स्कूलों में न तो बुनियादी सुविधाएं हैं और न ही बच्चों के रिकॉर्ड का कोई प्रमाण, जिससे छात्रों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, कुमारेश इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (जरेला चौक, कमई रोड, बरसाना) लगभग आठ नौ वर्षों से संचालित होने की चर्चा है और वाई एल पब्लिक स्कूल (छाता रोड, बरसाना) सहित कई स्कूल बिना किसी शैक्षिक अनुमति या संबद्धता के संचालित हो रहे हैं। इन स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का नाम शिक्षा विभाग के किसी भी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है।

**कुमारेश इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (जरेला चौक, कमई रोड, बरसाना) लगभग आठ नौ वर्षों से संचालित होने की चर्चा**

**बच्चों का भविष्य अधर में:** इन स्कूलों से जब अभिभावक बच्चों की ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टी सी) मांगते हैं, तो उन्हें बार-बार टाल दिया जाता है या अनावश्यक रूप से घुमाया जाता है। नतीजा यह होता है कि बच्चे किसी मान्यता प्राप्त स्कूल में प्रवेश नहीं ले पाते, क्योंकि बिना उडिसे कोड के उनका कोई शैक्षिक रिकॉर्ड नहीं बन पाता।

**बिना मानक, बिना निरीक्षण चल रहे हैं स्कूल:** शिक्षा विभाग द्वारा तय मानकों को दरकिनार कर ये संस्थान न केवल नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं बल्कि बच्चों के अधिकारों का भी हनन कर रहे हैं। इन स्कूलों में न योग्य शिक्षक हैं, न पर्याप्त संसाधन, न ही कोई सुरक्षा मानक।

# प्रदेश में 23 खेल अकादमियां की जल्द होगी स्थापनाः सीएम धामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को तपोवन में स्थित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा से पूरे देश में आयोजित हो रहा सांसद खेल महोत्सव, खेल प्रतिभाओं को गांव से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का बड़ा अभियान है। उत्तराखंड में खेल महोत्सव तीन अलग-अलग चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य फिट इंडिया-स्पोर्ट्स इंडिया-स्ट्रॉन्ग इंडिया के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने के साथ ही स्थानीय, पारंपरिक और लोक खेलों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि राज्य में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर इतिहास रच कर राज्य का गौरव बढ़ाने का कार्य किया। आज उत्तराखंड विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भी देश के प्रमुख राज्यों में गिना जाने लगा है।




VASTU HOUSING FINANCE

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, 'ए' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई 400015. महाराष्ट्र. सीआईएन नंबरः यू65922एमएच2005पीएलसी272501

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8 (6) के प्रोविजो के साथ पढ़ा जाए। इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार/सह-कर्जदार/गिरवी रखने वाले (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्तियां सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई हैं, जिनका फिजिकल कब्जा वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी ने ले लिया है जिसे इसके बाद वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाएगा। सुरक्षित संपत्तियों को 'जैसा है जहां है', 'जैसा है वैसा है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर ई-नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी करने जा रहे हैं।

| क्रमांक | अकाउंट नंबर और नाम कर्ज लेने वाला, सह-कर्ज लेने वाला, गिरवी रखने वाले | डिमांड नोटिस व/2 13(2) के अनुसार तारीख और रकम और फिजिकल पजेशन की तारीख | संपत्ति/संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य, बयाना राशि जमा (रुपये में) | ई-नीलामी की तारीख और समय, ईएमडी जमा करने की अंतिम तारीख, निरीक्षण की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **HL0000000094328** सुनील कुमार (कर्ज लेने वाला), सुमन रानी (सह-कर्ज लेने वाला) | डिमांड नोटिस की तारीख 20/07/2024 और रकम रू. 1513890/- 15/07/2024 तक + ब्याज लागत आदि और 17/09/2025 | एक प्लॉट/मकान जिसका UID नंबर 604490788 यूआईडी नंबर **604490SPAS100PH0778A** है, जिसका माप 308 वर्ग मीटर है, जो गांव बीघर, जिला फतेहाबाद, हरियाणा, 125050 के लाल डोरा क्षेत्र में स्थित है। | 1950000 रुपये/- 195000 रुपये/- | 26/11/2025 समय 11:00 बजे सुबह से शाम 4:00 बजे तक, 25/11/2025 शाम 5:00 बजे तक, 13/11/2025 |

1. सभी इच्छुक पार्टिसिपेंट्स/बिडर्स से रिक्वेस्ट है कि वे वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** पर जाएं। ई-ऑक्शन के बारे में डिटेल्स, हेल्प, प्रोसीजर और ऑनलाइन ट्रेनिंग के लिए, इच्छुक बिडर्स **M/S e-Procurement Technologies Pvt. Ltd. (Auctiontiger);** से कॉन्टेक्ट कर सकते हैं; एड्रेसः हेड ऑफिसः बी-705, वॉल स्ट्रीट II, ओरिएंट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद - 380 006 गुजरात (इंडिया)। कॉन्टेक्ट पर्सनः मिस्टर राम शर्मा कॉन्टेक्ट नंबरः 8000023297/9265562818/9265562821/079-6813 6842/6869. ईमेल आईडीः **ramprasad@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net**

2. नियमों और शर्तों के बारे में ज्यादा डिटेल्स के लिए कृपया ई-ऑक्शन में हिस्सा लेने के लिए **https://sarfaesi.auctiontiger.net** पर जाएं।

3. प्रॉपर्टी के बारे में ज्यादा डिटेल्स के लिए कृपया ऑथराइज्ड ऑफिसरः रमन जोशी से कॉन्टेक्ट करें। कॉन्टेक्ट नंबरः 7838293620

यह सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के रूल 8(6) के तहत 30 दिनों का एक कानूनी सेल नोटिस भी है।

दिनांक : 28.10.2025
स्थान : फतेहाबाद

अधिकृत अधिकारी
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

# छठ पूजा में शामिल होकर श्रद्धा और दिव्यता का हुआ अनुभव : रेखा

### दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद योगेंद्र चंदोलिया और विधायक राजकुमार चौहान के साथ यहां सम्मिलित होकर इस पावन पर्व की आभा में सहभागी बनी: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**आस्था**

**छठ पूजा ना केवल पूर्वांचल बल्कि दिल्ली की भी सांस्कृतिक पहचान है। यह हमारी सामूहिक आस्था और एकता का प्रतीक भी है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज मंगोलपुरी के बापू पार्क में आयोजित महापर्व छठ पूजा में श्रद्धा और दिव्यता का अनुभव हुआ। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में बताया कि दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद योगेंद्र चंदोलिया और विधायक राजकुमार चौहान के साथ यहां सम्मिलित होकर इस पावन पर्व की आभा में सहभागी बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व की यह उज्ज्वल परंपरा आज संपूर्ण दिल्ली में नई ऊर्जा, आशा और उत्साह का संचार कर रही है। छठी मैया से प्रार्थना है कि उनकी असीम कृपा से दिल्ली सदा सुखी, समृद्ध और प्रगतिशील रहे। हर घर में उजाला, हर दिल में विश्वास और हर जीवन में नई ज्योति बनी रहे। कई वर्षों के बाद दिल्ली में छठ पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। सचदेवा ने सभी को छठ की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पोस्ट में कहा कि यह पर्व हमारी भारतीय संस्कृति में सूर्योपासना, संयम और श्रद्धा का अनुपम प्रतीक है, जो समाज को एकता, पवित्रता और समर्पण का संदेश देता है। भगवान भास्कर के अस्त होने के साथ उदित हुई आस्था, छठी मैया के जयघोषों से गुंजायमान रहा जान्हवी तट सूर्योपासना के महापर्व छठ की संध्या पर सोमवार को लोक आस्था अपने चरम पर दिखाई दी। जब अस्ताचलगामी भगवान भास्कर बादलों की ओट में छिपे थे, तब भी व्रतधारी भक्तों के श्रद्धाभाव में तनिक भी विचलन नहीं आया। वे करबद्ध हाथों और विनयपूर्ण नेत्रों से अदृश्य सूर्यदेव को छठपूजा का पहला अर्घ्य निवेदित करते रहे। भक्तों ने अपने अर्घ्य से यह सिद्ध किया कि सूर्य केवल आकाश में नहीं, विश्वास के अंतरिक्ष में भी उदित होता है। उस क्षण गंगा की तरंगें, व्रतियों की प्रार्थनाएँ और आकाश की निस्तब्धता, सब मिलकर एक अद्भुत सांध्य-संगीत रच रही थीं। जहां भक्ति, प्रकृति और प्रकाश एक ही भाव में समाहित हो गए थे।

## भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है छठ महापर्वः मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली। मुख्यमंत्री** रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली पहली बार छठ महापर्व को इतनी भव्यता और श्रद्धा के साथ मना रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हर व्रती और श्रद्धालु के लिए सुगम, सुरक्षित और दिव्य वातावरण सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को एक्स पोस्ट में कहा कि आज यमुना तट न केवल पूर्वांचल की आस्था से आलोकित है, बल्कि दिल्ली के बदलते स्वरूप का प्रतीक भी बना है। छठ का प्रसाद हमारी संस्कृति की सबसे सुंदर अभिव्यक्तियों में से एक है। डाला में जब माताएं-बहनें स्नेह से प्रसाद सजाती हैं तो वह क्षण भक्ति, संयम और समर्पण का जीवंत प्रतीक बन जाता है। छठ का प्रसाद सिर्फ अन्न नहीं, आस्था का अंश है जो हर घर में शांति, संतोष और मंगल का संदेश लेकर आता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने यमुना की स्वच्छता को आस्था और संकल्प का आंदोलन बनाया है। परंपरागत नालों को टैप कर गंदे पानी को सीधे नदी में जाने से रोका गया है। पुराने एसटीपी का पुनरुद्धार किया गया और नई अत्याधुनिक एसटीपी परियोजनाएं तेजी से बन रही हैं।



## मुठभेड़ के दौरान पुलिस के काबू आया झपटमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बदमाश व पुलिस के बीच इन दिनों ही रही मुठभेड़ के क्रम में ताजा मुठभेड़ राजौरी गार्डन थाना क्षेत्र में हुई। यहां मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने एक झपटमार को दबोचा। आरोपित की गिरफ्तारी से पुलिस ने झपटमारी के पांच मामलों को सुलझाने का दावा किया है। इस मामले में पुलिस ने एक कार, दो स्कूटी , एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और 15,000 रुपये की नकद बरामद किए हैं। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त दारादे शरद भास्कर ने बताया कि 22 अक्टूबर को दर्ज एक मामले की छानबीन के दौरान आरोपितों का पता लगाने के लिए जब पुलिस तकनीकी जांच में जुटी थी तब सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण में वारदात में प्रयुक्त कार का रजिस्ट्रेशन नंबर पता चला। इस कार का मालिकाना हक सोनू के पास पाया गया, जिसे तुरंत हिरासत में लिया गया।

# एक नवंबर से दिल्ली में गैर-दिल्ली पंजीकृत वाणिज्यिक माल वाहनों की एंट्री बैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण को देखते हुए सभी गैर-दिल्ली पंजीकृत वाणिज्यिक माल वाहनों में शामिल हल्का वाणिज्यिक वाहन (एलजीवी), मध्यम माल वाहन (एमजीवी) भारी माल वाहन (एचजीवी) यदि बीएस-छह अनुरूप नहीं हैं, ऐसे वाहन एक नवंबर से दिल्ली के अंदर प्रवेश नहीं कर सकेंगे, इन पर सख्ती से प्रतिबंध लगेगा।
वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के आदेश पर अमल करते हुए परिवहन विभाग ने साफ किया है कि सभी बीएस-छह वाणिज्यिक माल वाहनों को 31-अक्टूबर 2026 तक की अवधि के लिए दिल्ली में प्रवेश की अनुमति है, इन पर प्रतिबंध नहीं है। मगर इसके बाद ये भी प्रतिबंधित होंगे। उसके बाद इन वाहनों की श्रेणी में केवल इलेक्ट्रिक वाहनों को ही दिल्ली में अनुमति होगी।
परिवहन विभाग ने यह भी साफ किया है कि वाणिज्यिक माल वाहनों पर ग्रेप के विभिन्न चरणों के प्रतिबंध उस अवधि तक लागू रहेंगे, जब तक कि वह विशेष चरण लागू रहेगा।



वहीं दिल्ली की पड़ोसी राज्यों से मिलती सीमाओं पर परिवहन विभाग और यातायात पुलिस उन सभी 126 सीमा प्रवेश बिंदुओं पर स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरे भी लगाए जाएंगे।
सीएक्यूएम के आदेश का पालन करते हुए ये कार्यान्वयन एजेंसियां तिमाही अनुपालन रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेंगी। परिवहन विभाग ने प्रतिबंधित वाहनों को पकड़ने के लिए 48 टीमें बनाई हैं जो दिल्ली की सीमा वाले मार्गों पर तैनात रहेंगी। इस आशय का निर्णय सीएक्यूएम की एक उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया।
इस बैठक में एक अन्य निर्णय के व्यावसायिक वाहनों को कुछ छूट दी गई है।
इलेक्ट्रिक, सीएनजी, एलएनजी और बीएस छह के साथ- साथ अब बीएस चार इंजन वाले हल्के, मध्यम, भारी व्यावसायिक वाहनों को भी 31 अक्टूबर 2026 तक संचालित करने की छूट दे दी गई। लेकिन बीएस चार से नीचे के किसी वाहन को एक नवंबर से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में परिचालन की अनुमति नहीं मिलेगी।

## कॉग्निजेंट न्यू दिल्ली मैराथन का टाइटल स्पॉन्सर होगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कॉग्निजेंट आगामी न्यू दिल्ली मैराथन के संस्करण का मुख्य प्रायोजक (टाइटल स्पॉन्सर) होगा। यह मैराथन भारत की प्रमुख एम्स -प्रमाणित राष्ट्रीय मैराथन है और एशिया की सबसे भरोसेमंद लंबी दूरी की दौड़ों में से एक मानी जाती है। आयोजन 22 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इस घोषणा को आज आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा किया गया, जिसका संचालन राजेश वरियर, अध्यक्ष ग्लोबल ऑपरेशंस एवं चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, कॉग्निजेंट इंडिया और नगराज अडिगा, चेयरमैन और प्रबंध निदेशक - एनईबी स्पोर्ट्स ने किया। इस अवसर पर सुश्री मीनाक्षी लेखी, पूर्व राज्य मंत्री (विदेश मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय), भी मौजूद रहीं। कॉग्निजेंट न्यू दिल्ली मैराथन एक महत्वपूर्ण साझेदारी का प्रतीक है, जो विश्व स्तर पर सम्मानित तकनीकी और प्रोफेशनल सेवाओं की कंपनी और देश के सबसे प्रतिष्ठित जनसहभागिता वाले खेल आयोजनों में से एक के बीच स्थापित हुई है।



# छह साइबर अपराधी गिरफ्तार, कई राज्यों में फैला था ठगी का जाल

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिले की साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए छह शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो लंबे समय से ऑनलाइन ठगी, सेक्सटॉर्शन, फर्जी बैंक खातों की बिक्री और पुराने सिक्कों की आड़ में लोगों को ठगने के अपराध में लिप्त थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरशद पुत्र जुम्मा और वसीम पुत्र नजर, दोनों निवासी गांव चित्तौड़ा थाना फिरोजपुर झिरका (जिला नूंह), आमिर पुत्र बरकत निवासी गांव लफूरी थाना बिछौर (जिला नूंह), साबिर खान पुत्र हुसैन खान निवासी गांव खड़ घोलट थाना पहाड़ी (राजस्थान), जलालुद्दीन पुत्र फजरुद्दीन निवासी बन्दापुर जोड़ियां थाना चोपनकी (अलवर, राजस्थान) तथा सत्यम सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी जालौन (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार ये सभी आरोपी विभिन्न राज्यों में फैले साइबर ठगी के नेटवर्क का हिस्सा थे, जो मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के जरिये लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर चुके हैं।

पुलिस जांच में सामने आया कि अरशद और वसीम फर्जी मोबाइल नंबरों और सिम कार्डों का प्रयोग करते हुए खुद को बैंक प्रतिनिधि या सरकारी अधिकारी बताकर लोगों को कॉल और मैसेज भेजते थे। वे केवाईसी अपडेट, खाता ब्लॉक होने या इनाम जीतने का लालच देकर



ओटीपी और बैंक डिटेल हासिल कर खातों से रकम उड़ा लेते थे। आमिर पुत्र बरकत का कार्य-क्षेत्र और भी खतरनाक था ,जो सोशल मीडिया पर नकली महिला प्रोफाइल बनाकर पुरुषों को फंसाता था और फिर अश्लील वीडियो कॉल कर रिकॉर्डिंग बनाकर ब्लैकमेल करता था। आरोपी लोगों से रुपये ऐंठने के लिए उन्हें बदनाम करने की धमकी देता था। वहीं साबिर खान पुत्र हुसैन खान पुराने सिक्कों और नोटों की बिक्री के नाम पर ठगी करता था। वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर "ओल्ड कॉइन सेल" के नाम से पेज बनाकर दुर्लभ सिक्कों की बिक्री का झांसा देता और फिर एडवांस भुगतान लेते ही गायब हो जाता था।जलालुद्दीन पुत्र फजरुद्दीन का काम दूसरों के लिए फर्जी बैंक खाते खुलवाना था। वह पहचान छिपाकर बैंक खाता और एटीएम किट तैयार करता था, जिन्हें बाद में अन्य साइबर अपराधियों को बेच दिया जाता था। इन खातों का प्रयोग ठगी की रकम ट्रांसफर करने के लिए किया जाता था। वहीं सत्यम सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह जालौन (उत्तर प्रदेश) से इस नेटवर्क का संचालन करता था। वह ऑनलाइन लेन-देन के जरिए ठगी गई रकम को विभिन्न डिजिटल वॉलेट और क्रिप्टो खातों में ट्रांसफर करने में विशेषज्ञ था। साइबर क्राइम थाना नूंह की टीम ने आरोपियों के कब्जे से कई मोबाइल फोन, 20 से अधिक फर्जी सिम कार्ड, बार कोड, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, और ठगी में इस्तेमाल किए गए अन्य डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि गिरफ्तार आरोपियों के संपर्क हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में सक्रिय अन्य साइबर गिरोहों से हैं। तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि आरोपी ठगी की रकम अलग - अलग राज्यों के बैंक खातों और ई-वॉलेट में भेजकर ट्रेल मिटाने की कोशिश करते थे। कई अंतराज्यीय नंबरों और आईपी एड्रेस की पहचान कर ली गई है, जिन पर आगे जांच जारी है।

# प्रतिबंधित 120 बोतल कोडीन सिरप सहित नशा तस्कर काबू



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह पुन्हाना (लियाकत अली ):** नूंह जिले के थाना बिछौर पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक युवक को 120 बोतल प्रतिबंधित कोडीन सिरप सहित काबू किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस की एक टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवा बरामद की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से सीएस स्टाफ की एक टीम होडल - पुन्हाना रोड पर स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज के सामने मौजूद थे । उसी दौरान सूचना मिली कि नियाजउद्दीन पुत्र अब्दुल निवासी खेडली मन्ना थाना पहाड़ी राजस्थान नामक व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की सप्लाई करने का काम करता है और आज भी वह प्रतिबंधित कोडीन सिरप सप्लाई करने के लिए जुरेहड़ा रोड की ओर से मोटरसाइकिल पर

**कार्रवाई**

**आरोपी के पास रखे सफेद प्लास्टिक कट्टे से प्रतिबंध सिरप की कुल 120 बोतलें बरामद हुई**

सवार होकर कस्बा पुन्हाना की तरफ जा रहा है । सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने खेडा पुल के पास नाकाबंदी की व्यवस्था की। थोड़ी देर बाद एक युवक मोटरसाइकिल पर सफेद प्लास्टिक कट्टा रखे हुए आता दिखाई दिया । पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की जिसने अपनी पहचान उपरोक्त नियाजउद्दीन बताई। नियम अनुसार राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में आरोपी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास रखे सफेद प्लास्टिक कट्टे से प्रतिबंध सिरप की कुल 120 बोतलें बरामद हुईं। जांच करने के बाद पाया गया कि यह सिरप नशीली दवाओं की श्रेणी में आता है। आरोपी के पास किसी प्रकार का वैध लाइसेंस या परमिट नहीं मिला।

# प्राचीन 'चार-मंदिर' गांव-डाहर (पानीपत) में महादेव के त्रिशुल की हुई स्थापना -डॉ नवीन नैन भालसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः अन्तराष्ट्रीय** मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि श्री श्री 1008 स्वामी दयानन्द सरस्वति जी महाराज व हरियाणा सरकार में शिक्षा मंत्री के बड़े भाई हरपाल ढ़ाडा, भारतीय कुश्ती संघ प्रोटोकॉल अध्यक्ष एवं अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा व समस्त डाहर ग्रामवासियों के सहयोग से महादेव के त्रिशुल की स्थापना हुई। इस दौरान हरपाल सिंह ढाडा व स्वामी दयानन्द सरस्वति जी महाराज ने बताया कि भारतीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक इतिहास में पहली बार 12 ज्योतिर्लिंग, चारधाम और 12 शक्तिपीठों की महासंगम



यात्रा के उपरांत सिद्ध महादेव के तिरशूल की ऐतिहासिक गाँव डाहर (पानीपत) में गाम-राम के सहयोग से कलस शोभायात्रा निकाल कर प्राचीन "चार-मंदिर" में स्थापित किया गया व पहली बार गांव में इतनी विशाल कलस शोभायात्रा निकाली गई जिसमें गांव के हर घर से महिलाओं ने भाग लिया व हर घर से पुरुषों ने तिरशूल यात्रा में शामिल होकर गाम-राम की एकता का परिचय दिया।

इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि इससे पहले स्वर्णिम इतिहास बनाते हुए भारत व स्विट्जरलैंड में भारतीय संस्कृति व सभ्यता को विकसित करने के लिए एक साथ महादेव के त्रिशुल की स्थापना की गई,उसके साथ-साथ प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) के प्राचीन मनोकामनेश्वर मंदिर, बड़े हनुमान जी मंदिर प्रयागराज (उत्तरप्रदेश),सालासर बालाजी मंदिर (राजस्थान),हरियाणा के सबसे बड़े गांव सिसाय, हरियाणा के शिक्षा मन्त्री महिपाल ढाडा के गांव कवि,बिनैण खाप के सबसे बड़े गाँव दनौदा के बाद अब 1382 वर्ष के प्राचीन मंदिर डाहर में स्थापित होने जा रहा है। इस दौरान मंदिर कमेटी के प्रधान रमेश शर्मा व सभी पदाधिकारियों ने बताया कि पवित्र यात्रा व महादेव के त्रिशुल स्थापना का उद्देश्य भगवान शिव के प्रति आस्था को जागृत करना, सनातन संस्कृति को बढ़ावा देना और जनमानस को आध्यात्मिक ऊर्जा से प्रेरित करना है।

**विशेष बैठक**

**गाम-राम के सहयोग से कलस शोभायात्रा निकाल कर प्राचीन चार-मंदिर में स्थापित किया गया**

## निशुल्क प्रशिक्षण करवाने हेतु करें संपर्क

**पानीपत, (कमाल हुसैन)** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतु हरियाणा कौशल विकास मिशन के माध्यम से विभिन्न प्रकार के निशुल्क प्रशिक्षण करवाने हेतु जिसमें सहायक सौंदर्य चिकित्सक, सहायक हेयर ड्रेसर और स्टाइलिस्ट, ब्राइडल फैशन और पोर्टफोलियो मेकअप कलाकार, स्व-नियोजित दर्जी, सहायक फाल्स सीलिंग और ड्राईव शामिल है।

# टीम संतोष द्वारा आयोजित 100 मीटर रेस में जिलाध्यक्ष मनदीप राणा पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** टीम संतोष अंबाला द्वारा पांचवी 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता गांव बरनाला के बाबा गेंदा सिंह ग्राउंड की आयोजित की गई जिसमे मुख्य अतिथि के तोर पर जिला अध्यक्ष मनदीप राणा , मनीष आनंद, कमलजीत सरपंच बरनाला, प्रदीप सरपंच धनकौर, गुरविंदर सग्गू बलदेव नगर, गोपी नंबरदार, ललित शर्मा संजीवनी जनसेवा सोसाइटी, मयंक मल्होत्रा समाजसेवी, अनमोल सोबती युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, अमन शर्मा समाज सेवी, वरिंदर नाथ समाज सेवी , ने पहुँच कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया और टीम संतोष



को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी टीम संतोष ने इस दौड़ में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को मेडल्स से समानित किया इस दौड़ में 114 स्कूल से 498 बच्चों ने भाग लिया जिसमे 4 जिलो के बच्चे आए थे। संतोष अपने सभी साथियों जतिंदर शर्मा , गौरव , मेधावी , शिवम, सचिन, उर्वशी , दीक्षा, तेजवीर, प्रशांत, अक्षय, अवधेश, राहुल ,उदित सभी साथियो का इस प्रतियोगिता को बहुत ही बढ़िया तरीक से सम्पन करने पर सभी साथियों का तह दिल से धन्यवाद किया। अंबाला पुलिस का भी तह दिल से धन्यवाद जिन्होंने अपना पूरा सहयोग दिया ।

# सैनिक स्कूल कुंजपुरा में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि सैनिक स्कूल कुंजपुरा में प्रवेश परीक्षा 2026 के माध्यम से सैनिक स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए कक्षा छठी व कक्षा नौवीं में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। पात्र विद्यार्थी 30 अक्टूबर तक इन कक्षाओं में दाखिले हेतु आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा का आयोजन माह जनवरी, 2026 को होगा। यह परीक्षा ओएमआर शीट पर बहुविकल्पीय प्रश्नावली के रूप में होगी। उपायुक्त ने बताया कि कक्षा छठी में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि पहली अप्रैल, 2014 तथा 31 मार्च, 2016 (दोनों तिथियां मान्य) के बीच होनी चाहिए। कक्षा नौवीं में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि पहली अप्रैल, 2011 तथा 31 मार्च, 2013 (दोनों तिथियां मान्य) के बीच होनी चाहिए। कक्षा नौवीं में दाखिले के समय बच्चे का मान्यता प्राप्त स्कूल से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उपायुक्त ने बताया कि कक्षा छठी के लिए, लगभग 120 सीटों (108 लड़के व 12 लड़की वन) तथा कक्षा नौवीं के लिए 20 सीटों (18 लड़के व 2 लड़की) पर दाखिले होंगे।

उन्होंने बताया कि कुल सीटों का 15 प्रतिशत, 7.5 प्रतिशत और 27 प्रतिशत क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के लिए आरक्षित है। बकाया सीटों का 25 प्रतिशत रक्षाकर्मियों (भूतपूर्व सैनिकों सहित) के बच्चों के लिए आरक्षित है। 67 प्रतिशत सीटें हरियाणा के बच्चों के लिए तथा 33 प्रतिशत सीटें अन्य राज्यों के लिए आरक्षित हैं। छठी कक्षा में प्रवेश के लिए गणित, सामान्य ज्ञान (विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन), भाषा और बुद्धि परीक्षण (इंटेलिजेंस) विषयों से संबंधित 125 प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा कुल 300 अंकों की होगी और इसकी समयावधि 150 मिनट होगी।

# अमेरिका से डिपोर्ट हुए 50 भारतीयों में करनाल के 16 युवक शामिल

**इंद्री, 27 अक्टूबर (मैनपाल कश्यप)** अमेरिका से 50 भारतीय नागरिकों को डिपोर्ट किया गया है, जिनमें हरियाणा के करनाल जिले के 16 युवक शामिल हैं। इन्हीं में से एक हैं संगोही गांव निवासी रजत, जो लंबी जद्दोजहद और लाखों रुपये खर्च करने के बाद आखिरकार अपने गांव लौट आया है। रजत ने बताया कि वह पिछले साल 26 मई को अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए अमेरिका के लिए रवाना हुआ था। परिवार ने बेटे के सपनों को साकार करने के लिए दुकान और प्लॉट तक बेच दिए। अमेरिका पहुँचने की इस कोशिश में रजत ने करीब 45 लाख रुपये खर्च किए। रजत के अनुसार, वह और 12-13 युवकों का एक ग्रुप पनामा के जंगलों के रास्ते से अमेरिका पहुँचा। उन्होंने बताया जंगलों में कई-कई दिन पैदल चलना पड़ता था। जहां भी



कोई गाड़ी मिलती, वहीं से आगे बढ़ते थे।

रास्ता बहुत खतरनाक था, लेकिन उम्मीद थी कि वहाँ पहुँचकर कुछ बेहतर कर पाएंगे। रजत ने बताया कि वह 2 दिसंबर को अमेरिका की सीमा पार कर चुका था। उन्हें लगभग 1-13 दिन तक हिरासत में रखा गया, फिर दूसरे स्थान पर भेजा गया। रजत ने कहा 20 अक्टूबर को हमें बताया गया कि अब भारत वापस भेजा जाएगा। हमारे साथ किसी भी तरह का गलत सलूक नहीं हुआ, लेकिन हालात बहुत मुश्किल थे। अब भारत लौटने के बाद रजत ने ठान लिया है कि वह अपने पिता की हलवाई की दुकान पर काम करेगा और परिवार को फिर से संभालेगा। उसके पिता लंबे समय से मिठाई और खाना बनाने का काम करते हैं। परिवार ने कहा कि उन्होंने बेटे को विदेश भेजने के लिए जो कुछ था, सब लगा दिया था, लेकिन अब वे खुश हैं कि बेटा सुरक्षित घर लौट आया है।

## न्यूज़ फ्लैश

### अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा राज्य के अनुसूचित जाति वर्ग से सम्बन्धित युवाओं एवं युवतियों को स्वरोजगारोन्मुखी व्यवसायों से जोड़ने के उद्देश्य से रूरल सेल्फ एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के माध्यम से नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जिला अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के जिला प्रबंधक डाक्टर बिजेंद्र श्योरण ने बताया कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहायक ब्यूटी थेरेपिस्ट (पुरुष एवं महिला दोनों हेतु), सहायक हेयर ड्रेसर एवं स्टाइलिस्ट (पुरुष एवं महिला दोनों हेतु), ब्राइडल फैशन एवं पोर्टफोलियो मेकअप आर्टिस्ट (केवल महिला हेतु), स्वरोजगार दर्जी (पुरुष एवं महिला दोनों हेतु), सहायक फॉल्स सीलिंग एवं ड्राईवॉल इंस्टॉलर (केवल पुरुष हेतु) इत्यादि पाठ्यक्रम सम्मिलित हैं। पात्रों को कुछ मानदंड पूरे करने होंगे जिसमें: प्रशिक्षणार्थी की आयु 18 से 42 वर्ष के मध्य हो। वह हरियाणा राज्य का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति वर्ग से सम्बन्धित हो। प्रशिक्षणार्थी की परिवार पहचान पत्र में सत्यापित वार्षिक आय 3 लाख रुपये तक हो। शैक्षणिक योग्यता लिए सहायक ब्यूटी थेरेपिस्ट, सहायक हेयर ड्रेसर एवं स्वरोजगार दर्जी हेतु न्यूनतम 8वीं पास तथा सहायक फॉल्स सीलिंग एवं ड्राईवॉल इंस्टॉलर तथा ब्राइडल फैशन एवं पोर्टफोलियो मेकअप आर्टिस्ट हेतु न्यूनतम 10वीं पास होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम,जिला प्रबंधक गीता मंदिर रोड गीता कालोनी, गीता नर्सरी स्कूल बिल्डिंग प्रथम तल पानीपत में आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र (8वीं अथवा 10वीं), जाति प्रमाण पत्र, 02 पासपोर्ट आकार फोटोग्राफ के साथ जमा करवा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30.10.2025 निर्धारित की गई है अधिक जानकारी हेतु दूरभाष नंबर 0180-2635406 पर संपर्क किया जा सकता है।

### सरकार की दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ उठाएं पात्र महिलाएं: शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** हरियाणा सरकार महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर संकल्पित है। महिलाओं के उत्थान को लेकर सरकार ने अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू करते हुए उन्हें प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित होगी। पात्र महिलाएं इस योजना का लाभ लेने के लिए अपना पंजीकरण जरूर करवाएं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग और हर क्षेत्र का बिना भेदभाव के समान रूप से विकास को लेकर संकल्पित है। सरकार विशेष रूप से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनेक योजनाएं लागू की हुई हैं। इनमें से हाल ही में शुरू की गई दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के माध्यम से पात्र महिलाओं को नवंबर माह से प्रतिमाह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। विधायक ने बताया कि प्रदेश में 5 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वयं सहायता समूहों की 2.77 लाख से अधिक महिलाओं की पहचान लखपति दीदी बनाने के लिए की जा चुकी है। महिला उद्यमिता और आर्थिक स्वतंत्रता के उद्देश्य से 18 दिसम्बर, 2024 को पानीपत से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीमा सखी योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत चयनित महिला एजेंट को स्टाइफंड के तौर पारिश्रमिक दिया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसी तरह लाडो सखी योजना बेटी बचाओ बेटी बचाओ अभियान को गति देने के लिए शुरू की गई है। वहीं राज्य की सभी महिला सरपंचों को उनके गांव का ब्रांड एम्बेसडर बनाने का निर्णय भी लिया गया है। इनके अलावा भी सरकार ने अनेक योजनाएं लागू कर रखी हैं जो कि महिलाओं के उत्थान में काफी कारगर साबित हो रही हैं।

### घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः** जिले की क्राइम यूनिट वेस्ट सीआईए-1 की पुलिस ने घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सुरेंद्र उर्फ बिल्लू, निवासी राठधाना, हाल पटेल नगर, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। आरोपित को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मामले की जानकारी के अनुसार, 16 मार्च 2025 को सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना सेक्टर-27 में शिकायत दी थी कि सुबह करीब साढ़े छह बजे गांव राठधाना के मोनू, बिल्लू, उसका भतीजा विनय और 50-60 अन्य लोग हथियारों सहित उनके घर का गेट तोड़कर अंदर घुस गए। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

# क्लासीफाइड

## सरपंच, ग्राम पंचायत ताजपुर

**खण्ड बापौली, जिला पानीपत (सरपंचः दलीप कुमार)**
**मो.80533-03028**

यह है कि ग्राम पंचायत कि बैठक में सरपंच ने बताया कि गांव की विभिन्न गलियों को रिपेयर हेतु खण्ड जेई द्वारा अस्टिमेट तैयार कर दिया गया है। जिनकी मजदूरी की अनुमानित लागत तय कि जा चुकी है जिसके आधार पर अखबार में इश्तिहार दिया जाता है। ताकि जेई द्वारा तय मजदूरी में कार्य किया जा सके जो निम्न प्रकार से है।

| गली का विवरण | अनुमानित मजदूरी लागत |
|---|---|
| 1. ब्राह्मण चौपाल से पाला सुपुत्र रघुबीर के घर तक | 49367/- |
| 2. श्री ओम के मकान से श्मशैदगीर तक | 77320/- |
| 3. राजेश त्यागी के मकान से मोहन सुपुत्र श्रीराम के घर तक | 39226/- |
| 4. हरिचन्द सुपुत्र दीपचन्द के मकान से मनोज सुपुत्र ओमप्रकाश के मकान तक | 69548/- |
| 5. हरिजन चौपाल से रामकिशन सुपुत्र हजारी के मकान तक | 56129/- |

अतः उपरोक्त मजदूरी के आधार पर इच्छुक व्यक्ति ठेकेदार द्वारा कोटेशन दी जा सकती है। कोटेशन डाक अथवा व्हाट्सप के माध्यम से 7 दिनों में जा सकती है।

**नोटः यह लागत केवल अनुमानित है इसे घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है सबसे कम कोटेशन वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।**

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## पब्लिक नोटिस

**आमजन को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डिकाड़ला में अम्बेडकर भवन निर्माण व शौचालय निर्माण करवाया जाना है, जिसकी लेबर रेट की कोटेशन As Per HSR-2023 को आधार मानते हुए की जानी है। इच्छुक फर्म एवं ठेकेदार दिनांक 27-10-2025 से 30-10-2025 तक श्याम 5 बजे तक बंद लिफाफे में कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति के कार्यलय समालखा में जमा करवाने का कष्ट करें।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# टूटी सड़कों के विरोध में संयुक्त सड़क सुरक्षा मंच का सरकार व प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

**नारेबाजी**

**गुहला में लोगों की जान जा रही परंतु सरकार व प्रशासन बना हुआ है असंवेदनशील**



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज यहां अपनी पूर्व घोषणा के मुताबिक संयुक्त सड़क सुरक्षा मंच ने शहर में लम्बे समय से टूटी सड़कों के विरोध में शहीद उधम सिंह चौक चीका के पास स्टेट हाई वे पर 3 घंटे तक सांकेतिक जोरदार रोष प्रदर्शन किया और सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना देने से पूर्व संघर्ष समिति के सदस्यों ने शहीद उधम डूबसह चौक पर उधम डूबसह को श्रद्धांजली भेंट की। इसी दौरान गुहला हलका में सड़क दुर्घटनाओं में मरे लोगों को नमन किया गया और चोटिल हुए लोगों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना भी की गई। धरने व प्रदर्शन का नेतृत्व संयुक्त सड़क सुरक्षा मंच के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट जीवानन्द कौशिक ने की। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में सरकार व प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि चीका शहर सहित गांवों की भी टूटी हुई सड़कें खूनी सड़कें साबित हो रही हैं परंतु सरकार पूरी तरह से असंवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने बताया कि सड़कों पर हुए हादसों में आधा दर्जन से अधिक लोग अपनी जान गंवा बैठे हैं और घायल हो रहे लोगों की संख्या तो न जाने कितनी होगी। उन्होंने कहा कि शायद ही कोई दिन जाता हो, जब गांवों की तरफ जाने वाले छोटे छोटे लिंक रोड़ों पर भी हादसे न हो रहे हों। कौशिक ने कहा कि लगता है कि सरकार व प्रशासन गूंगा व बहरा हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मांग की कि गुहला हलके की तरफ विशेष ध्यान दिया जाए और यहां नई सड़कें बनाने के साथ साथ आम लोगों को आ रही अन्य समस्याओं को भी हल किया जाए। प्रदर्शन के दौरान मंच के एक वरिष्ठ सदस्य नरेश ढांडे ने कहा कि आज गुहला हलके की यह स्थिति है कि वह विकास के नाम पर पूरी तरह से पिछड़ गया है और पंजाब सीमा से सटे हुए जिला कैथल के हलके गुहला की बद से भी बदतर हालत हो गई है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग रोजमर्रा की समस्याओं से जूझ रहे हैं परंतु सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। समाजसेवी डा. साहब सिंह संधू ने कहा कि भाजपा सरकार की आज 'नाम बड़ा और दर्शन छोटेइ जैसी स्थिति हो गई है। उन्होंने गुहला चीका में सड़कों की बदहाली बारे बात करते हुए कहा कि अब तो कैथल पटियाला वाया चीका स्टेट हाई वे पर पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। उन्होंने कहा कि लोग सड़कों को बनाने व उनकी मुरम्मत करने की मांग करके व ज्ञापन देकर थक चुके हैं परंतु कहीं भी किसी भी स्तर पर कोई सुनवाई नहीं है, जिसके चलते संयुक्त सड़क सुरक्षा मंच को सरकार की आंखें खोलने के लिए पिछले दस दिनों में दूसरी बार रोष प्रदर्शन करना पड़ा है। उन्होंने चेताया कि यदि सरकार ने अब भी लापरवाही दिखाई और सड़कें न बनाई, तो फिर नेताओं के पुतले फूंकने व गड्ढों में भाजपा के झंडे गाडने जैसे बड़े कदम उठाने जैसे कड़े फैसले लिए जाएंगे। बाद में मंच की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एस.डी.एम. गुहला को एक ज्ञापन सौंपा और टूटी सड़कें तुरंत बनवाने की मांग की। इस अवसर पर एस.डी.एम. कैप्टन प्रमेश डूबसह ने मंच के सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनके ज्ञापन को आज ही चंडीगढ़ भिजवा दिया जाएगा।

क्या कहना है आम जनता का:
टूटी सड़कों को लेकर शहर की आम जनता ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।
समाजसेवी व शहरवासी सागर भारद्वाज, सुखपाल राणा, भूपेंद्र जैलदार, राजपाल राणा, जगदेव सिंह, सोनू, हरदेव सिंह, पाल, गुरध्यान सिंह आदि ने जहां पिछले दिनों गड्ढे भरने के लिए सड़क सुरक्षा मंच का आभार जताया, वहीं सरकार व प्रशासन की आलोचना की।

# केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा के कार्यालय का उद्घाटन

**उद्घाटन**

**विधायक जगमोहन आनंद, योगेंद्र राणा व प्रवीण लाठर सहित नेताओं ने में डाली आहुति**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा के हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण परिसर में स्थित कार्यालय का सोमवार को उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हवन.यज्ञ व मंत्रोच्चारण करते हुए कार्यालय की विधिवत शुरूआत की गई। हवन-यज्ञ के अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सुखीजा, बृजभूषण गुप्ता, कृष्ण गर्ग, अशोक भंडारी, पार्षद संकल्प भंडारी, गुलाब सिंह मूनक, रघुमल भट्ट, साहिल मदान, आशीष मित्तल तथा शुभम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने आहुति डाली और कविंद्र राणा को शुभकामनाएं दीं। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा के कार्यालय का विधिवत शुभारंभ हुआ है। इसके लिए कविंद्र राणा सहित सभी कार्यकताओं को बधाई देता हूं। कार्यालय की शुरूआत से करनाल संसदीय क्षेत्र के लोगों को केंद्रीय मंत्री तक अपनी बात पहुंचाने व अपनी समस्याओं का निवारण करवाना सुगम होगा। कार्यालय की स्थापना लघु सचिवालय की निकटता को ध्यान में रखकर की गई है। पार्किंग के लिए भी कार्यकताओं व आमजन को सुविधा रहेगी।असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने कविंद्र राणा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने आमजन की समस्याओं के निवारण के लिए प्रतिनिधि के तौर पर अहम जिम्मेदारी दी है। कविंद्र राणा पिछले एक वर्ष से अधिक समय से आमजन व केंद्रीय मंत्री के बीच कड़ी का कार्य कर रहे हैं और कर्ण कमल व स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से अपना कार्य कर रहे थे।

# कांगथली गांव में फौजी के घर से लाखों के गहने चोरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला उपमंडल के गांव कांगथली में चोरों ने एक फौजी के मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सोने के गहने चोरी कर लिए। इस दौरान फौजी डयूटी पर गया हुआ था और उसकी पत्नी अपने बच्चों के साथ मायके गई थी नतीजतन जब वह वापस लौटी, तो मकान के ताले टूटे हुए मिले और सामान घर में बिखरा था। इस संबंध में महिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

लड़की के पास पंजाब गई थी सास:
कांगथली गांव की रहने वाली गुरविन्द्र कौर ने सीवन थाना में दी शिकायत में बताया कि उसका पति लवजीत सिंह भारतीय सेना में नौकरी करता है। उसके पास दो लड़कियां हैं। वह अपनी सास मनजीत कौर व अपने बच्चों के साथ रहती है। बीते सप्ताह वह अपने बच्चों को लेकर माता पिता के पास तरावड़ी जिला करनाल में गई हुई थी। उसकी सास मनजीत कौर अपनी लड़की बलजीत कौर के पास गांव दयालगढ़ जिला पटियाला पंजाब में गई थी। उसने बताया कि 26 अक्तूबर को वह अपने घर पहुंची, तो देखा कि मकान के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।

करीब पांच लाख का नुकसान:
गुरविंद्र कौर ने बताया कि जब वह आई, तो कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा पड़ा था व सारा सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात आरोपी उनके घर में अलमारी के अन्दर से 2 सोने की चैन, एक सोने का ब्रेसलेट, सोने की चूडि ?ां, 3 जोड़ी टोप्स, 5 अंगूठी व अन्य सामान चोरी करके ले गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें करीब पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस:
सीवन थाना के जांच अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में महिला ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# विधार्थियो को 8 हजार से लेकर 12 हजार रुपए तक मिलता है वजीफा

**तोशाम, (वंदना शर्मा )**
**तोशाम, 27अक्टूबर** -एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) ने बताया कि विधार्थियो को 8 हजार से लेकर 12 हजार रुपए तक वजीफा मिलता है। अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग से सम्बन्धित संस्थाओं एवं सोसाईटीज को भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।लाभार्थियों को 30 नवम्बर तक आवेदन करना जरूरी है। वहीं अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग से सम्बन्धित संस्थाओं को सामुदायिक भवन, शैक्षणिक अथवा सामाजिक कार्यों के प्रयोग, निर्माण एवं रख-रखाव के लिए अनुदान दिया जाता है।उन्होंने बताया कि डा.अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अन्तर्गत सभी वर्गों के छात्र/छात्राओं में उत्कृष्टता की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु मैट्रिकोत्तर कक्षाओं में कक्षावार प्रतिशतता के आधार पर 8,000/- रुपए से लेकर 12,000/- रुपए तक दिए जाने का प्रावधान है।

# माँ गंगा के दर्शन, स्नान करने पहुंचे प्राचीन शिव मंदिर के भक्त




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** प्राचीन शिव मन्दिर न्यू चार चमन करनाल में चल रही कार्तिक मास की कथा में प्रातः हवन यज्ञ करके पूर्ण आहुति डाली गई। प्रातः 6 बजे सभी श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए दो बसों में बैठकर चले। बस को गंगा स्नान के लिए रवाना करते हुए धार्मिक सलाहाकार देव शिष्य सुभाष गुरेजा ने हरी झण्डी दिखाई। 6 बजे लगभग 110 श्रद्धालु डीलक्स बसों में बैठकर भजन कीर्तन करते हुए सहारनपुर बोबी के ढाबे पर पहुंच कर नाश्ता किया। बसों में सवार होकर भजन कीर्तन करते हुए हरिद्वार, बरनाला धर्मशाला में पहुंचे। हर की पौड़ी पर पहुंच कर पं. शिव बिलास द्विवेदी ने पूजा अर्चना करवाई। हर हर गंगे, हर हर महादेव के जयघोष करते हुए गंगा स्नान किया। सांय 5 बजे हरिद्वार से भजन संकीर्तन करते हुए करनाल के लिए रवाना हुए। रात्री 11 बजे सभी श्रद्धालुओं ने प्राचीन शिव मंदिर में विश्राम लिया।
भजन संकीर्तन करने वालों में इंचार्ज शाम चुटानी, प्रधान बलराज भारती के नेतृत्व में प्रभु की महिमा का गुणगान किया।

**न्यूज फ्लैश**

## डेंगू जांच के लिए निर्धारित 600 रुपये से अधिक शुल्क वसूलने वाले निजी अस्पतालों पर होगी कार्रवाई: एस.डी.एम

**प्रमोद भार्गव**
**गुहला चीका।** एस.डी.एम. गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह ने बताया कि इन दिनों में डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियां अधिक फैलने की संभावना होती है। हरियाणा सरकार द्वारा एलिसा एन.एस. 1 डेंगू जांच के लिए 600 रुपए निर्धारित किए हुए हैं। इस दौरान निजी अस्पतालों में डेंगू की जांच के नाम पर अधिक शुल्क वसूली की शिकायतें प्राप्त होंगी, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आमजन को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान भी चलाया जा रहा है। गुहला में अभी तक डेंगू के तीन केस कंफर्म हुए हैं। कैप्टन प्रमेश सिंह ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में डेंगू जांच प्रयोगशालाओं में मरीजों की डेंगू जांच के साथ-साथ अस्पतालों में भर्ती डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। यदि प्लटेलेट्स निजी अस्पतालों से लेनी पड़ती है, तो खर्च का भुगतान प्रदेश सरकार द्वारा भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन दिनों में मलेरिया व डेंगू आदि होने का खतरा बना रहता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी टीमों का गठन कर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लोगों को डेंगू के लक्षणों तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मच्छरों की वजह से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया तथा जापानी बुखार होने का अंदेशा बना रहता है। मच्छर जनित हॉट स्पॉट की पहचान करें तथा प्रत्येक रविवार को रविवार को ड्राई डे मनाया जाए, जिसके अंतर्गत घर, ऑफिस या निर्माण स्थल पर जलभराव न होने दें। यदि कहीं पुराने टायरों में पानी भरा हो, तो उसकी सफाई करवाई जाए। इस अवसर पर एसएमओ गुहला डाक्टर प्रीति डूबसगला ने कहा कि यदि शरीर के किसी हिस्से से खून आना आदि डेंगू होने का लक्ष्य हो सकता है। इसके अतिरिक्त मलेरिया के मुख्य लक्षण ठंड लगकर कंपकंपी के साथ बुखार आना, पसीने के साथ बुखार का उतर जाना, शरीर में दर्द होना, सिरदर्द व उल्टी आना शामिल हैं। चिकनगुनिया के मुख्य लक्षण अचानक ठंड लगकर बुखार आना, जोड़ों में अत्यधिक दर्द व अकड? होना, सिरदर्द व उल्टी आना, शरीर पर गुलाबी चकते उभरना शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जापानी बुखार के मुख्य लक्ष्य अचानक तेज बुखार आना, उल्टीयां आना, जोड़ों में बहुत ज्यादा दर्द होना, दौरे पड ?ा, शारीरिक हलचल करते समय शरीर में अकड? होना शामिल है। उन्होंने कहा कि ऐसे लक्षण दिखाई पड? पर तुरंत गुहला अस्पताल में सम्पर्क करें और जांच करवाएं।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया छठ महापर्व का खरना



**गुरुग्राम।** भारतीय संस्कृति के महानतम पर्वों में से एक महापर्व छठ पूजा की शुरूआत पूरे देश में भक्तिमय माहौल के साथ हो चुकी है। इसी क्रम में सुशांत लोक आर डब्ल्यूए के अध्यक्ष दीपक वर्मा जी के निवास स्थान पर सोमवार को खरना पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। पूजा स्थल पर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने परंपरागत विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शहर के अनेक प्रमुख नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुग्राम विधायक के पुत्र श्री अनुज शर्मा जी, पार्षद आरती अनिल यादव जी, विषणु खन्ना, संजय टनङन , भाजपा जिला सचिव भावना जी , डाक्टर रवि रंजन, बी एन गुप्ता अरुण वर्मा, अमित सिंघल, दीपक सुद, विजय गुप्ता, संजय वर्मा, विनोद वर्मा ,उदय मेहता, संतोष गुप्ता अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सम्मिलित होकर छठ माता का आशीर्वाद लिया। पूरे आयोजन में भक्तिमय भजन, पारंपरिक गीतों और दीपों की रौशनी ने वातावरण को आलोकित कर दिया। सुशांत लोक आर डब्ल्यू ए की ओर से छठ पूजा के मुख्य कार्यक्रम के लिए भी विशेष तैयारियाँ की जा रही हैं।

# कांसापुर के रोहित ने 2.15 मीटर ऊंची कूद लगाकर जीता सिल्वर मेडल



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर,धर्मबीर-**
झारखंड की राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में 24 से 26 अक्तूबर तक आयोजित चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में यमुनानगर जिले के कांसापुर निवासी रोहित ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2.15 मीटर ऊंची कूद लगाकर रजत पदक (सिल्वर मेडल) अपने नाम किया। सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद रोहित ने यह उपलब्धि अपने जुनून, लगन और अथक मेहनत के बल पर हासिल की है। पिता के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद रोहित ने हिम्मत नहीं हारी। उसने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पैसे तक नहीं थे, परंतु स्थानीय साथियों और शुभचिंतकों ने मदद का हाथ बढ़ाया।
फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. विकास कुमार, कोच चंद्रपाल राणा, साथी खिलाड़ी पुनीत गुर्जर, एडवोकेट अमित देशवाल और अंबिका प्लाईवुड ने आर्थिक सहायता दी, जिसके बल पर वह रांची पहुंच सका।
कोच चंद्रपाल राणा ने बताया कि रोहित पिछले कई महीनों से तेजली खेल परिसर में नियमित अभ्यास कर रहा था। उसकी मेहनत और अनुशासन का नतीजा है कि आज उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह मुकाम हासिल किया है।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने दी छठ पर्व की बधाई

**छठ पूजा**

**सूर्य हमारे जीवन में एक प्रकाश पुंज है, जिसकी हम आराधना करते हैं और यह कामना करते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** केन्द्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने प्रदेशवासियों को छठ पूजा की बधाई देते हुए कहा कि आज के दिन सूर्य देवता को अर्घ्य दिया जाता है। सूर्य हमारे जीवन में एक प्रकाश पुंज है, जिसकी हम आराधना करते हैं और यह कामना करते हैं कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में प्रकाश लेकर आए।
मनोहर लाल सोमवार को करनाल प्रवास के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई गई है। प्रदेश सरकार निरंतर जनता के सुख-सुविधाओं के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

सही व कानूनी तरीके से ही युवा जाएं विदेश : मनोहर लाल
केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने युवाओं के डंकी रूट से विदेश जाने के मामले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह तरीका युवाओं और उनके परिवारों के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सही और कानूनी तरीके से ही विदेश जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के माध्यम से युवाओं को सही तरीके से विदेश में काम करने के लिए भेजा जा रहा है।

किसान मंडियों में धान सुखाकर लाएं
धान खरीद पर पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार अधिक वर्षा के कारण धान की फसल गीली है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे मंडियों में धान को सुखाकर लाएं, ताकि धान की खरीद सुचारू रूप से की जा सके।

स्वतंत्र और निष्पक्ष लोकतंत्र के लिए उचित मतदाताओं को ही मिले वोट का अधिकार
एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए उचित मतदाताओं को ही वोट डालने का अधिकार होना चाहिए। गलत मतदाता यदि कहीं दर्ज हो जाता है तो उसका वोट कटना चाहिए। जनतंत्र को बनाए रखने के लिए गलत मतदाताओं के वोट काटने का फैसला चुनाव आयोग का है और समय.समय पर आयोग द्वारा इस संबंध में कार्य किए जाते हैं। इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, केंद्रीय मंत्री मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर व भाजपा वरिष्ठ नेता बृजभूषण गुप्ता सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मनोहर लाल ने बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक और संग्रहालय का किया भूमि पूजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर ,**
धर्मवीर - यमुनानगर जिले के लोहगढ़ साहिब में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बाबा बंदा सिंह बहादुर शहीद स्मारक और संग्रहालय का भूमि पूजन किया। इस दौरान मौके पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा और पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर समेत तमाम नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में गतका कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति पेश की। कैबिनेट मंत्री केंद्रीय मनोहर लाल खट्टर ने बाबा बंदा सिंह के बहादुरी के किस्से लोगों को सुनाए। उन्होंने कहा की बाबा बंदा सिंह बहादुर ने समाज के लिए अतुल्यनीय काम किया है। मनोहर लाल ने कहा की लोहगढ़ साहिब में 20 एकड़ में बाबा बंदा सिंह का शहीदी स्मारक इसके अलावा म्यूजियम मार्शल आर्ट और थिएटर भी बनेगा। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ पर हरियाणा सरकार की तरफ से इस काम के लिए दिए जा रहे हैं। काम शुरू करने के लिए चार करोड़ रुपए ट्रस्ट के पास आ चुके हैं। जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा।
मुख्यमंत्री रहते हुए मनोहर लाल खट्टर ने सरस्वती नदी को धरातल पर उतरने के लिए आज बदरी से कम शुरू किया था उन्हें के प्रयासों से यहां सरस्वती विकास बोर्ड बनाया जा चुका है काम की विधि में रफ्तार पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वह अब मुख्यमंत्री नहीं है अब क्षेत्र के विकास की कमान नए मुख्यमंत्री नेम सिंह सैनी के हाथों में सौंप दी गई है जल्द ही आदि बद्री और कपालमोचन में विकास के कार्यों में रफ्तार देखने को मिलेगी।
मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने हरियाणा और हिमाचल की सीमा पर कलेसर गांव के नजदीक एक बांध बनाने का निर्णय लिया था जिस पर उन्होंने कहा अभी सेंट्रल वाटर कमीशन बांध की संभावना पर काम कर रहा है। हिमाचल उत्तराखंड उत्तर प्रदेश और हरियाणा चारों राज्यों की सरकारों के साथ सेंटर वाटर कमीशन समन्वय बनवा रहा है आने वाले समय में कलेसर बांध का काम जमीन स्तर पर दिखाई देने लगेगा। मनोहर लाल खट्टर ने बिहार चुनाव में बीजेपी की जीत का दावा भी किया है। उन्होंने कहा की नीतीश कुमार के गठबंधन के साथ बिहार में भाजपा दोबारा से सरकार बनाने जा रही है।

# महान कर्मयोगी इंसान थे डॉ मंगल सेन: लाठर



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** आज डॉ. मंगलसेन की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं द्वारा डा. मंगल सेन ऑडिटोरियम के प्रांगण में स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।
भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डा. मंगल सेन महान कर्मयोगी इंसान थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा आज जिस मुकाम पर है, उसके पीछे डा. मंगल सेन का संघर्ष रहा है। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर 1927 को डा. मंगल सेन का जन्म सरगोधा के झांवरिया गांव में हुआ था, जो आज पाकिस्तान में है। जिलाध्यक्ष ने डॉ. मंगल सेन को राजनीतिक शुचिता का प्रतीक बताते हुए कहा कि डा. मंगल सेन का व्यक्तित्व निर्भीक और सत्यनिष्ठा से परिपूर्ण था।

भुलाया नहीं जा सकता डा मंगलसेन के अमुल्य योगदान को : जगमोहन आनंद
विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि सभी कार्यकताओं को डॉ. मंगल सेन के जीवन से प्रेरणा लेकर संस्कारी बनने और सामाजिक सरोकारों से जुड? का आह्वान करते हुए डॉ. मंगल सेन को सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक क्षेत्र में एक अद्वितीय योगदानकर्ता बताया। उन्होंने डॉ. मंगल सेन सत्य और सेवा का प्रतीक बताते हुए कहा कि डॉ. मंगल सेन जन नेता और हरियाणा के लोकप्रिय नेता के शिक्षा क्षेत्र में डॉ.मंगल सेन के अमूल्य योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

## संपादकीय

# संघ विरोध की सेकुलर ग्रंथि

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फिर से निशाने पर है। कर्नाटक सरकार ने पंचायती राज विभाग के कर्मचारी को संघ के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के कारण निलंबित कर दिया है। कर्नाटक सरकार के वरिष्ठ मंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बेटे प्रियंक खरगे ने भी कहा है कि केंद्रीय सत्ता में आने पर वे संघ को प्रतिबंधित कर देंगे। दरअसल केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर लागू सेंट्रल सिविल सर्विसेज कंडक्ट 1964 के अंतर्गत कर्मचारियों के संघ के कार्यक्रमों में भाग लेने पर प्रतिबंध था। इस आदेश को नौ जुलाई, 2024 को केंद्र द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन में संशोधित किया गया। निषिद्धता में बदलाव हुआ। संघ को अब प्रतिबंधित सूची से हटा दिया गया था। केंद्र और राज्य के कर्मचारियों के सेवा नियम अलग-अलग हैं। कर्नाटक के कर्मचारियों को संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने से रोका गया है। संघ की गतिविधियों को रोकने की यह कोशिश उचित नहीं है। ऐसा प्रयास संविधान विरोधी भी है। नौ जुलाई 2024 के बाद संघ के कार्यक्रम में भाग लेने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। संघ की गतिविधियों को लेकर हिंदुत्व के विरोधी स्वाधीनता आंदोलन के समय से ही सक्रिय हैं। ऐसे तत्व सेकुलरवाद के नाम पर हिंदू संस्कृति और परंपरा पर हमलावर रहते हैं। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने भी सेकुलरिज्म के नाम पर संघ के पथ संचरण कार्यक्रम पर रोक लगाई थी। स्टालिन सरकार ने संघ के कार्यक्रम को रोकने के लिए रास्ते में मस्जिद और चर्च होने के सामान्य अमान्य तर्क दिए और कार्यक्रम की अनुमति देने से इनकार किया, तब मद्रास उच्च न्यायालय ने उनके इस कृत्य पर कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था, "संघ को अनुमति देने से मना करने का निर्णय संविधान के विरुद्ध है और लोकतंत्र के भी असंगत है। सरकार का निर्णय मौलिक अधिकारों के भी विरुद्ध है।" उसके भी एक साल पहले स्टालिन सरकार ने ऐसा ही किया था। संघ ने गांधी जयंती और आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन की अनुमति मांगी थी। राष्ट्रवाद के विरोधी मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसकी भी अनुमति नहीं दी थी। संघ ने तब भी न्यायालय की शरण ली थी। खास बात यह है कि स्टालिन ने सनातन परंपरा को भी मलेरिया, डेंगू, कोरोना आदि बताया था। संघ 100 साल का हो चुका है। इस अवधि में संघ ने सारी दुनिया में विशेष प्रतिष्ठा हासिल की है। संघ का मूल आधार हिंदुत्व है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने हिंदुत्व को भारत की जीवन पद्धति बताया था। हिंदुत्व किसी रिलीजन या उपासना पद्धति का नाम नहीं है। भारत में सुदीर्घ काल से चली आ रही संस्कृति और उस पर आधारित जीवन पद्धति का नाम है हिंदुत्व। संघ इसी विचारधारा को लेकर राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुटा हुआ है। संघ ने पूरे देश में हिंदुत्व का वातावरण बनाने में सफलता पाई है। यह बात छद्म सेकुलरवादियों को खलती है। सेकुलर भारतीय विचार नहीं है। यह विचार यूरोप से आया था। सेकुलर शब्द का अर्थ इहलोकवादी, प्रत्यक्ष, भौतिक और सांसारिक होता है। इसका अर्थ है इस संसार में जो कुछ भी भौतिक दिखाई पड़ रहा है वही सही है। इस विचार के अनुसार हिन्दू आस्था गैर सेकुलर हैं। ईश्वर प्रत्यक्ष नहीं होता।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# बिहार से राहुल की दूरी, महागठबंधन के लिये खतरे का संकेत तो नहीं

संजय सक्सेना

> लब्बोलुआब है कि कांग्रेस और गांधी परिवार की रणनीति अवसरवाद से भी प्रेरित नजर आती है  जीत की उम्मीद हो तो प्रचार में पूरी ताकत, हार की आशंका हो तो दूरी। इस रवैये के चलते कांग्रेस प्रत्याशी कमजोर पड़ सकते हैं, और महागठबंधन को चुनावी लाभ नहीं मिलेगा। राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी की राजनीति अब इस हद तक पारंपरिक हो गई है कि मुश्किल की घड़ी में मुद्दों से किनारा करने में गुरेज नहीं। बिहार चुनाव में अगर महागठबंधन हारता है, तो उसकी जिम्मेदारी तेजस्वी यादव, राजद और अन्य स्थानीय दलों के ऊपर डाली जा सकेगी।

बिहार विधानसभा चुनाव के इस महत्वपूर्ण दौर में गांधी परिवार, विशेषकर राहुल गांधी, शुरू में काफी एक्टिव नजर आए थे, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आया, उनकी सक्रियता में जबरदस्त कमी देखी जा रही है। शुरूआत में कांग्रेस के बड़े नेता प्रचार के लिए बिहार पहुंचे, कई चुनावी सभाएं की, समर्थकों को जोश दिलाया और गठबंधन के विजन का प्रचार किया। लेकिन हाल के दिनों में पूरा गांधी परिवार, चाहे वह सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी या स्वयं राहुल गांधी हों, मंच से गायब हैं। गांधी परिवार ने बिहार से ही दूरी नहीं बना ली है, वह अपने बिहार के नेताओं से भी संपर्क में नहीं है। यह बदलाव केवल फुटेज की राजनीति नहीं, बल्कि इसके पीछे कुछ सियासी समीकरणों की भूमिका मानी जा रही है। कांग्रेस इस चुनाव में महागठबंधन के हिस्से के तौर पर लगभग 55-60 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सीटों की साझेदारी को लेकर शुरू से ही जद्दोजहद रही थी, पर महागठबंधन यानी आईएनडीआई गठबंधन के तहत तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सभी घटक दलों ने सीटों को बांटा, जिसमें कांग्रेस को अपेक्षाकृत कम सीटें मिलीं। यह खुद को राष्ट्रीय पार्टी मानने वाली कांग्रेस के लिए किसी न किसी रूप में सीमित प्रभाव का प्रतिबिंब है।

राहुल गांधी एवं गांधी परिवार की दूरी के कई कारण सामने आ सकते हैं। पहला कारण यह है कि शुरूआत में भले ही गठबंधन ऑल इंडिया स्तर पर सशक्त दिख रहा था, लेकिन बिहार की जमीनी राजनीति में जैसे-जैसे चुनावी हवा बनी, कांग्रेस और महागठबंधन की स्थिति उतनी मजबूत नहीं दिखी। जेडीयू और बीजेपी के कुशल प्रचार, मोदी सरकार की योजनाओं की चर्चा और एनडीए के एकजुट नेतृत्व के सामने विपक्षी दलों में बिखराव नजर आया। ऐसे में संभव है कि राहुल गांधी ने सोचा हो कि बिहार का चुनाव अगर उन्हीं के चेहरे के साथ लड़ा गया, तो हार की जिम्मेदारी उनके ऊपर आ सकती है। इसलिए वह चुनावी मैदान से



**राहुल गांधी एवं गांधी परिवार की दूरी के कई कारण सामने आ सकते हैं। पहला कारण यह है कि शुरूआत में भले ही गठबंधन ऑल इंडिया स्तर पर सशक्त दिख रहा था, लेकिन बिहार की जमीनी राजनीति में जैसे-जैसे चुनावी हवा बनी, कांग्रेस और महागठबंधन की स्थिति उतनी मजबूत नहीं दिखी। जेडीयू और बीजेपी के कुशल प्रचार, मोदी सरकार की योजनाओं की चर्चा और एनडीए के एकजुट नेतृत्व के सामने विपक्षी दलों में बिखराव नजर आया। ऐसे में संभव है कि राहुल गांधी ने सोचा हो कि बिहार का चुनाव अगर उन्हीं के चेहरे के साथ लड़ा गया**

खुद को दूर रखकर हार का ठीकरा तेजस्वी यादव या अन्य नेताओं के सिर जाने देना चाहते हैं, ताकि आगे के चुनावों में अपनी छवि बचाई जा सके। दूसरी बात ये भी सामने आती है कि गांधी परिवार का प्रभाव बिहार की राजनीति में उतना मजबूत नहीं है, जितना उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश या राजस्थान में है। बिहार में कांग्रेस की जमीनी पकड़ पिछले दो दशकों में कमजोर हुई है, और नई नेतृत्वकारी शक्ति के तौर पर तेजस्वी यादव उभर रहे हैं।

ऐसे में अगर गांधी परिवार खुलकर मैदान में आता, तो चुनाव मोदी बनाम राहुल गांधी के तर्ज पर भी लड़ा जा सकता था, और एनडीए को ये मौका मिलता कि वे राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता को चुनौती दें। शायद इसी आशंका से बचने के लिए गांधी परिवार ने किनारा कर लिया, ताकि चुनाव सिर्फ बिहार के स्थानीय नेताओं के मुद्दों से लड़ा जा सके, न कि राहुल गांधी की राष्ट्रीय छवि के चश्मे से।

गांधी परिवार के इस कदम से कांग्रेस प्रत्याशियों को नुकसान होना तय है। चुनावी सभाओं में बड़े नेता की गैरमौजूदगी कार्यकताओं और आम वोटरों में निराशा पैदा करती है। कांग्रेस के प्रत्याशी उम्मीद करते हैं कि राष्ट्रीय नेतृत्व, विशेषकर गांधी परिवार, उनके प्रचार में भाग लेगा, सभा करेगा, जिससे मीडिया में खबर बनेगी और कार्यकर्ता उत्साहित होंगे। गांधी परिवार से दूरी कांग्रेस के प्रत्याशियों को जमीनी समर्थन और प्रचार में पिछाड़ सकती है। साथ ही, महागठबंधन के घटक दलों और वोट ट्रांसफर में भी संकोच आ सकता है, क्योंकि गठबंधन कार्यकताओं को नेतृत्व की स्पष्टता चाहिए होती है। रैली और प्रचार में राहुल की गैर-मौजूदगी ने निश्चित तौर पर कार्यकताओं में मायूसी भर दी है। एक पहलू ये भी है कि चुनाव प्रचार में गैर-मौजूद रहकर गांधी परिवार ने कांग्रेस को चुनावी हार से सीधा लिंक करने से बचा लिया है। अगर तेजस्वी यादव गठबंधन की हार के मुख्य चेहरे बनते हैं, तो राष्ट्रीय मोर्चे पर राहुल गांधी को इतनी आलोचना नहीं झेलनी पड़ेगी। इसमें रणनीतिक सोच भी छिपी है कि आगामी लोकसभा या अन्य राज्यों के चुनाव से पहले राहुल गांधी की छवि बची रहे। कई राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि बिहार चुनाव का माहौल अगर मोदी बनाम राहुल गांधी बन जाता, तो भाजपा को ह्यनेशनलाइजह्ण मुद्दा मिलता, जिससे एनडीए अपने राष्ट्रीय नेतृत्व को उभारता और विपक्षी गठबंधन तुष्टिकरण, बेरोजगारी या स्थानीय मुद्दों की जगह राष्ट्रीय नेतृत्व की तुलना में फंस जाता। गांधी परिवार का किनारा करना इस रणनीतिक सोच का हिस्सा भी हो सकता है कि वे बिहार के चुनाव को सिर्फ बिहार के स्थानीय नेतृत्व का मामला बनने देना चाहते हैं।

लब्बोलुआब है कि कांग्रेस और गांधी परिवार की रणनीति अवसरवाद से भी प्रेरित नजर आती है  जीत की उम्मीद हो तो प्रचार में पूरी ताकत, हार की आशंका हो तो दूरी। इस रवैये के चलते कांग्रेस प्रत्याशी कमजोर पड़ सकते हैं, और महागठबंधन को चुनावी लाभ नहीं मिलेगा। राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी की राजनीति अब इस हद तक पारंपरिक हो गई है कि मुश्किल की घड़ी में मुद्दों से किनारा करने में गुरेज नहीं। बिहार चुनाव में अगर महागठबंधन हारता है, तो उसकी जिम्मेदारी तेजस्वी यादव, राजद और अन्य स्थानीय दलों के ऊपर डाली जा सकेगी। गांधी परिवार एक बार फिर अपने को चुनाव के मैदान से दूर रख लोकसभा चुनाव के लिए खुद को अपराजित दिखाने की कोशिश करेगा। यानी बिहार का चुनाव मोदी बनाम गांधी परिवार की राष्ट्रीय लड़ाई बनता-बनता रह गया, और स्थानीय नेतृत्व ही केंद्रीय फोकस बन गया।

# फिर चर्चा में हलाल सर्टिफिकेशन

**रोहित माहेश्वरी**

**उत्तर** प्रदेश में हलाल सर्टिफिकेशन एक बार फिर चर्चा में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में हलाल-प्रमाणित उत्पादों की बिक्री और खरीद पर हाल ही में लगे प्रतिबंध का पुरजोर बचाव किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे प्रमाणन से जुटाई गई राशि का आतंकवाद , लव जिहाद और धर्मांतरण के लिए दुरुपयोग" किया जा रहा था। आरएसएस शताब्दी समारोह में बोलते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि हलाल प्रमाणन सरकारी नियंत्रण से बाहर एक समानांतर, अनियंत्रित प्रणाली बन गई थी। यूपी में हलाल सर्टिफिकेशन को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री  के बयान के बाद हलाला सर्टिफिकेट पर राजनीति गरमा गई है। विपक्षी दलों ने निशाना साधा है। ज्ञात हो कि नवंबर 2023 में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर हलाल प्रमाणन वाले खाद्य उत्पादों के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर रोक लगा दी थी, जबकि निर्यात के लिए निर्मित उत्पादों को छूट दी गई थी। हलाल सर्टिफिकेशन के खिलाफ लखनऊ में देश का पहला केस दर्ज किया गया था। इसमें 4 के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की गई थी। हलाल एक अरबी शब्द है, जिसका अर्थ होता है वैध या अनुमति प्राप्त। आमतौर पर यह शब्द मांस के संदर्भ में प्रयोग किया जाता है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, हलाल तरीके से मांस तैयार करने में जानवर को झटके से नहीं काटा जाता, बल्कि धीरे-धीरे उसकी गर्दन से खून निकाला जाता है। इससे शरीर में ब्लड क्लॉटिंग नहीं होती और पूरा खून बाहर निकल जाता है। ऐसे मांस को इस्लाम में जिबह कहा जाता है और इसी मांस को खाना जायज माना गया है। हालांकि, अब हलाल शब्द सिर्फ मांस तक सीमित नहीं रहा। आजकल खाने-पीने, कॉस्मेटिक और दवाओं तक में यह सर्टिफिकेशन दिया जाता है ताकि यह साबित हो सके कि उनमें कोई हराम तत्व (वर्जित चीज) नहीं है. यानी कि हलाल सर्टिफिकेशन एक तरह का ह्यपवित्रता प्रमाणपत्रह्ण है, जो बताता है कि उत्पाद इस्लामिक मान्यताओं के अनुरूप है और सभी धर्मों के लोग इसे बेझिझक इस्तेमाल कर सकते हैं। मुस्लिम धर्मगुरुओं के अनुसार, हलाल सर्टिफिकेशन सिर्फ मांस ही नहीं, बल्कि खाने-पीने, दवाओं और कॉस्मेटिक उत्पादों से भी जुड़ा है। भारत में हलाल सर्टिफिकेशन अनिवार्य नहीं है, बल्कि यह एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है – यानी खाद्य निमार्ता को इसे लेना आवश्यक नहीं है। भारत में हलाल सर्टिफिकेशन को सरकार द्वारा राष्ट्रीय मानक के रूप में नियंत्रित नहीं किया गया है। भारत में हलाल सर्टिफिकेट जारी करने का कोई सरकारी तंत्र नहीं है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई) केवल खाद्य सुरक्षा से संबंधित मानक तय करता है, लेकिन हलाल सर्टिफिकेट नहीं देता। देश में हलाल सर्टिफिकेशन की सिर्फ 4 संस्थाएं हैं। चारों इस्लामी हैं।भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय ने ही इन निजी संस्थाओं को हलाल सर्टिफिकेशन के लिए अधिकृत किया है।

## विचार

# - शताब्दी वर्ष समरस व समर्थ भारत का संकल्प

**राजेश कुमार**

**कल्पना** कीजिए–साल 1925। देश अंग्रेजी शासन की बेड़ियों में जकड़ा है, और एक व्यक्ति, नागपुर की भूमि पर 17 लोगों के साथ यह संकल्प लेते हैं मैं भारत की आजादी के साथ साथ हिंदुओं का संगठन    करूंगा ह्व जो संघ की प्रारंभ की प्रतिज्ञा से स्पष्ट है मैं भारत को स्वतंत्र, समृद्ध और वैभवशाली राष्ट्र बनाने के लिए तन, मन, धन अर्पित करूँगा। उस समय यह विचार न किसी राजनितिक नारे के रूप में था न किसी विरोध के आंदोलन के रूप में , बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का बीज था , जिसे डॉ केशव बलिराम  हेडगेवार ने बोया ' आज सौ वर्ष बाद वही बीज एक विराट वटवृक्ष का रूप ले चुका है -सेवा ,संगठन ,संस्कारों और समाज परिवर्तन के विस्तार के रूप में ' डॉ हेडगेवार नेकेवल यह नहीं कहा कि समाज का संगठन होना चाहिए , बल्कि यह भी बताया कि यह कैसे संभव है ' उन्होंने कोई भाषण या उपदेश मात्र नहीं दिया , बल्कि एक व्यवस्थित पद्धति तंत्र विकसित किया -शाखा ' यह शाखा केवल शारीरिक व्यायाम का स्थान नहीं थी बल्कि एक ऐसे राष्ट्रीय पुनर्जागरण का मंच थी जहाँ व्यक्ति में अनुशासन , देशभक्ति और सेवा का संस्कार पैदा किया गया ' तीसरे सरसंघचालक बाला साहब देवरस के शब्दों में "जहाँ हिन्दू वहां शाखा - जहाँ शाखा वहां विजय ' "वह कहते थे " शाखा महिलाओं की सुरक्षा और राष्ट्र की सुरक्षा की भावना की जीवंत अभिव्यक्ति है '  एक घंटे की यह शाखा समय के साथ व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण की प्रयोगशाला बन गई। आज, जब संगठन अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तो यह देखना अत्यंत प्रेरणादायक है कि डॉ. हेडगेवार का स्वप्न केवल विचारों में सीमित नहीं रहा- वह व्यवहार में बदल चुका है। संघ ने अपने सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्पष्ट कहा है कि "सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी" बनना है। अर्थात - संघ का विचार प्रत्येक गाँव, बस्ती, व्यक्ति तक पहुँचे। इस लक्ष्य के लिए बनाई गई कार्य योजना भी उतनी ही व्यावहारिक है। हरियाणा दिसंबर 2025 में प्रत्येक घर (50,000 अधिक) तक संपर्क करना और फरवरी 2026 में हर मंडल ( 8 से 10 गाँवों का समूह) व हर बस्ती (8/10 हजार आबादी) में "हिंदू सम्मेलन" यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में बाँधने का प्रयास है। केवल कहा नहीं तो उसकी योजना के परिणाम स्वरूप हरियाणा विजयदशमी पर सभी 257 नगरीय इकाइयों की 1443 में से 1398 बस्ती (97%) तथा ग्रामीण 882 में से 862 मंडल (98%) 6701 में से 4016 (60%) गांव के 84519 स्वयंसेवकों ने 2925 घोष वादक (फ२२ इंल्ला), स्वयंसेवक परिवारों से 57065 (9886 महिला) तथा 1062 विशेष व्यक्तित्व-दर्शकों की उपस्तिथि में 1111 कार्यक्रम सम्पन्न किए।

हरियाणा जैसे प्रगतिशील राज्य में, जहाँ किसान, सैनिक, खिलाड़ी और युवक-युवती ऊर्जा का प्रतीक हैं, वहाँ इस विचार का विस्तार समाज में नई चेतना जगाने का माध्यम बन रहे हैं। विजयादशमी जैसे पर्व पर जब शाखाएँ, सम्मेलन और संवाद आयोजित हो रहे हैं, तो यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि संघ के सौ वर्ष की दिशा में आत्ममंथन और आत्मनिवेदन है। भविष्य की योजनाओं का आधार है।

विजयदशमी का प्रतीक सदैव धर्म की अधर्म पर विजय का रहा है- आज यह विजय है, असंगठन पर संगठन की उदासीनता पर जागरूकता की और विघटन पर एकता एकात्मता समानता समर सता की।

डॉ. हेडगेवार का दृष्टिकोण देश को सशक्त बनाने के लिए केवल राजनीति नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग में संगठन की भावना आवश्यक है। उन्होंने कभी किसी पद या सत्ता की आकांक्षा नहीं की– उनका एक ही लक्ष्य था, संगठित समाज के माध्यम से सशक्त राष्ट्र। पथ का अंतिम लक्ष्य नहीं है सिंहासन चढ़ते जाना

सब समाज को लिए साथ में आगे है बढते जाना ।।

यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना सौ वर्ष पूर्व था। समाज तभी सशक्त होगा जब उसमें एकता, समरसता, अनुशासन और आत्मविश्वास होगा। शाखा की व्यवस्था ने यही गुण समाज के भीतर गहराई तक पहुँचाए

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर – 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)

स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

ई–मेल : actionindiaharyana@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की भाव दृष्टि*

**विवेक रंजन**

**संस्कृत** साहित्य के आदि स्रोत के रचयिता, महाकाव्य परंपरा के प्रवर्तक, करुणा रस के जन्मदाता महर्षि वाल्मीकि की भाव दृष्टि भारतीय काव्य चेतना का मूलाधार है। जब एक क्रौंच जोड़े के वियोग में व्याकुल होकर उनके हृदय से स्वतः स्फुरित हुआ *मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमःशाश्वतीः समाः। यत्क्रौंचमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्॥*

तब केवल एक श्लोक का जन्म नहीं हुआ, बल्कि संपूर्ण भारतीय काव्य परंपरा का उद्गम हुआ। यह श्लोक उनकी भाव दृष्टि का प्रतीक है, जहाँ करुणा, न्याय और सौंदर्य का अद्भुत संगम है।

महर्षि वाल्मीकि की भाव दृष्टि का केंद्रीय तत्व करुणा है। रामायण का प्रारंभ ही करुणा से होता है। एक निरीह पक्षी की हत्या देखकर उन का हृदय द्रवित हो उठा। यह करुणा केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण जीव जगत के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दशार्ती है। रामायण में सीता के वनवास, भरत की विरह व्यथा, उर्मिला का मौन त्याग, शबरी की भक्ति, और जटायु का आत्मबलिदान, सभी प्रसंगों में करुणा रस की अविरल धारा प्रवाहित होती है। महर्षि वाल्मीकि ने दिखाया कि करुणा  दुर्बलता नहीं, बल्कि मानवता का सर्वोच्च गुण है।

श्रीराम का रावण के प्रति युद्ध के बाद का व्यवहार, विभीषण के प्रति सम्मान, और यहाँ तक कि शत्रुओं के प्रति भी मानवीय दृष्टिकोण, महर्षि वाल्मीकि की करुणामय भाव दृष्टि को प्रकट करता है।     महर्षि वाल्मीकि की दृष्टि में धर्म केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि जीवन का व्यावहारिक दर्शन है।श्री राम उनके लिए मयार्दा पुरुषोत्तम मनुष्य हैं, न कि निर्दोष देवता। महर्षि वाल्मीकि ने श्रीराम को मानवीय दुर्बलताओं और संघर्षों के साथ प्रस्तुत किया। सीता निर्वासन का प्रसंग इस बात का प्रमाण है कि महर्षि वाल्मीकि ने राजधर्म और व्यक्तिगत धर्म के बीच के द्वंद्व को ईमानदारी से चित्रित किया। उनकी भाव दृष्टि में धर्म का अर्थ है सत्य, न्याय, करुणा और कर्तव्य का समन्वय है। दशरथ की भूल, कैकेयी का मोह और अहंकार, राम का आज्ञाकारी पुत्र होना , लक्ष्मण का भ्रातृ प्रेम, सभी पात्रों के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि ने दिखाया कि धर्म सदैव सरल नहीं होता, वह जटिल परिस्थितियों में कठिन निर्णय माँगता है।

# तलाक की चक्की में पिस जाती हैं दोनों की जिन्दगियाँ

डॉ. सुनील चौरसिया 'सावन'

कमियां गिनाकर तलाक चाहने वालों में कमियों की कमी होती है क्या? इस जगत में कोई दूध का धुला नहीं है। जहां सच में प्रेम होता है वहां कमी भी अच्छाई में तब्दील हो जाती है। दाग तो चांद में भी होता है जिसके दीदार को दुनिया तरसती है। डगमगाते हुए रिश्ते को संवारने के लिए एक मुस्कान काफी है, बस रिश्ता चलाने और निभाने की चाहत होनी चाहिए। पहला प्यार और पहली शादी हमेशा अद्वितीय होती है। इसे यथासंभव संजोए रखना चाहिए। तलाक से बचना चाहिए। तलाक से पति-पत्नी दोनों की ज़िन्दगियां दागदार हो जाती हैं। एक कहावत प्रचलित है, 'मरदे-मेहरारू के झगड़ा और गांव भरके रगड़ा' अर्थात पति-पत्नी आपस में लड़ेंगे, झगड़ेंगे फिर एक हो जाएंगे। उसमें तीसरे को हस्तक्षेप करना ही नहीं चाहिए। लगभग हर तलाक में तीसरे का हाथ होता है। जब पति-पत्नी के बीच में कोई तीसरा टपक जाता है तो मामला और पेचीदा हो जाता है और तिल का ताड़ बन जाता है। जहां दिल का मामला हो वहां ज्यादा दिमाग लगाना उचित नहीं होता है।

परिवार चलाने के लिए दिल चाहिए और संसार चलाने के लिए दिमाग। जिस परिवार में दिमाग दखल देता है उसी परिवार में तलाक दस्तक देता है। जहां तकरार होता है वहां दरार भी होता है और प्यार भी होता है। मैं और तुम की जगह जहां हम होता है, वहां हर ज़ख़्म का मरहम होता है। आजकल तलाक के तह में सिर्फ और सिर्फ अहम् होता है। पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते में आखिर क्यों वहम् होता है?  सावन साहित्य सेवा सदन की चाहत है- आपके मधुमय जीवन में सुख, शान्ति, स्नेह, सम्मान और सुकून की वर्षा हो। आपका जीवन मंगलमय हो। मैं अक्सर एक गीत गुनगुनाता हूं 'उम्र कट न जाए यूं ही रूठने मनाने में।'

रूठना और मनाना प्रेममय जीवन का सुगम संगीत होता है। जिस रिश्ते में यह भाव होता है उससे तलाक जैसा कुभाव कोसों दूर रहता है।

प्रेम की दुनिया अद्भुत होती है। प्रेम में हार मानने वाला ही विजेता होता है। जहां झुकाव होता है वहां लगाव होता है। पति-पत्नी का रिश्ता बहुत ही सुकोमल होता है। इसमें बात-बात पर अनबन होती है और एक ही मुस्कान से मन की सारी गांठें खुल भी जाती हैं।

## न्यूज फ्लैश

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला :** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) का आयोजन पंचायत भवन अम्बाला शहर में किया गया। जिसमें लोकसभा सांसद श्री वरुण चौधरी ने अध्यक्ष के तौर पर तथा राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने सह अध्यक्ष के तौर पर शिरकत की और केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पिछली बैठक में जिन विषयों पर चर्चा करते हुए समीक्षा की गई थी, उस बारे भी जानकारी हासिल करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त अजय सिंह तोमर, नगर निगम कमिश्नर विरेन्द्र लाठर, मेयर शैलजा सचदेवा, नारायणगढ़ विधायक शैली चौधरी, नगर परिषद् अध्यक्ष स्वर्णजीत कौर विशेषतौर पर मौजूद रहें। बैठक में सांसदों ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, आयुष्मान भारत डिजीटल योजना, के साथ-साथ ऐजेंडे में रखे बिन्दूओं बारे विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।लोकसभा सांसद वरुण चौधरी तथा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने बैठक के दौरान डीआईओ को निर्देश दिए कि जिला अम्बाला में जो भी कार्यक्रम एवं विभिन्न विभागों द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की हुई है उन योजनाओं को डिस्ट्रिक्ट की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड व अपडेट करें ताकि आमजन को इन योजनाओं की जानकारी उपलब्ध हो सकें और वे समय रहते इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

### समाधान शिविर में नगराधीश अभिषेक गर्ग ने सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार अम्बाला :** जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश अभिषेक गर्ग द्वारा लोगों की समस्याएं सुनी गई और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। उन्होनें कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का निवारण जल्द से जल्द किया जाए और जो समस्याएं किसी कारणवश पैंडिग रह जाती है, उनका समाधान भी सम्बधिंत अधिकारी यथाशीघ्र करें ।उन्होनें कहा कि जिन समस्याओं के समाधान के लिए अगर मुख्यालय से किसी प्रकार का मार्गदर्शन या अन्य किसी प्रकार की जानकारी लेने की आवश्यकता है तो उस बारे भी कार्यवाही समय रहते पूरी करें। उन्होनें कहा कि पूरे प्रदेश में जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। समाधान शिविर में फैमिली आईडी, आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड इत्यादि से सम्बधिंत समस्याएं आई जिनके समाधान के निर्देश सीटीएम द्वारा सम्बधिंत अधिकारियों को दिए गए। वेदपाल मकान नम्बर 210 फेस 1 चण्डीगढ द्वारा जग्गी कॉलोनी में प्लांट की निशानदेही बारे, ईश्वर सिंह गांव मंगोली जट्टान द्वारा जमीन की तक्सीम करवाने बारे, बलजिन्द्र सिंह सरपंच ग्राम पंचायत मस्तपुर द्वारा पंचायती जमीन पे नजायज कब्जा रोकने बारे, पिंकी देवी निवासी गांव डंगडेरी द्वारा गली व नाला बनवाने बारे, दर्शनी देवी गांव रूपा माजरा द्वारा फैमिली आईडी से सम्बधिंत अपनी समस्या रखी।

### लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड का आईपीओ 31 अक्टूबर को खुलेगा

**नोएडा ।** लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड (कंपनी) शुक्रवार, 31 अक्टूबर, 2025 को 2 अंकित मूल्य वाले अपने इक्विटी शेयरों (इक्विटी शेयर) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (प्रस्ताव) खोलने का प्रस्ताव रखती है। एंकर निवेशक बोली की तिथि बोली/प्रस्ताव खुलने की तिथि से एक कार्यदिवस पहले, गुरुवार, 30 अक्टूबर, 2025 है। बोली/प्रस्ताव की समाप्ति तिथि मंगलवार, 4 नवंबर, 2025 है। प्रस्ताव का प्राइस बैंड रु2 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए रु 382 से रु 402 तक निर्धारित किया गया है। न्यूनतम 37 इक्विटी शेयरों, जिनका अंकित मूल्य रु 2 प्रति शेयर है, और उसके बाद 37 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं, जिनका अंकित मूल्य रु 2 प्रति शेयर है। कर्मचारी आरक्षण भाग में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर रु 19 की छूट दी जा रही है। इस प्रस्ताव में कुल रु 21,500 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया निर्गम (नया निर्गम) और कुछ मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 127,562,573 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है, जिनमें पीयूष बंसल, नेहा बंसल, अमित चौधरी और सुमीत कपाही (प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक) और एसवीएफ लाइटबल्ब (केमैन) लिमिटेड, श्रोडर्स कैपिटल प्राइवेट इक्विटी एशिया मॉरीशस लिमिटेड, पीआई ऑपर्च्युनिटीज फंड -, मैकरिची इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट शामिल हैं।

# छठ : हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र ने सूर्य मंदिर में टेका माथा

**कामना**

□ प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की, कार्यक्रमों में की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सोमवार को छठ महापर्व में करनाल के काछवा पुल पर बने सूर्य मंदिर में माथा टेका और ईश्वर से सभी की सुख.समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने लोगों को छठ महापर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि क्षेत्र के विकास में पूर्वांचल के लोगों का भी योगदान है।

हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि छठ हर्षोल्लास और देश की खुशहाली का महापर्व है, जिसे हर साल परंपरागत ढंग से पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने सूर्य मंदिर में माथा टेक कर छठ मैया से सर्व समाज की खुशहाली की कामना की है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रए हरियाणा और क्षेत्र की तरक्की में पूर्वांचल के लोगों का विशेष योगदान रहा है। लोगों से अपील की कि भविष्य में भी भाईचारा बरकरार रखते हुऐ मिलकर क्षेत्र की प्रगति में योगदान दें। उन्होंने छठ पर्व सेवा समिति मंडल की ओर से धर्मशाला के लिए सहयोग की मांग पर हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

विधानसभा अध्यक्ष ने यहां घाट निर्माण करवाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। साथ ही कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने साढ़े नौ साल के कार्यकाल में व्यवस्थाओं को मजबूत करते हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किया। उन्होंने बताया कि लोगों की मांग पर पिछले साल उत्तम नगर में भी घाट बनवाया गया। भविष्य में इसका विस्तार किया जाएगा। घरौंडा में घाट की व्यवस्था की गई है।
इस मौके पर छठ पर्व सेवा समिति मंडल की ओर से विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण को पुष्प गुच्छ देकर, पगड़ी पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उन्हें भगवान सूर्य देव का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर समिति की ओर से संरक्षक अर्जुन पंडित, उमेश चौहान, आरएस सिंह, प्रधान सुरेश कुमार यादव, उप प्रधान शत्रुघन राया, मुंशी राय, भोला राया, रामबिलास शर्मा, अरविंद यादव, महासचिव, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

# श्री राम हनुमान रामलीला समिति को मिला उत्कृष्ट मंचन सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 27 अक्टूबर (विजय कौशिक)** शहर की धार्मिक व सांस्कृतिक मंचीय संस्था श्री राम हनुमान रामलीला समिति को उत्कृष्ट मंचन सम्मान प्राप्त हुआ। समिति के सचिव हेमंत सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति को उत्तर भारत की उत्कृष्ट रामलीला मंचन सम्मान समारोह के अंतर्गत चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान किया गया। जिसमें राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़ व हरियाणा की रामलीला संस्थाएं शामिल रही और श्री राम हनुमान रामलीला समिति को सम्मान प्राप्त करने वाली हरियाणा की तीन सर्वश्रेष्ठ रामलीलाओं में शामिल किया गया। जिसके चलते न केवल समिति के सदस्यों में बल्कि सम्पूर्ण लाडवा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस के साथ ही इस सम्मान समारोह में समिति के निदेशक कुश गर्ग व राम का पात्र निभाने वाले अमित सिंघल के मंचीय गुरु और लाडवा के पूर्व दिग्गज कलाकार व निदेशक रहे स्वर्गीय रमेश कुमार पाहवा को मरणोपरांत सम्मान दिया गया। जिसे उनकी तरफ से उनकी सुपुत्री व पौत्र वंश पाहवा ने ग्रहण किया। वहीं समिति के चेयरमैन डॉ अशोक कुमार निर्मल व डायरेक्टर कुश गर्ग को रामलीला मंचन में उनके अनुभव, योगदान व बेहतरीन निर्देशन के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया।
समिति की इस उपलब्धि पर समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल समिति की नहीं बल्कि पुरे लाडवा क्षेत्र की है। क्योंकि उनके सहयोग के बिना न तो मंचन संभव है और उनके बिना इस सम्मान का भी कोई औचित्य नहीं हो सकता।

### युवा पीढ़ी नशे से दूर रहकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं: डॉ. पूर्णप्रभा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूर्णप्रभा के दिशा-निर्देशन में ह्लनशा मुक्त भारत अभियानह्व के तहत नशा मुक्ति पर आधारित एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था।
नुक्कड़ नाटक का मंचन महाविद्यालय परिसर में किया गया।

# असंध विधायक योगेंद्र राणा ने विकास कार्यों का किया उद्घाटन

**उद्घाटन**

□ सात गांवों में 1 करोड़ 83 लाख रूपए की लागत से तैयार परियोजनाओं का उद्घाटन किया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** असंध विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए विधायक योगेंद्र राणा ने सोमवार को असंध खंड के सात गांवों में लगभग 1 करोड़ 83 लाख रूपए की लागत से तैयार विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन कार्यों में प्रमुख रूप से सडकों, फिरनियों और बुनियादी ढांचों का निर्माण शामिल है, जो ग्रामीणों को बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाएँ प्रदान करेंगे।
विधायक ने अपने उद्घाटन कार्यक्रम की शुरूआत उपलाना गांव से की, जहाँ उन्होंने लगभग 66 लाख रूपए की लागत से बने विभिन्न खेतों के रास्तों का लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त, अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में चोचड़ा गांव में 14 लाख, ललैण में 30 लाख की लागत से फिरनी निर्माण, तथा बस्सी में 24 लाख रूपए की लागत से गांव की फिरनी निर्माण का उद्घाटन किया गया। वहीं, दनौली में 10 लाख 46 हजार रूपए की लागत से रास्ता निर्माण और पधाना में 6 लाख रूपए की लागत से महाराणा प्रताप खेल स्टेडियम के गेट का निर्माण भी लोकार्पित किया गया।
इसके पश्चात विधायक ने गाँव सालवन में कुल 32 लाख 62 हजार रूपए के कई महत्वपूर्ण कार्यों का उद्घाटन किया, जिसमें 12 लाख रूपए से तैयार एक्सचेंज वाली गली का निर्माण, 7 लाख रूपए की लागत से पशु अस्पताल-गौ चिकित्सालय के लिए शेड का निर्माण, 8 लाख की लागत से तैयार दो अलग-अलग गलियों का निर्माण, योगी वर्मा के घर से श्याम हलवाई की दुकान तक और वेद कश्यप के घर से दीपक कश्यप के घर तक गली निर्माण और 5 लाख 62 हजार रूपए की लागत से कुटिया के सामने ग्राउंड में शेड का निर्माण शामिल है।

### स्टड्स एक्सेसरीज लिमिटेड का आईपीओ 30 अक्टूबर को खुलेगा

**नोएडा।** स्टड्स एक्सेसरीज लिमिटेड (स्टड्स या कंपनी), गुरुवार, 30 अक्टूबर, 2025 को इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (प्रस्ताव) के संबंध में बोली/प्रस्ताव अवधि खोलने का प्रस्ताव रखती है।कुल प्रस्ताव आकार में कंपनी के कुछ मौजूदा शेयरधारकों (विक्रेता शेयरधारक) द्वारा 7,786,120 इक्विटी शेयरों (बिक्री के लिए प्रस्ताव) तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। (कुल प्रस्ताव आकार)। बिक्री के प्रस्ताव में मधु भूषण खुराना द्वारा 3,800,000 इक्विटी शेयर, सिद्धार्थ भूषण खुराना द्वारा 800,000 इक्विटी शेयर, चांद खुराना द्वारा 2,100,000 इक्विटी शेयर (एक साथ प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स) और संजय लीखा द्वारा 342,000 इक्विटी शेयर, चारु लीखा के साथ संयुक्त रूप से संजय लीखा द्वारा 258,000 इक्विटी शेयर, चारु लीखा द्वारा 249,600 इक्विटी शेयर, निशा लीखा द्वारा 100,800 इक्विटी शेयर, नैन तारा मेहता द्वारा 57,600 इक्विटी शेयर, सुनील कुमार रस्तोगी द्वारा 36,000 इक्विटी शेयर, एसई शूज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 25,920 इक्विटी शेयर शामिल हैं। अजय कुमार सखुजा (अन्य विक्रयकर्ता शेयरधारक) द्वारा सामूहिक रूप से 16,200 इक्विटी शेयर (विक्रयकर्ता शेयरधारक)।

# सच्चे मन से छठ पूजा करने पर सभी मनोकामनाएं पूरी करती है छठ मैय्या: राजीव जैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 27 अक्टूबर।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि सच्चे मन से पूजा करने वालों की छठ मैय्या सभी मनोकामनाएं पूरी करती है। यह बच्चों के स्वास्थ्य की कामना का पर्व है और मैं सभी को इसकी शुभकामनाएं देता हूं।
सोमवार को पूर्वांचलियों को छठ पूजा की बधाई देने के लिए कृपाल आश्रम के नजदीक कबीरपुर, बाबा कॉलोनी, ऋषि कॉलोनी, सिक्का कॉलोनी, राजीव नगर, चावला कॉलोनी, कालूपुर, ककरोई एवं रोहट नहर के साथ श्रीनगर सहित आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचे ।
\ राजीव जैन ने कहा कि सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर आज श्रद्धालुओं व व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मइया को नमन किया है। इस अनुष्ठान के लिए जिलेभर में रह रहे पूर्वांचल के लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि भगवान भास्कर उनके सुख-समृद्धि में वृद्धि करते हुए उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करेंगे। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से मांगी गई मनोकामना और उसके उपरांत कठिन तपस्या करने वाले पूर्वांचली नागरिकों को भगवान भास्कर निश्चित तौर पर इसका लाभ प्रदान करेंगे।
राजीव जैन ने कहा कि छठ किसी व्रत या त्योहार का नाम नहीं है। यह हमारी सृष्टि का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि छठ ऐसी तपस्या है कि जिसमें मांगने की जरूरत नहीं। व्रत करने के पीछे न कहीं लोभ है और न लालच। मन में बस एक संकल्प होता है और इस संकल्प में होती है निष्ठा और पूरी ईमानदारी। छठ की तिथि का ही कमाल है कि हवाएं रुख बदल लेती हैं, मन-मस्तिष्क में सौहार्द के भाव उत्पन्न होने लगते हैं। छठ पर्व पर घर-परिवार, गांव-शहर और मोहल्लों में मधुर आस्था का एहसास होने लगता है। उन्होंने कहा कि सोच-विचार- आचार- व्यवहार में पूरा बदलाव होता है। कार्यक्रमों में संजय ठेकेदार, शैलेन्द्र तोमर, अभिमन्यु सिंह, संतोष ठाकुर, रमा कांत पांडे, अजय चौहान, अरविंद पांडे, प्रभात, मिथिलेश, प्रमोद, प्रदीप, इंद्र मिश्रा, अभिषेक सिंह, दूध नाथ, आलोक सिंह, रमेश सिंह, कमलेश ठाकुर और काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# संत महापुरुषों का करना चाहिए मान सम्मान : रीटा सोलखे



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 27 अक्टूबर (विजय कौशिक)** इंद्री रोड स्थित श्री गुरु रविदास गुरु घर मैं गुरु रविदास जी के 15 वे मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। गुरु रविदास जी की आरती के साथ सत्संग का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गुरु रविदास वाणी प्रचारक बहन रीटा सोलखे ने शिरकत की और गुरु रविदास जी की वाणी का प्रचार किया। उन्होंने गुरु रविदास जी के जीवन के बारे में बताया और गुरु रविदास जी के भजनों से संगत को निहाल किया और कहा कि हमें संत महापुरुषों का मान सम्मान करना चाहिए और उनके बताए रास्ते पर चलकर अपना जीवन सफल बनाना चाहिए। इस अवसर पर गुरु रविदास सभा द्वारा एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। गुरु रविदास सभा द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह और सिरोपा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरु रविदास सभा के प्रधान सुबे चंद्र कटारिया, रविंद्र कटारिया, हरीश कुमार भट्टी, कमल कुमार कटारिया, रवि कटारिया, राजेश कुमार, सीमा रानी, सुषमा रानी, रिंकी रानी, प्रेमो देवी, निर्मला रानी व ईमना कुमार कटारिया सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### युवा पीढ़ी नशे से दूर रहकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं: डॉ. पूर्णप्रभा

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
सोनीपत पुलिस ने खरखौदा मे गोली मारकर पिता-पुत्र की हत्या करने के आरोप मे संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया हैं और न्यायालय मे पेश कर लिया पुलिस रिमाण्ड पर। पुलिस उपायुक्त क्राईम नरेन्द्र कादियान के मार्गदर्शन मे स्पेशल एन्टी गैंगेस्टर यूनिट सैक्टर 7 सोनीपत के ईंचार्ज निरिक्षक अजय धनखड़ ने खरखौदा मे गोली मारकर पिता-पुत्र की हत्या करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को दबोचा है। गिरफ्तार आरोपी देवराज उर्फ दीपक निवासी खरखौदा जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस पीआरओ विभाग से मिली

# हरविन्द्र कल्याण ने सुनी जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण ने सोमवार को कल्याण फार्म हाऊस पर जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुनीं व उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि उनका प्रयास है कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सके, ताकि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल सके। उन्होंने कहा कि हलके में विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। जनता को अधिक से अधिक विकास परियोजनाओं की सौगात मिले, इसको लेकर वे निरंतर प्रयासरत हैं ।जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान हरसिंगपुरा में सामुदायिक केंद्र, मकान बनाने और बुढ़ापा पेंशन से सम्बन्धित कार्य, बरसत की सभी निमार्णाधीन सडकों का कार्य तेजी से कराने, खोरा खेड़ी रोड से रायपुर जाटान सडक मरम्मत, भोला कॉलोनी व वार्ड एक में बिजली के खंबे लगाने, घरौंडा से पनौड़ी रोड को दुबारा बनवाने बारे आदि समस्याएं आईं।
विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सभी लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर ही उनका समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल समाधान करें। उन्होंने कहा कि जनता के लिए उनके द्वार 24 घंटे खुले हैं तथा घरौंडा हलके का विकास उनकी प्राथमिकता है।

# डीसी ने किसानों को अधिकारियों के साथ बैठाकर सुनी समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी , (वंदना शर्मा )**
भिवानी, 27 अक्टूबर -डीसी साहिल गुप्ता ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में अखिल भारतीय किसान सभा व मजदूर संगठन सीटू के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उनके द्वारा किसानों व मजदूरों से संबंधित समस्याएं सुनी। डीसी ने बैठक में मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।
डीसी ने अधिकारियों से कहा कि वे किसानों व मजदूरों की समस्याओं को गंभीरता से लें। डीसी ने अखिल भारतीय किसान सभा व मजदूर संगठन सीटू को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।
बैठक में किसानों की मांग पर डीसी ने आरटीओ व रोडवेज विभाग को निर्देश दिए कि वे प्राइवेट बसों में वरिष्ठ नागरिकों व विद्यार्थियों से सरकार की हिदायतों के अनुरूप किराये में छूट मिलनी चाहिए। इसके लिए प्राइवेट बस संचालकों को सख्त निर्देश जारी किए जाए। बस स्टैंड पर एसओपी चार्ट लिस्ट चस्पा की जाए और शिकायत रजिस्टर लगाया जाए, जिसमें यात्री अपनी शिकायत दर्ज कर सकें।
उन्होंने बिजली निगम को निर्देश दिए कि वे खेतों के लिए लंबित बिजली कनेक्शन शीघ्र जारी किए जाएं और ट्रांसफार्मर जलने पर शीघ्र बदला जाए। किसान को इस दौरान कोई परेशानी नही होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बिजली टावर या लाईन लगाने से पहले किसान को पूरी जानकारी दी जाए और उसका नियमानुसार मुआवजा दिया जाए।
इस दौरान डीसी के समक्ष अखिल भारतीय किसान सभा व मजदूर संगठन सीटू ने सरकारी अनाज मंडियों में बाजरा, कपास, धान व मूंग की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर शीघ्र सरकारी खरीद की मांग रखी। उन्होंने रबी फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में डीएपी / यूरिया खाद उपलब्ध करवाने, जलभराव क्षेत्रों से अतिशीघ्र जल निकासी करवाने, बाढ़ व जल भराव से बर्बाद खरीफ फसलों के नुकसान की न्यायोचित भरपाई, जिले की खरीफ फसल-2023 के बीमा की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच व किसानों को ब्याज समेत वापिस रूपए दिलवाने, किसानों के बकाया पड़े ट्यूबवेल कनेक्शन शीघ्र दिलवाने, जलभराव से खेतीहर मजदूरों, मनरेगा व निर्माण मजदूरों हुए आर्थिक नुकसान का न्यायोचित मुआवजा दिलवाने, मनरेगा कानून के तहत 600 रुपये प्रतिदिन दिहाड़ी के साथ 200 दिन का काम दिलवाने, निर्माण मजदूरों की श्रम कल्याण विभाग-बोर्ड की वेबसाइट खोली जाए व उनके द्वारा रोकी गई सुविधाओं का लाभ जारी करवाने, किसानों के खेतों में लगने वाले बिजली टावरों व गैस तेल पाईप लाइनों का मुआवजा दिलवाने व वर्ष 2023-24 में बेमौसमी बारिश, ओलावृष्टि और ठंड से बर्बाद रबी फसल का बकाया पड़ा मुआवजा व बीमा क्लेम दिलवाने की मांग डीसी के समक्ष रखी।

# मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय गणितीय सी.बी.पी. का सफल आयोजन



**लाडवा 27 अक्टूबर (विजय कौशिक) :** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, मथाना चौकी में दो दिवसीय गणित विषयक क्षमता निर्माण कार्यक्रम (उंस्रूं३८ इ४ॅ्रल्लिॅ ढ१ङ्गॅ१ी - उइढ) का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को गणित विषय की नई शिक्षण तकनीकों, नवाचारों एवं विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को बढ़ाने के तरीकों से अवगत कराना था। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के करीब 60 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रसिद्ध शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. सुरेश अग्रवाल और गौरव गर्ग उपस्थित रहे। दोनों ने शिक्षकों को गणितीय अवधारणाओं को सरल और रोचक ढंग से विद्यार्थियों तक पहुँचाने के लिए विभिन्न व्यावहारिक उपायों और गतिविधियों का प्रदर्शन किया। डॉ. सुरेश अग्रवाल ने गणित शिक्षण में प्रयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि शिक्षण तभी प्रभावी हो सकता है जब शिक्षक स्वयं गणित को आनंद के साथ समझें और पढ़ाएँ। गौरव गर्ग ने शिक्षकों को डिजिटल टूल्स, गणितीय खेलों और आधुनिक संसाधनों के उपयोग के माध्यम से विषय को और अधिक दिलचस्प बनाने के सुझाव दिए।

## न्यूज फ्लैश

### धूमधाम से मनाया गया डी.ए.वी. स्कूल में प्राइमरी विंग का वार्षिकोत्सव




**रादौर, 27 अक्तूबर (कुलदीप सैनी) :** डी.ए.वी. स्कूल में आज प्राइमरी विंग का वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन सुसुषमा आर्या व सुविश्वमोहिनी द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस मौके पर कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के छात्रों ने भजन, नृत्य, योगासन व लघु नाटिकाओं की मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका दिल त लिया। ह्यमदर-डॉटर डांसह्न, ह्यव्यस्त अभिभावकझ्अस्त-व्यस्त बच्चेह्न पर स्किट और ह्यजंक फूडह्न के दुष्प्रभावों पर प्रस्तुति को विशेष सराहना मिली। हरियाणवी, राजस्थानी व पंजाबी नृत्य कार्यक्रम के आकर्षण रहे। प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ाते हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों का आभार जताया जिन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

### अमेरिका से डिपोर्ट किए गए में दो युवकों को पुलिस ने किया परिजनों के सुपुर्द



**रादौर, 27 अक्तूबर (कुलदीप सैनी) :** अमेरिका की ट्रंप सरकार द्वारा डिपोर्ट किए गए हरियाणा के करीब 50 युवाओं में से रादौर थाना क्षेत्र के भी दो युवा शामिल हैं। ये दोनों युवा गांव अलीपुरा और अंटावा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। दोनों युवाओं को आवश्यक औपचारिकताओं के बाद रादौर पुलिस ने उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह युवक डंकी रूट से अमेरिका गए थे। रादौर थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से डिपोर्ट किए गए युवाओं की सूची प्राप्त हुई थी। इसके बाद पुलिस टीम ने संबंधित दोनों युवाओं को अपने साथ लेकर रादौर थाने पहुंचाया, जहां पूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें उनके परिवारजनों को हैंडओवर किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि विदेश जाने की चाह रखने वाले युवाओं को इस प्रकार के मामलों से सबक लेना चाहिए। उन्होंने अपील की कि जो भी युवा विदेश में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, वे केवल पंकृत एजेंट या वैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से ही विदेश जाएं, ताकि बाद में उन्हें डिपोर्ट जैसी समस्याओं या कानूनी कार्रवाई का सामना न करना पड़े।

# जग्गी कॉलोनी में ब्रह्माकुमारीज ने 'द्वितीय वार्षिक उत्सव' मनाया

## नवनिर्मित भवन के निर्माण के 2 वर्ष पूर्ण होने पर द्वितीय वार्षिक उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया

**हर्षोल्लास**

**शिवम ने पंजाबी नृत्य के द्वारा सबका मन मोह लिया और दीपा ने हरियाणवी डांस के द्वारा समा बांधा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र, सुप्रीम लाइट हाउस, 214 - 215, जग्गी कॉलोनी, फेस - 2, अम्बाला शहर में मुख्य संचालिका बीके दिव्या दीदी व सह संचालिका राजयोगिनी बीके मीरा दीदी द्वारा सुप्रीम लाइट हाउस सेवाकेंद्र के नवनिर्मित भवन के निर्माण के 2 वर्ष पूर्ण होने पर द्वितीय वार्षिक उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। यह भव्य आयोजन सेवाकेंद्र के हाल में ही किया गया, जिसमें सभी सम्मानित मुख्य अतिथियों ने शिरकत की। जिनमें मुख्य अतिथि माननीय विजय कुमार , डिप्टी सुप्रीटेंडेंट ऑफ पुलिस, विशिष्ट अतिथि माननीय दीपक सुरा एडिशनल कमिश्नर म्युनिसिपल कमेटी अंबाला, मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीति दीदी ब्रह्माकुमारीज जोनल कोऑर्डिनेटर सोशल विंग और आदरणीय भ्राता ओम प्रकाश प्रख्यात गायक व गीतकार पठानकोट पंजाब शामिल हुए। सभी विशिष्ट मेहमानों का तिलक, बैच, पटका व पुष्प गुच्छ के द्वारा दीदियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई।

मुख्य वक्ता आदरणीय राजयोगिनी बीके नीति दीदी जोनल कोऑर्डिनेटर सोशल विंग, जिनका विषय था "संबंधों में मधुरता" ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें रोज स्वयं में झांकना है। हम अपने वन में एक "मैं" शब्द से वन की शुरूआत से अंत तक जुड़े रहते हैं परंतु परमात्मा हमें बताते हैं कि "मैं" माना मैं चैतन्य शक्ति आत्मा हूं। दुनिया में मैं शब्द इगो बढ़ाता है और आज घर में, समाज में, संबंधों में सारा झगड़ा इस इगो के कारण है तो परमात्मा ने हमें बताया कि तुम आत्मा हो जो आनंद स्वरूप है। मुख्य अतिथि विजय कुमार ने सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा मैं यहां पर पहली बार आया हूं। मैंने जो यहां सुना है, उसे अपने वन में धारण करने की पूरी कोशिश करूंगा। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मीरा दीदी ने राजयोग की अनुभूति द्वारा गहन सुख, शांति व आनंद की अनुभूति कराई। कार्यक्रम में माननीय भ्राता ओम प्रकाश ने सुंदर पंजाबी गीतों द्वारा समा बांधा और परमात्मा संदेश व परिचय भी दिया। बीके मंगल सिंह भाई ने कविता सुनाई। बीके एकता बहन, बीके सुनील भाई, बीके सक्षम, बीके समीक्षा ने स्वागत डांस किया। कुमारी शायली और कुमार ऋत्विक ने बहुत सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कुमार शिवम ने पंजाबी नृत्य के द्वारा सबका मन मोह लिया और कुमारी दीपा ने हरियाणवी डांस के द्वारा समा बांधा। बी के राजेश भाई भाई ने परमात्मा याद का सुंदर गीत गाया।

# नाबालिग से छेड़छाड़ व धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**रादौर, 27 अक्तूबर (कुलदीप सैनी) :** पुलिस ने 15 वर्षीय नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी राजपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र की एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी बेटी, जो कक्षा आठवीं में पढ़ती है, को आरोपी गुरप्रीत पिछले कई दिनों से परेशान कर रहा था। आरोपी उनके घर के आसपास घूमता था और एक दिन गली में लड़की का हाथ पकड़कर जबरदस्ती करने की कोशिश की थी। विरोध करने पर आरोपी ने लड़की और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि मामले में महिला एएसआई कोमल रानी के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ पोक्सो अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक घायल, मामला दर्ज

**रादौर, 27 अक्तूबर (कुलदीप सैनी) :** बकाना रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक घायल को रादौर सरकारी अस्पताल पहुंचाकर फरार हो गया। गांव खजूरी निवासी अजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भतीजे अभिषेक के साथ रादौर से गांव लौट रहा था। गांव बकाना और खजूरी के बीच उन्होंने सड़क किनारे बाइक रोकी ही थी कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक घायल को इलाज के लिए रादौर सरकारी अस्पताल ले गया और खर्च वहन करने की बात कहकर वहां से चला गया। बाद में अभिषेक को गाबा अस्पताल यमुनानगर रेफर किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने अजय कुमार की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कंप्लेंट ब्रांच को शिकायतकर्ता की संतुष्टि मिलने पर ही फाइल होगी शिकायत: मीणा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अधिकारी द्वारा पेश की गई रिपोर्ट के आधार पर किसी भी शिकायत को तब तक बंद नहीं किया जाएगा, जब तक शिकायतकर्ता संतुष्ट ना हो। कई बार अधिकारी शिकायतकर्ता से लिखित में लेकर शिकायत को बंद करवा देता है और समस्या भी ज्यों की त्यों छोड़ दी जाती है। इसके लिए शिकायत ब्रांच शिकायतकर्ता से फीडबैक लेकर ही शिकायत को फाइल करवाएगी। उन्होंने जिंदल सिटी निवासियों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कहा कि जिस भी क्षेत्र में आवारा डॉग हैं, वो नगर परिषद की टीम को सूचना दे, ताकि ऐसे डॉग की नसबंदी की जा सके। इसके लिए नगर परिषद की टीम को निर्देश दिए कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह से शुरू होने से पहले इस कार्य को अभियान चलाकर पूरा किया जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सोमवार को नई लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान 15 शिकायतों में से 9 शिकायतों का निपटारा किया गया, बाकी 6 शिकायतों में जांच के लिए अधिकारियों और चयनित सदस्यों को नियुक्त किया गया। प्रशासन का उद्देश्य सभी शिकायतों का समाधान करवाना है। गांव सिरसला निवासी शारदा ने लम्बित शिकायत पर न्याय मिलने पर जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष, उपायुक्त सहित सभी सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों का धन्यवाद किया। उसकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने उसके खेत पर कब्जा दिलवा दिया है और भूमि का इंतकाल भी दर्ज कर दिया है। अन्य मामले में छलौंदी निवासी गुरदयाल सिंह ने समिति अध्यक्ष, जिला प्रशासन और बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर लगाने पर आभार जताया।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने महावीर कॉलोनी लाडवा निवासी सोनू नारंग की शिकायत पर एसडीएम लाडवा को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता की शिकायत के सभी बिंदुओं पर एसडीएम जांच करके रिपोर्ट पेश करेंगे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया, एसडीएम शाहाबाद डा. चिनार चहल, डीएमसी अमन कुमार, जिला परिषद सीईओ शंभू राठी, नगराधीश आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शाहबाद मार्केट कमेटी की बैठक में लिए गए अहम निर्णय



**चर्चा**

**मंडी से जुड़े किसानों, व्यापारियों, आढ़तियों तथा मजदूरों के हितों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई**

**शाहबाद/(प्रदीप कुमार)** शाहबाद मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन करण राज तूर और वाइस चेयरमैन त्रिलोचन सिंह हांडा की अध्यक्षता में कमेटी कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवनियुक्त सदस्यों ने भाग लिया और मंडी से जुड़े किसानों, व्यापारियों, आढ़तियों तथा मजदूरों के हितों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

चेयरमैन करण राज तूर और वाइस चेयरमैन त्रिलोचन सिंह हांडा ने संयुक्त रूप से कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हम सभी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, जिसे हम ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। बैठक में मंडी की बाउंड्री वॉल को दुरुस्त करने का मुद्दा प्रमुख रहा, ताकि मंडी परिसर में चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे 2 से 3 दिन में टूटी दीवारों की मरम्मत करवाएं। साथ ही अवांछित व्यक्तियों को मंडी क्षेत्र से बाहर करने के आदेश भी जारी किए गए, जिससे किसानों की फसल चोरी होने का खतरा समाप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, मंडी में पीने के पानी और पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। कुछ समय पूर्व डायरिया फैलने से कई मजदूर प्रभावित हुए थे, जिसके मद्देनजर यह निर्णय लिया गया। चेयरमैन ने बताया कि सब मंडी में सफाई व्यवस्था सुधारने और मंडी गेट पर लगने वाली मांस-मछली की दुकानों को हटाने का प्रस्ताव भी पास किया गया है।

# निया ने कराटे चैंपियनशिप में 6 साल की श्रेणी में गोल्ड मेडल जीता



**पदक**

**कोच दिनेश ने बताया की उनको पूरा विश्वाश था की निया स्वर्ण पदक प्राप्त कर सकती है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** बहादुरगढ़ में हुई नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप में 250 बच्चों ने भाग लिया रोहतक कराटे प्लेनेट अकैडमी के 10 बच्चों ने भी भाग लिया सभी ने अच्छा प्रदर्शन दिखाया निया ने स्वर्ण पदक ता निया ने बताया की उनके कोच ने उनको सिखाया है की लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती तो छोटी बच्ची निया ने 6 साल की श्रेणी में अपने कोच की बात रखी । कोच दिनेश ने बताया की उनको पूरा विश्वाश था की निया स्वर्ण पदक प्राप्त कर सकती है क्योंकि उनकी अकेडमी की सबसे छोटी खिलाड़ी है और उसने पिछली साल भी नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल ता था। इस प्रतियोगिता में रियाना 9 साल ,उज्ज्वल 10 साल और तरुण ने 12 साल की श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किया शिवम ने रजत पदक हासिल किया ओर साइशा , अथर्व और यश ने कांस्य पदक हासिल किया रोहतक कराटे अकैडमी के कोच दिनेश कुमार ने बताया ये बच्चे काफी दिनों से इस चैंपियनशिप के लिए मेहनत कर रहे थे उनकी कड़ी मेहनत ही रंग लाई है।

# 29 अक्टूबर को भगवान परशुराम कॉलेज में लगेगा रोजगार मेला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र व जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से 29 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे भगवान परशुराम कॉलेज सेक्टर-5 कुरुक्षेत्र के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

अमास स्किल वैंचर प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम, महालक्ष्मी एग्री केयर प्राइवेट लिमिटेड हिसार, एचडीबी फिनएसियल सर्विसेज चंडीगढ़ जैसी कंपनियों द्वारा योग्य पात्रों का चयन किया जाएगा।

# बिना सहकार नहीं उद्धार: अनिल रावल



**सहकारिता**

**सहकारिता के महत्व को बढ़ावा देने और लोगों को एकजुट करने का एक साधन होगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा: (संजय नरवाल)**

सहकार भारती की पानीपत जिला कार्यकारिणी की हुई घोषणा। बैठक में संगठन प्रमुख अनिल रावल , महिला प्रमुख शशी मान, व अन्य पदाधिकारियों की घोषणा हुई। इस अवसर पर सहकार भारती के प्रांत अध्यक्ष राजबीर सिंह गोदारा, प्रांत उपाध्यक्ष पद्मकवल सिंह चौहान, प्रांत महामंत्री डॉ सौरभ भीष्म , जिला अध्यक्ष सुरेंद्र छौक्कर, जिला महामंत्री महेंद्र रावल और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बैठक में सहकारिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने और समाज में सहकार के रूप में एक बड़ा जनांदोलन खड़ा करने का संकल्प लिया गया। सहकार भारती की यह पहल समाज में सहकारिता के जिला कार्यकारिणी समाज में सहकारिता के मूल्यों को बढ़ावा देने और लोगों को सहकारिता के माध्यम से जोड़ने का काम करेगी।

इस घोषणा के साथ ही सहकार भारती की जिला कार्यकारिणी का गठन पूरा हो गया है, और अब यह टीम सहकारिता के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए तैयार है। सहकार भारती की यह पहल समाज में सहकारिता के महत्व को बढ़ावा देने और लोगों को एकजुट करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। सहकार भारती की जिला कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया है कि सहकार भारती समाज में सहकारिता के मूल्यों को बढ़ावा देने और लोगों को सहकारिता के माध्यम से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह जिला कार्यकारिणी समाज में सहकारिता के महत्व को बढ़ावा देने और लोगों को एकजुट करने का एक महत्वपूर्ण साधन होगी। इस प्रकार, सहकार भारती की जिला कार्यकारिणी की घोषणा एक महत्वपूर्ण कदम है, जो समाज में के मूल्यों को बढ़ावा देने और लोगों को सहकारिता के माध्यम से जोड़ने का काम करेगी।

# प्रत्येक व्यक्ति को दिनचर्या में शामिल करनी होगी साइकिलिंग: बलवान



**मार्गदर्शन**

**जो व्यक्ति रोजाना साइकिलिंग करेगा, वह हमेशा स्वस्थ रहेगा: बलवान सिंह**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,:** वॉलीबॉल के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी बलवान सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को साइकिलिंग को अपने वन की दिनचर्या में शामिल करना होगा। जो व्यक्ति रोजाना साइकिलिंग करेगा, वह हमेशा स्वस्थ रहेगा, क्योंकि देश की तरक्की के लिए हर व्यक्ति का स्वस्थ होना जरूरी है।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बलवान सिंह कुरुक्षेत्र सेक्टर 10 में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा फिट इंडिया साइकिल रैली के दौरान बोल रहे थे। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बलवान सिंह, भारतीय खेल प्रशिक्षण के सहायक निदेशक बाबूराम रावल, वरिष्ठ प्रशिक्षक कुलदीप सिंह वडैच, पूर्व जिला खेल अधिकारी यशवीर सिंह, पूर्व हॉकी चीफ कोच गुरविंदर सिंह द्वारा साइकिल रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली में प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया है। यह साइकिल रैली द्रोणाचार्य चौक, शहीद उधम सिंह, सर्किट हाउस से जिंदल चौक से और वापस साई कुरुक्षेत्र पर पहुंची।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। देश का प्रत्येक नागरिक अपने स्वास्थ्य की चिंता करते हुए साइकिलिंग या अन्य खेलों की तरफ आगे बढ़ेगा तो निश्चित देश के नागरिक स्वस्थ होंगे और स्वस्थ होकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकेगा। भारतीय खेल प्रशिक्षण के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से की युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराइयों से दूर ले जाने के लिए खेलों की तरफ आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है।

जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि साई की तरफ से फिट इंडिया अभियान के तहत यह साइकिल रैली निकाली गई है।

इस साइकिल रैली को लेकर युवाओं के उत्साह देखा जा रहा है। साई की तरफ से इस प्रकार के कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जाएगा।

सेवानिवृत हॉकी कोच गुरविंदर सिंह ने कहा कि साई की तरफ से समय-समय पर आयोजित कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को एक नया मंच मिल रहा है। साई के सीनियर कोच कुलदीप सिंह वडैच ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर, हॉकी कोच सोहन लाल, वॉलीबॉल कोच राहुल सांगवान, हॉकी कोच साहिल, साइकिलिंग कोच कोमल शर्मा, जिम्नास्टिक कोच पूनम शर्मा, एथलेटिक्स कोच चांद राम, स्केटिंग कोच अरुण चौहान, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, नरेश सैनी, समाजसेवी विनोद गर्ग, वीरभान उपस्तिथ रहे।

# गांव भगवानगढ़ में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जागरूकता**

**लक्षणों को समय रहते पहचान कर इलाज कराना जरूरी है, रोग प्रारंभिक अवस्था में ही नियंत्रित किया जा सके**



**रादौर, 27 अक्तूबर (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल के गांव भगवानगढ़ में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के उपायों और आयुर्वेदिक उपचारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मेहता अस्पताल रादौर के चिकित्सक डॉ. पुलकित मेहता ने बताया कि आजकल कई बीमारियां ते से फैल रही हैं। उनके लक्षणों को समय रहते पहचान कर इलाज कराना जरूरी है, ताकि रोग प्रारंभिक अवस्था में ही नियंत्रित किया जा सके। इस मौके पर डॉ. मेहता ने संतुलित आहार, योग और दैनिक दिनचर्या में अपनाए जाने वाले स्वास्थ्यवर्धक उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य संबंधी कई जानकारियां प्राप्त कीं।

# छठ पूजा सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना को दर्शाता है : कृष्णा गहलावत

**छठ व्रत**

**तीसरे दिन व्रतियों ने दिया डूबते सूर्य को अर्घ्य, विधायक गहलावत रही मुख्य अतिथि**



**टीम एक्शन इंडिया**

**राई ।** राई क्षेत्र में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। व्रत के तीसरे दिन सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कुंडली में प्याऊ मनियारीमें बांके बिहारी सनातन सेवा समिति और बाबा संकीर्तन मंडली के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं। उनके आगमन पर समिति के पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। छठ व्रतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में तालाब के किनारे पूजा अर्चना की।

व्रतियों ने हाथों में सूप, नारियल, फल और दीपक लेकर सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। मुख्य अतिथि विधायक कृष्णा गहलावत ने छठ व्रतियों के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि छठ पूजा भारतीय संस्कृति का जीवंत प्रतीक है, जो सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना को दशार्ता है। यह पर्व अनुशासन, संयम और श्रद्धा का प्रतीक है, जो समाज में एकता और प्रेम का संदेश देता है।

विधायक गहलावत ने कहा कि आज के युग में ऐसे पर्व लोगों को संस्कार और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं और श्रद्धालुओं की सराहना करते हुए कहा कि ह्लछठ पर्व न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह स्वच्छता, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। जिस तरह महिलाएं परिवार की समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना के लिए इस कठोर व्रत को निभाती हैं, वह प्रेरणादायक है। विधायक ने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बड़ी श्रद्धा और अनुशासन के साथ यह आयोजन किया, जिससे श्रद्धालुओं को एक पवित्र वातावरण में पूजा करने का अवसर मिला। समिति के सदस्यों ने विधायक कृष्णा गहलावत का आभार व्यक्त किया।

# छठ पर्व भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं की जीवंत मिसाल है: पुनीत

**कामना**

**छठ पूजा पर राई में उमड़ी श्रद्धा की भीड़, पुनीत राई ने जगत कल्याण की कामना**



**राई ।** लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भाजपा युवा नेता एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने छठ घाट पर पहुंचकर श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और व्रतियों को पर्व की अनंत शुभकामनाएं दीं।

पुनीत राई ने सूर्य भगवान और छठी मईया के समक्ष दीप अर्पित करते हुए जगत कल्याण की कामना की। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। व्रत के तृतीय अनुष्ठान 'संध्या अर्घ्य' के अवसर पर घाटों पर आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सूप, फल और दीप लेकर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती नजर आईं। कार्यक्रम का आयोजन पूर्वांचल जनहित सेवा समिति द्वारा किया गया था। भाजपा युवा नेता व निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि ह्लछठ पर्व भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं की जीवंत मिसाल है। यह पर्व हमें प्रकृति, जल और सूर्य की महत्ता का संदेश देता है। सूर्य भगवान जीवन, ऊर्जा और समृद्धि के प्रतीक हैं, और छठ व्रतियों की निष्ठा व तपस्या प्रेरणादायक है। पुनीत राई ने कहा कि इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सादगी, स्वच्छता और अनुशासन है, जो समाज में एकता और सामूहिकता की भावना को मजबूत बनाता है।

यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का उत्सव है। पुनीत राई ने समिति के पदाधिकारियों और सभी सहयोगियों को बधाई देते हुए कहा कि छठी मईया और भगवान की कृपा सभी पर बनी रहे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारी, बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### धोखाधड़ी के मामले में गन्नौर उपमंडल अस्पताल के फार्मासिस्ट गिरफ्तार

**गन्नौर**

उत्तर प्रदेश पुलिस ने गन्नौर उपमंडल अस्पताल में कार्यरत फार्मासिस्ट सुनील कुमार को धोखाधड़ी के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपित सुनील कुमार, गांधी नगर गन्नौर का रहने वाला है और इस समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गन्नौर में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत है। मुजफ्फरनगर जिले के थाना कोतवाली में वर्ष 2023 में विपिन कुमार निवासी गांव कुटबा की शिकायत पर सुनील कुमार सहित चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन के आरोप में केस दर्ज किया गया था। कोर्ट के आदेशानुसार सभी आरोपियों को भगोड़ा घोषित किया गया था। इस पर थाना कोतवाली पुलिस टीम को जानकारी मिली कि मुख्य आरोपी सुनील कुमार गन्नौर स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी कर रहा है। इसके बाद उत्तरप्रदेश पुलिस ने गन्नौर पुलिस के सहयोग से आरोपित सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में पति लापता

**गन्नौर।** गन्नौर झुग्गी बस्ती से एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लपता हो गया। पत्नी ने अपहरण का शक जताते हुए थाना गन्नौर में शिकायत दी। शिकायत में गन्नौर झुग्गी बस्ती निवासी तमन्ना ने बताया कि वह 20 सितंबर को अपने मायके बवाना, दिल्ली गई हुई थी। जब वह वापस लौटी तो पाया कि उसका पति तुफान घर पर मौजूद नहीं था। महिला ने आशंका जताई है कि किसी ने उसके पति को आपराधिक नीयत से छिपा रखा है। गन्नौर थाना पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुस कर सोने चांदी के आभूषण चुराये, ननद के बेटे व उसके साथी पर केस दर्ज

**गन्नौर। गढ़ी** केसरी में देर रात एक सैनिक के घर चोरी हो गई। सैनिक की पत्नी ने गन्नौर थाना पुलिस को चोरी की सूचना दी। शिकायतकर्ता बबीता ने बताया कि उसके पति सेना में नौकरी करते हैं। वह छुट्टी पर आकर 2 अक्टूबर को वापस ड्यूटी पर लौट गए थे। अब वह अपने बच्चों के साथ घर में रहती है। गत रात्रि वह अपने दोनों बच्चों के साथ घर पर सो रही थी। इस दौरान चोरों ने घर में घुसकर एक इंडेन गैस सिलेंडर, पांच चांदी के सिक्के और एक सोने का लाकेट चोरी कर लिया। आरोप है कि उसकी ननद का लड़का अमित नांदल उर्फ छोटा गांव निवासी उदेशीपुर अपने एक साथी के साथ घर में घुसा हुआ था। जब उसने शोर मचाने की कोशिश की तो आरोपित ने उस पर हमला करने का प्रयास किया, जिसके बाद उसने अपनी जान बचाने के लिए कमरे में खुद को बंद कर लिया। चोरी करने के बाद दोनों आरोपित मौके से फरार हो गए। बबीता ने बताया कि इससे पहले भी अमित नांदल दो से तीन बार उसके घर में जबरन घुस चुका है, जिसे घर से निकालना पड़ा था। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित अमित नांदल व उसके साथी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कॉग्निजेंट न्यू दिल्ली मैराथन का टाइटल स्पॉन्सर होगा

**नई दिल्ली:** कॉग्निजेंट आगामी न्यू दिल्ली मैराथन के संस्करण का मुख्य प्रायोजक (टाइटल स्पॉन्सर) होगा। यह मैराथन भारत की प्रमुख एम्स – प्रमाणित राष्ट्रीय मैराथन है और एशिया की सबसे भरोसेमंद लंबी दूरी की दौड़ों में से एक मानी जाती है। आयोजन 22 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इस घोषणा को आज आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा किया गया, जिसका संचालन राजेश वरियर, अध्यक्ष झ ग्लोबल ऑपरेशंस एवं चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, कॉग्निजेंट इंडिया और नगराज अडिगा, चेयरमैन और प्रबंध निदेशक झ एनईबी स्पोर्ट्स ने किया। इस अवसर पर सुश्री मीनाक्षी लेखी, पूर्व राज्य मंत्री (विदेश मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय), भी मौजूद रहीं। कॉग्निजेंट न्यू दिल्ली मैराथन एक महत्वपूर्ण साझेदारी का प्रतीक है, जो विश्व स्तर पर सम्मानित तकनीकी और प्रोफेशनल सेवाओं की कंपनी और देश के सबसे प्रतिष्ठित जनसहभागिता वाले खेल आयोजनों में से एक के बीच स्थापित हुई है। वर्ष 2026 में अपने 11वें संस्करण का जश्न मनाने जा रही न्यू दिल्ली मैराथन अब राष्ट्रीय गौरव और सहनशक्ति का प्रतीक बन चुकी है। यह आयोजन नागरिकों, खिलाड़ियों और संस्थानों को एकजुट कर फिटनेस और सामुदायिक भावना के साझा उत्सव का माध्यम बन गया है।

# बीएसटी रेलवे ओवरब्रिज पर जाम से वाहन चालक बेहाल, एंबुलेंस भी फंसी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** बीएसटी रोड के पास रेलवे ओवरब्रिज पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से यातायात व्यवस्था बाधित रहने लगी है। जाम के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। इस दौरान एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई, जिससे मरीज को अस्पताल पहुंचाने में देरी हुई। ओवरब्रिज पर हर दिन सुबह स्कूल के समय और दोपहर को छुट्टी के वक्त जाम लग जाता है। जब बच्चे स्कूल छोड़ने या लेने बड़ी संख्या में वाहन एक साथ निकलते हैं, तब स्थिति और बिगड़ जाती है। कई बार जाम इतना गंभीर हो जाता है कि राहगीरों को 15 से 20 मिनट तक फंसे रहना पड़ता है। इससे छात्रों, अभिभावकों और आफिस जाने वालों को काफी दिक्कत होती है।



वाहन चालकों का कहना है कि फ्लाईओवर का रास्ता संकरा है और दोनों ओर से आने वाले वाहनों के कारण स्थिति और बिगड़ जाती है। छोटे वाहन, स्कूल बसें और ट्रैक्टर-ट्राली एक साथ फंस जाने से पूरे मार्ग पर अव्यवस्था फैल जाती है। वहीं अगवानपुर फाटक लंबे समय से बंद होने के कारण अब वाहन चालकों को मजबूरी में ओवर ब्रिज से होकर गुजरना पड़ता है।

इस वजह से इस मार्ग पर अतिरिक्त वाहनों का दबाव बढ़ गया है, जिससे जाम की समस्या और गंभीर हो गई है। पहले जो वाहन अगवानपुर फाटक से गुजरते थे, वे अब ओवरब्रिज से होकर निकल रहे हैं। इस विषय पर गन्नौर थाना प्रभारी धीरज ने बताया कि फ्लाईओवर पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पहले से पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जरूरत पड़ी तो अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी।

# आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ स्थायी समाधान करें अधिकारी : डीसी शांतनु शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा, (रणबीर खटक)**

,हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त शांतनु शर्मा ने आमजन की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। सोमवार को जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में कुल 21 शिकायतें आई।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि जिला स्तर और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इन समाधान शिविरों का आयोजन करने का मकसद नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। ऐसे में अधिकारी नागरिकों की समस्याओं के प्रति गंभीरता से कार्यवाही करें और जो भी समस्याएं समाधान शिविर में आती हैं, उनका समयबद्ध ढंग से समाधान करें।

# सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई बाइक, बाइक चालक की मौत

**गन्नौर ।** शेखपुरा मोड़ के निकट स्थित सूर्या भट्ठा के सामने मंगलवार की अल सुबह एक बाइक सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से जा टकराई। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई।

जबकि उसका साथी घायल हो गया। घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में सोनीपत के गांव दोदवा निवासी संदीप ने बताया कि वह और उसके गांव का साथी राहुल निर्मल सिटि वेयरहाऊस गन्नौर में नौकरी करते हैं। 27 अक्टूबर को वह अपने दोस्त राहुल के साथ अपनी डयूटी खत्म कर राहुल की बाइक से अपने गांव दोदवा जा रहे थे। बाइक राहुल चला रहा था। जब वह शेखपुरा मोड़ के निकट सूर्या भट्ठा के पास पहुंचे तो सड़क पर एक ट्रैक्टर ट्राली जिसका टायर फटा हुआ था, बिना किसी इंडीगेटर व रिफलेक्टर के खड़ी थी। जिस कारण उनकी बाइक ट्रैक्टर ट्राली के पीछे जा टकराई। इस हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि वह भी चोटिल हो गया। हादसे के बाद उसने अपने गांव से विजय को मौके पर बुलाया। विजय उन्हें खानपुर मेडिकल ले जाने लगा तो रास्ते में ही राहुल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नवज्योति शिक्षा सदन में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** खुबडू भांवर रोड स्थित नवज्योति शिक्षा सदन में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शनी में कक्षा चौथी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रत्येक कक्षा से 10-10 माडल तैयार किए गए। अध्यापिका सोनिया कुंडू, भारती राठी, निशा मालिक, निशा जांगड़ा आदि ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। निर्णायक की भूमिका प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक, संजीत कौशिक व को-आर्डिनेटर प्रिया वशिष्ठ ने निभाई। राजेंद्र कौशिक ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान ही हमें नए आविष्कार के लिए प्रेरित करता है और हमारे जीवन की नवीनता को बनाए रखता है। उन्होंने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# प्लाट से 20 शटरिंग प्लेट चोरी

**गन्नौर**

रेलवे रोड पर एक प्लाट से शटरिंग प्लेट चोरी हो गई। प्लाट मालिक ने चोरी की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में रेलवे रोड गन्नौर निवासी सतबीर सिंह ने बताया कि उनकी रेलवे रोड पर ही श्री राम इलेक्ट्रोनिक्स के नाम से दुकान है। उनकी दुकान के पीछे उनका एक प्लाट है, जिसमें वह चिनाई का काम करवा रहे हैं। करीब तीन दिन पहले वह प्लाट में लैंटर लगाने के लिए शटरिंग प्लेट लाए थे। गत शनिवार की रात चोर लगभग 20 शटरिंग प्लेट चोरी कर ले गया। पुलिस ने सतबीर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

# चीनी मिल में रिपेयरिंग कार्य युद्ध स्तर पर, समय पर होगा पेराई सत्र प्रारंभ

**दिशा-निर्देश**

**एमडी चीनी मिल ने कारखाने में पहुंचकर अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत**

शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित चीनी में मिल में वर्ष 2025-26 के पेराई सत्र को समय पर शुरू करने के लिए सोनीपत चीनी मिल में रिपेयरिंग का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। चीनी मिल के प्रबंधन निदेशक (एमडी) अंकिता वर्मा अधिकारियों के साथ कारखाने का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रिपेयरिंग कार्य की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एमडी अंकिता वर्मा ने कहा कि मिल में सभी मशीनों और इकाइयों की मरम्मत का कार्य तेज गति से किया जा रहा है, ताकि तय समयसीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी हो सकें। उन्होंने बताया कि रिपेयरिंग कार्य को पूरा करने के लिए अन्य चीनी मिलों से भी अनुभवी कर्मचारियों को बुलाया गया है, जो लगातार कार्य में जुटे हुए है। वहीं सूत्रों के अनुसार, फिलहाल करीब 70 प्रतिशत रिपेयरिंग कार्य पूरा कर लिया गया है। अगले कुछ दिनों में शेष कार्य भी समाप्त कर लिया जाएगा। कार्य पूर्ण होने के बाद ट्रायल रन शुरू किए जाएंगे, ताकि सभी मशीनों की जांच और परीक्षण किया जा सके।

अंकिता वर्मा ने कहा कि मिल प्रशासन का प्रयास है कि इस वर्ष पेराई सत्र को बिना किसी देरी के सुचारू रूप से शुरू किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक कार्य समय रहते पूरे किए जाएं और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए।

मिल प्रशासन का दावा है कि रिपेयरिंग कार्य के पूरा होने के बाद इस वर्ष का पेराई सत्र निर्धारित समय पर प्रारंभ होगा, जिससे गन्ना किसानों को भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# बाबा तारा कुटिया पहुंचे हिसार के स्कूली बच्चे

**सिरसा (रणबीर खटक)**

सिरसा की रानियां रोड स्थित ब्रह्माण्डनायक अनंतकोटी योगीराज शिव अवतारी श्री बाबा तारा जी कुटिया में आज हिसार जिले के बाण्डाहेड़ी स्थित आशा हाई स्कूल के 200 विद्यार्थियों ने भ्रमण किया। स्कूल के यूकेजी से दसवीं कक्षा तक के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने अपने अध्यापकों और प्रिंसिपल के साथ पहुंचकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण किया। कुटिया में पहुंचे अध्यापकों और छात्र छात्राओं ने व्यवस्था को सराहा। साथ ही श्री बाबा तारा जी कुटिया चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन व पूर्व मंत्री गोपाल कांडा तथा कुटिया के मुख्य सेवक व वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा के सामाजिक - धार्मिक कार्यों को सराहा।

भ्रमण के दौरान बच्चों ने सर्वप्रथम श्री बाबा तारा जी के समक्ष माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत उन्होंने कुटिया परिसर में बने सुंदर पार्कों का भ्रमण किया, पवित्र गुफा के दर्शन किए और शिवालय में विराजमान नर्मदेश्वर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर दिव्यता का अनुभव किया।

स्कूली बच्चों ने जुरासिक पार्क में विशेष उत्साह के साथ आनंद लिया तथा वृंदावन वाटिका में कृष्ण लीला के दिव्य दर्शन कर अध्यात्म और संस्कृति से गहरा जुड़ाव महसूस किया।

# जिला पुलिस ने कस्बा लाडवा में डॉग स्क्वायड टीम के साथ चलाया सर्च अभियान

**सर्च अभियान**

**एंटी नारकोटिक्स सैल व थाना लाडवा की सयुक्त टीम ने नशामुक्त अभियान के तहत की कारवाई**



**लाडवा, 27 अक्टूबर (विजय कौशिक)** जिला पुलिस ने कस्बा लाडवा में डॉग स्क्वायड टीम के साथ चलाया सर्च अभियान। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-निर्देश में रविवार शाम को थाना लाडवा व एंटी नारकोटिक्स सैल की टीमों ने डॉग स्क्वायड के साथ कस्बा लाडवा में सर्च अभियान चलाया। पुलिस टीमों ने इन क्षेत्रों में विभिन्न संदिग्ध स्थानों की जांच की। इस दौरान पुलिस टीम ने वहां पर रह रहे बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र भी जांचे। अभियान के तहत पुलिस ने बाहरी लोगों की पहचान सुनिश्चित की तथा संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की। पुलिस टीम ने वाहनों की जांच की तथा इसके साथ ही पुलिस ने नशे की तस्करी को लेकर विशेष जांच की।

जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल प्रबंधक उप निरीक्षक सतविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के निर्देश पर जिला पुलिस की ओर से नशे की तस्करी, सुरक्षा के मद्देनजर और आपराधिक तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को काबू करने के लिए यह सर्च अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर पुलिस की टीमें सर्च अभियान चलाकर संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर रही है। रविवार शाम को थाना लाडवा व एंटी नारकोटिक्स सेल की टीमों ने डॉग स्क्वायड के साथ कस्बा लाडवा में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को किसी प्रकार की आपत्तिजनक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जिला में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। थाना प्रभारी लाडवा ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई नशीला पदार्थ बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें, पुलिस तुरंत एक्शन लेगी। उन्होंने कहा कि यदि आपके आसपास कोई भी असामाजिक तत्व संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत संबंधित थाना या डायल 112 पर इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# छठ पर्व हमारी संस्कृति का प्रतीक है : कुलभूषण गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला।** पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने गांव अभयपुर में आयोजित छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया। उन्होंने सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर समस्त नगरवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में पहुंचने पर महापौर कुलभूषण गोयल का पूर्वांचल युवा एकता मंच छठ पूजा समिति के प्रधान अंकुश निषाद ने टीम सहित हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर गोयल ने कहा कि छठ पर्व हमारी संस्कृति का प्रतीक है, जो सूर्य उपासना, स्वच्छता, अनुशासन और सामूहिकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व समाज में एकता और पारस्परिक सद्भाव को मजबूत करता है। गोयल ने श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और समिति द्वारा की गई तैयारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक एकजुटता को बढ़ाते हैं। छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों जितेंद्र कुशवाहा (प्रधान), परमजीत सिंह यादव (उपाध्यक्ष), सतीश गुप्ता (कोषाध्यक्ष), संजीव जायसवाल (महासचिव) और विनोद कुमार (सचिव) सहित कई अन्य सदस्य आयोजन में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। समिति ने श्रद्धालुओं के लिए



## न्यूज फ्लैश

### एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मासिक बैठक आयोजित



**हांसी( दिनकर गावड़ी):** सोमवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन हुआ। एसडीएम ने विभाग वाइज कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार अनिल कुमार बिढान भी मौजूद रहे।

एसडीएम राजेश खोथ ने निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणाधीन विकास कार्यों को तेजी से पूरा करवाए और जिन विकास परियोजनाओं की राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है उनका निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाना सुनिश्चित करें। नगर परिषद के कार्यों की समीक्षा के दौरान परिषद के अधिकारियों ने बताया कि आमटी झील तथा पार्क के नवीनीकरण को लेकर प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है, बहुत ही जल्द इस प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए उच्च अधिकारियों को भिजवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री काली देवी मंदिर के निकट भिवानी रोड पर श्री काली देवी चौक का निर्माण करवाया जाएगा। इस विकास कार्य के लिए लगभग 80 लाख रुपए की राशि का प्रस्ताव तैयार किया गया है। नगर परिषद अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में जो लाइटे खराब है उन्हें दुरुस्त करवाए और खरीदी गई 2500 नई लाइटों को लगवाना सुनिश्चित करें।।

### रेडक्रॉस व एलिम्को की सहायता से शिविर में आवश्यकतानुसार दिए जाएंगे सहायक उपकरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल के सचिव बिजेंद्र सोरोत ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल के अध्यक्ष डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार (कार्य दिवस वाले) के दिन जांच-माप शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिला के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजन को उनके प्रतिदिन के सामान्य कार्य में आने वाली परेशानी को दूर करने के लिए रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से यह निर्णय लिया गया है। सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार (कार्य दिवस वाले) को लघु सचिवालय पलवल के भूतल पर एलिम्को की सहायता से जांच-माप शिविर लगाए जाएंगे तथा उनको जरूरत का सामान भी उपलब्ध करवाया जाएगा। सचिव बिजेंद्र सौरोत ने बताया कि उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल द्वारा प्रत्येक मंगलवार को कुशलीपुर स्थित लघु सचिवालय पलवल के भूतल पर एलिम्को की सहायता से जांच-माप शिविर लगाया जाएगा।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड का नया एक्सिस इनकम प्लस आर्बिट्राज पैसिव एफओएफ

**गाजियाबाद।** भारत की एक प्रमुख एसेट मैनेजमेंट कंपनी, एक्सिस म्यूच्युअल फंड ने नया एक्सिस इनकम प्लस आर्बिट्राज पैसिव एफओएफ शुरू करने की घोषणा आज की। यह एक अभिनव ओपन एंडेड योजना है। इस योजना का उद्देश्य निवेशकों को ऐसा निवेश विकल्प देना है, जो सुरक्षित हो, जहां रिटर्न का अनुमान लगाया जा सके और कर का बोझ भी कम हो। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 28 अक्टूबर 2025 को सबस्क्रिप्शन के लिए खुलेगा और 11 नवंबर 2025 तक रहेगा। इस फंड का प्रबंधन करेंगे - देवांग शाह (फिक्स्ड इनकम के प्रमुख), आदित्य पगारिया (सीनियर फंड मैनेजर), हार्दिक सतारा (सीनियर फंड मैनेजर) और कार्तिक कुमार (फंड मैनेजर)।नयी निवेश योजना उन निवेशकों के लिए तैयार की गई है जो कम जोखिम उठाते हुए (कंजर्वेटिव रिस्क प्रोफाइल) अपने कर काटने के बाद के मुनाफे को बेहतर करना चाहते हैं। श्री बी गोपकुमार, एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ ने कहा, एक्सिस म्यूचुअल फंड में, हमारा ध्यान हमेशा से ऐसे नए और निवेशक-केंद्रित समाधान देने पर रहा है जो अच्छा प्रदर्शन करने के साथ-साथ समझने में भी आसान हों।

# अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान बनी सरकार की दयालु योजना : उपायुक्त

**वित्तीय सुरक्षा**

- -6 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु के सदस्यों को मिलता है दयालु योजना का लाभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि गरीब परिवारों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हरियाणा सरकार की पहली प्राथमिकता है। हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु), अंत्योदय परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। दयालु योजना के तहत 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या 70 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग होने पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का क्रियान्वयन हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास द्वारा किया जा रहा है। दयालु योजना पूरी तरह से निःशुल्क है। योजना के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र नागरिकों को किसी भी प्रकार की फीस नहीं देनी होती है।उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत एफआईडीआर के अनुरूप सत्यापित 1.80 लाख रुपए वार्षिक तक की आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या दिव्यांग होने पर वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य राज्य के पात्र निवासियों को मृत्यु/दिव्यांगता के मामले में सामाजिक और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि दयालु योजना के तहत 6 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु के सदस्यों को इस योजना का लाभ मिलता है। दयालु स्कीम का लाभ केवल उन परिवारों को देय होगा जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपए तक सीमित है। दयालु योजना के तहत आयु वर्ग अनुसार दिया जाता है लाभ : उपायुक्त

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि दयालु योजना के तहत 6 वर्ष से ऊपर और 12 वर्ष तक 1 लाख रुपये, 12 वर्ष से ऊपर और 18 वर्ष तक 2 लाख रुपये, 18 वर्ष से ऊपर और 25 वर्ष तक 3 लाख रुपये, 25 वर्ष से ऊपर और 45 वर्ष तक 5 लाख रुपये और 45 वर्ष से ऊपर और 60 वर्ष तक 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस लाभ में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मिलने वाली 2 लाख रुपये की राशि भी शामिल होगी।

दयालु योजना की पात्रता : जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार से कम है वह सभी परिवार दयालु योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र हैं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नए चेयरमैन ने संभाला कार्यभार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिला न्यायालय परिसर नूंह में आज सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. सुशील कुमार गर्ग ने अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। उनका स्वागत जिला न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा बड़े ही उत्साह, सम्मान व गर्मजोशी के साथ किया गया। पूरे परिसर में स्वागत और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यभार संभालने के पश्चात, प्राधिकरण के अध्यक्ष ने समाज के गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद लोगों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नूंह द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि नालसा हेल्पलाइन नंबर-15100, अरेस्ट प्री-अरेस्ट एवं कानूनी सहायता, पीड़ित मुआवजा योजना, विभिन्न कानूनी जागरुकता शिविर, समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं और मुफ्त और निष्पक्ष कानूनी सहायता का लाभ हर वर्ग तक पहुंच रहा है।

## सूर्य नारायण एवं नौग्रह मंदिर,भापरा में बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया छठ पूजन

**समालखा:27 अक्टूबर (संजय नरवाल):** देश भर में लाखों लोगों की आस्था का पर्व है छठ पूजा अर्चना अर्थात कामना पूर्ण तीन दिवसीय वर्त। अब यह हरियाणा में रह रहे पूर्वांचल लोगों के लिए हर त्योहार की भांति बड़ा त्योहार बन गया है। हरियाणा प्रशासन भी इस त्योहार को पूर्ण करवाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ता है। प्रशासन की और से डी एस पी समालखा नरेंद्र कादियान थाना प्रभारी दीपक कुमार, अनिल कुमार चौकी प्रभारी पूरी तरह से अपने महिला एवं पुरूष अधिकारियों के साथ मुस्तैद रहे।उक्‍त समालखा के पदाधिकारी नीर दक्ष भी नजर आए।इसके साथ साथ सही कहें तो यह अब राजनीति चलन भी बन गया है। आज समालखा में भी लगभग 3500 पूर्वांचल लोगों ने पूजा अर्चना की। मंदिर कमेटी के प्रधान धीरज श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशासन व लोगों ने व्यवस्था को को लेकर पूरी तैयारी कर रखी थी। भाजपा मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल ने कहा कि यहां आने



पर मुझे काफी शांति का अहसास हुआ है और बहुत अच्छा लगा इसलिए मै सुबह भी आऊंगी। पार्षद एडवोकेट संजय गोयल ने कहा कि विधायक मनमोहन सिंह भड़ाना से बात कर रखी है जल्द ही छठ पूजन कार्यक्रम के लिए सरकार से जमीन भी पुर्वांचल परिवार को मिलने वाली है। विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति संयोजिका ने कहा कि इस त्योहार के प्रति लोगों की समर्पण की भावना देखते ही बनती है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी की पूरी प्रबंधन समिति मौजूद थे।

## जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला आज

**सिरसा, (रणबीर खटक)** हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता हैं। इसी कड़ी में जिला रोजगार कार्यालय, सिरसा में 28 अक्टूबर (मंगलवार) को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का आयोजन एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक प्राइवेट लिमिटेड, तथा समाधान ग्रामीण वेलफेयर एंड सर्विसेज लिमिटेड के सहयोग से किया जा रहा है।

इस अवसर पर कंपनियों द्वारा सहायक प्रबंधक, क्षेत्र अधिकारी, सहायक, क्षेत्र पर्यवेक्षक, महिला कार्यकर्ता जैसे पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों का मौके पर ही चयन किया जाएगा।

## शिकायतों का त्वरित, प्रभावी और संतोष जनक समाधान करें सुनिश्चित : उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का त्वरित, प्रभावी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। समाधान शिविरों में नागरिकों द्वारा रखी जाने वाली शिकायतों का निपटान विभागाध्यक्ष समयबद्ध तरीके से करते हुए नागरिकों को राहत पहुंचाएं। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ सोमवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि समाधान



शिविर लोगों की उम्मीदों और अपेक्षाओं पर खरे उतर रहे हैं। समाधान शिविर लोगों की समस्याएं सुनने और उनका मौके पर ही निराकरण करने का सशक्त माध्यम है। जिला के प्रशासनिक अधिकारी स्वयं जनता की शिकायतों की सुनवाई कर रहे हैं।

उपायुक्त डा. वशिष्ठ ने कहा कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार प्रदेश भर में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य लोगों की समस्याओं का मौके पर या निर्धारित समय सीमा में समाधान करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागाध्यक्ष आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लें और समस्याओं का प्रभावी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें।

## पलवल में दिखेगा देशभक्ति, एकता, सद्भाव, अध्यात्म व सनातन संस्कृति का अनूठा संगम

**आयोजन**

- सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी, सरदार-150 एकता मार्च का होगा आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि अक्टूबर और नवंबर माह के दौरान पलवल जिला में देशभक्ति, राष्ट्र एकता, सांप्रदायिक सद्भाव, अध्यात्म, राष्ट्र के प्रति समर्पण व सनातन संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इस अवधि में जिलेभर में विभिन्न देशभक्ति, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी, सरदार-150 एकता मार्च सहित श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर अनेक प्रकार के कार्यक्रमों और यात्राओं का आयोजन, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम तथा देश की सनातन संस्कृति को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय सनातन एकता पदयात्रा का का आगमन होगा। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने सोमवार को उक्त सभी कार्यक्रमों के संदर्भ में प्रेसवार्ता करते हुए आमजन से उक्त सभी कार्यक्रमों में बढ़चढकर भागीदारी करते हुए आत्मनिर्भर और विकसित भारत निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे इन आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशभक्ति और एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में योगदान दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत निर्माण में योगदान देंगे कार्यक्रम : उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, नेहरू युवा केंद्र तथा अन्य संगठनों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार और जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रबल करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाए। इससे युवा पीढ़ी में देश की राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत निर्माण में सहभागिता और सहयोग की भावना को बल मिलेगा।

## देवउठनी एकादशी दो को, चार महीने बाद बजेंगी शहनाइयां

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** विवाह शादियों के लिए लंबे से प्रतीक्षा कर रहे लोगों की अब इंतजार की घड़ियां समाप्त होने वाली है। शादी-विवाह जैसे शुभ-मांगलिक कार्यों का सिलसिला जल्दी ही शुरू होने वाला है। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को भगवान विष्णु योग निद्रा से जाग जाएंगे यानी देव उठ जाएंगे। इस के साथ ही चातुर्मास भी समाप्त हो जाएगा।

ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया की दो नवंबर रविवार को देवउठनी एकादशी रहेगी। देवउठनी को अबूझ सावा मुहूर्त रहेगा, यानि बिना कोई मुहूर्त का विचार करे विवाह या कोई शुभ कार्य कर सकते है। इस दिन से चार माह से रुकी शहनाई फिर से गूंजने लगेंगी और शादी-विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि सभी मांगलिक शुभ कार्य फिर शुरू हो जाएंगे। इस एकादशी को प्रबोधिनी या देवोत्थान एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। एकादशी के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। एकादशी का उपवास रखा जाता है। उन्होंने बताया कि ऐसा करने से भक्तों की सभी सभी मनोकामना पूरी होती हैं और अंत में वैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। इस दिन तुलसी विवाह का भी विधान है: भारद्वाज गढ़ी ने बताया की इस दिन तुलसी विवाह का भी बहुत अधिक महत्व बताया गया। इस एकादशी के दिन भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप का माता तुलसी के साथ विवाह कराया जाता है। मान्यता है कि तुलसी विवाह संपन्न करवाने से कन्यादान के समान फल की प्राप्ति होती है और मोक्ष के द्वार खुल जाते हैं। साथ ही तुलसी जी और शालिग्राम की कृपा से विवाह में आने वाली बाधाएं भी दूर होती हैं।

## समाधान शिविर में उपायुक्त अखिल पिलानी ने सुनी जन समस्याएं

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को लघु सचिवालय नूंह के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त अखिल पिलानी ने आमजन की शिकायतें सुनी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का तय समय में निपटान करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि? आयोजित शिविर में कुल 05 शिकायतें प्राप्त हुई है, प्राप्त शिकायतों के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी आनी शिकायत का समाधान जल्द से जल्द करें।उपायुक्त ने कहा कि आमजन को अपनी शिकायतों के निवारण के लिए समाधान शिविरों का लाभ उठाना चाहिए।

## अमन व शांति की दुआओं के साथ इस्लामिक जलसा संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** जिले के नई - तिरवाड़ा गांव में तीन दिवसीय इस्लामी जलसे का समापन सोमवार को मुल्क में अमन व शांति के साथ तरक्की की दुआओं के साथ संपन्न हो गया। इस जलसे में हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित कई राज्यों के तकरीबन 5 - 7 लाख लोगों के भाग लेने की आशंका जताई जा रही है। जलसे के समापन के बाद जब लोग अपने घरों को लौटे तो करीब 15 किलोमीटर तक चारों तरफ



लंबा जाम लग गया। यह पहला अवसर है जब जाम में मौलाना हजरत साद साहब के अलावा कांग्रेस विधायक आफताब अहमद, कांग्रेस विधायक मामन खान, भाजपा नेता पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन, पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहमद, भाजपा नेता एजाज खान, पूर्व विधायक रहीशा खान सहित लाखों लोग घंटे फंसे रहे। भीड़ व जाम के चलते कई लोगों के वाहनों में भी अच्छा खासा नुकसान हुआ। तीन दिवसीय इस जलसे की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि हिंदू समाज के लोगों के द्वारा वेज बिरयानी तथा मोहब्बत की चाय ने खूब सुर्खियां बटोरी। इसके अलावा हिंदू समाज के लोगों के द्वारा स्वास्थ्य कैंप भी जलसे में लगाए गए तो कुछ लोगों ने खिदमत करके इसमें हिंदू - मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की। तीन दिनों तक चले इस इस्लामिक जलसे में मोबाइल के बढ़ते चलन पर रोक लगाने तथा अपने बच्चों को बेहतर तालीम दिलाने पर खास ध्यान दिया गया।

## एक भारत-एक दृष्टि: सरदार पटेल की एकता और प्रगति की अमर विरासत

**लेखक : मदन मोहन छाबड़ा**

31 अक्तूबर, यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि राष्ट्र की चेतना का प्रतीक है। यह एक भारत-एक दृष्टि, एक संकल्प – यही सरदार पटेल की अमर विरासत है। एकजुट भारत ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और यही हमारे भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। जब भारत राष्ट्रीय एकता दिवस और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मना रहा है, तब यह अवसर सिर्फ श्रद्धांजलि का नहीं, आत्ममंथन का भी है। आज जब दुनिया सामाजिक ध्रुवीकरण, क्षेत्रीय तनाव और असमानताओं से जूझ रही है, तब सरदार पटेल का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है एकजुट भारत केवल हमारी विरासत नहीं, बल्कि हमारी सबसे स्थायी शक्ति है। 1947 का भारत विभाजित था – सैकड़ों रियासतें, अलग-अलग शासन, विविध आकांक्षाएँ। उस दौर में एकता असंभव लगती थी। परंतु सरदार पटेल ने इस चुनौती को अपने जीवन का मिशन बना लिया। उनकी कूटनीति, संवाद और दृढ़ता ने 560 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में समाहित किया। इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन की सूझबूझ और निर्णायक नेतृत्व ने भारत को एक राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। लोह पुरुष ने ऑल इंडिया सर्विसेज और प्रशासनिक ढांचे के माध्यम से वह स्टील फ्रेम गढ़ा जिसने भारतीय लोकतंत्र को स्थिरता दी और केंद्र व राज्यों के बीच एकता का सेतु बनाया। भारत की पहचान उसकी विविधता में है। सैकड़ों भाषाएँ, हजारों परंपराएं, पर एक साझा भावना – भारतीयता। पटेल ने सिखाया कि एकता का अर्थ समानता नहीं, बल्कि सम्मान है। यह एकता मंदिर की घंटियों से लेकर मस्जिद की अजान तक, दीपावली से लेकर ईद तक, और लोकगीतों से लेकर राष्ट्रगान तक हर जगह महसूस की जा सकती है। महिलाएं इस सामाजिक एकता की आधारशिला हैं – वे परंपरा, संस्कृति और समुदाय को जोड़ती हैं।

संस्कृति वह सामाजिक गोंद है जो विविधता को बांधती है, और पुलिस व कॉप्स वह संरचना हैं जो इस बंधन को सुरक्षित रखती हैं। शांति के बिना विविधता विभाजन बन जाती है, और संस्थाओं के बिना संस्कृति बिखर जाती है। पुलिस, प्रशासन और सुरक्षा बल केवल शासन के अंग नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जीवन की आत्मा हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस पर जब अधिकारी और नागरिक साथ खड़े होकर एकता प्रतिज्ञा लेते हैं, तो यह लोकतंत्र के उस भरोसे को पुष्ट करता है कि राज्य और समाज एक ही धड़कन से जुड़े हैं। एक सशक्त, पारदर्शी और सेवा-भावी प्रशासन ही नागरिकों का विश्वास अर्जित करता है – और वही एक भारत को वास्तविक रूप देता है। केवड़िया की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सरदार पटेल की स्मृति का भव्य प्रतीक है। परंतु एकता केवल स्मारकों में नहीं, बल्कि नीति, प्रयास और जनसहभागिता में जीती है। 2019 में प्रारंभ सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार इस विचार को जीवंत करता है कि विरासत केवल याद करने की नहीं, निभाने की होती है। रन फॉर यूनिटी और एकता प्रतिज्ञा जैसे अभियान इसी सोच को आगे बढ़ाते हैं। एकता कोई एक दिन का पर्व नहीं, बल्कि सतत अभ्यास है। आज की एकता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आर्थिक न्याय और सामाजिक समानता पर भी आधारित है। जब सुदूर गाँवों तक सड़कें, रेल, इंटरनेट, शिक्षा और स्वास्थ्य पहुंचते हैं –

तब नागरिक महसूस करते हैं कि भारत की एकता अवसर में बदल रही है।

## रागिब दबीर का हरियाणा में हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आर ए एस) में 27वीं रैंक लाने वाले छपरा राजस्थान का हरियाणा के नूँह जिले के अकबरपुर गांव में भव्य स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में कांग्रेस के दिग्गज नेता विधायक आफताब अहमद, हरियाणा में सबसे अधिक वोटों से जीतने वाले फिरोजपुर झिरका के विधायक मामन खान इंजीनियर, पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान एवं कांग्रेस के प्रत्याशी रहे हाजी अख्तर हुसैन सहित कई जानी - मानी हस्तियों ने भाग लेकर आर ए एस में चयनित रागिब दबीर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत



किया। कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने कहा कि रागिब दबीर की मेहनत से युवा पीढ़ी को एक नया रास्ता मिलेगा। उन्होंने कहा कि आर ए एस में चयनित होने वाले रागिब दबीर से बहुत से युवा प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को रागिब दबीर से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो युवा साइबर क्राइम या नशा इत्यादि की तरफ बढ़ रहे हैं उनको रागिब दबीर जैसे युवाओं से सीख लेनी चाहिए ताकि वह जीवन में शिक्षा के माध्यम से तरक्की कर सकें। उन्होंने कहा कि गलत कामों से पैसा कमाना अच्छा नहीं है, मेहनत से कमाया गया पैसा जीवन में बहुत सी कामयाबी लेकर आता है। राजस्थान प्रशासनिक सेवा में 27वीं रैंक लाने वाले दबीर ने कहा कि उन्होंने कई घंटे मेहनत करने के बजाय लक्ष्य साधकर पढ़ाई की।

# एक साल में एवीटी की धाक: जिले के 20 में से 16 गैंग किए धराशायी

**कैथल, 27 अक्टूबर (नसीब सैनी)**: जिले में वाहन चोरी और संगठित अपराधों पर नकेल कसने के लिए गठित एंटी व्हीकल थैफ्ट (एवीटी) टीम कैथल ने बीते एक साल में ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जिसकी पूरे जिले में चर्चा है। अकेले एवीटी ने जिले में सक्रिय 20 गैंगों में से 16 गैंगों को धर दबोचते हुए 299 मामलों को ट्रेस किया और कुल 164 आरोपियों को गिरफ्तार किया। वाहन चोरी के साथ-साथ नशा तस्करी, अवैध असलाह, किडनैपिंग और स्नैचिंग जैसे मामलों में भी एवीटी टीम ने तेजी से कार्रवाई कर कानून के प्रति आमजन का विश्वास मजबूत किया है। एवीटी टीम का नेतृत्व कर रहे सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार इससे पहले लगभग 10 साल तक कैथल सीआईए में तैनात रहे हैं।




उनकी पहचान एक ऐसे अधिकारी के रूप में है, जो कठिन से कठिन केस को भी सटीक इंटेलिजेंस, निगरानी और नेटवर्किंग के दम पर सुलझा लेते हैं। बीते एक साल में एवीटी इंचार्ज के रूप में उनके नेतृत्व में टीम ने न सिर्फ मामले ट्रेस किए, बल्कि अपराध के कई नेटवर्क भी जड़ से खत्म किए हैं। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए तत्कालीन एसपी राजेश कालिया उन्हें चार बार, एसपी आस्था मोदी दो बार और मौजूदा एसपी उपासना एक बार सम्मानित कर चुकी हैं। इसके अलावा जिला स्तर पर 15 अगस्त और 26 जनवरी पर भी उन्हें सम्मान प्राप्त हो चुका है।

**एक केस से 39 ट्रांसफार्मर चोरी के मामले हुए ट्रेस:** जिले में ट्रांसफार्मर चोरी लंबे समय से बिजली निगम व ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई थी। इस मामले में एवीटी टीम ने एक ही केस की गहन जांच के आधार पर ऐसे तार जोड़ दिए कि पूरे गिरोह का नेटवर्क सामने आ गया। टीम ने न सिर्फ चोरी हुए ट्रांसफार्मरों को बरामद किया बल्कि चोरी करने वाले गिरोह, बेचने की चैन और सप्लाई कनेक्शन तक को ध्वस्त कर दिया।

**एक्शन**

299 मामलों को ट्रेस किया और कुल 164 आरोपियों को गिरफ्तार किया

**भागल में चोरी की 100% रिकवरी - ग्रामीणों ने किया सम्मानित:** भागल गांव में चोरी के एक मामले में एवीटी टीम द्वारा की गई 100% रिकवरी का ग्रामीणों ने खुले तौर पर स्वागत किया। ग्राम पंचायत ने पुलिस टीम को सम्मानित कर यह संदेश दिया कि जब पुलिस ईमानदारी व तत्परता से काम करती है, तो समाज उसके साथ खड़ा होता है।

# प्रशासन की मंशा, जनता को मिले हर स्तर पर राहत: एसडीएम मनदीप

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देश और उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को आयोजित किया गया जनता समाधान शिविर आम नागरिकों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया है। शिविर में पहुंचे नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि हर समस्या का समाधान त्वरित रूप से किया जाएगा और किसी भी शिकायत को अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा। एसडीएम मनदीप कुमार ने कहा कि प्रशासन की मंशा है कि जनता को हर स्तर पर राहत मिले। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में देरी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी कम से कम समय में अधिकतम शिकायतों का समाधान करें, ताकि जनता का भरोसा प्रशासन पर और मजबूत हो।



नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि यह शिविर केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जनता की आवाज को सुनने और उसका त्वरित समाधान करने का एक सशक्त माध्यम है। हमारा लक्ष्य है कि नागरिकों को उनके अधिकारों का लाभ समय पर मिले। नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि शिविर में दर्ज हर शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाएगा। प्रत्येक नागरिक को यह विश्वास होना चाहिए कि उसकी समस्या सुनी जाएगी और सुलझाई जा रही है। डीएसपी सतीश वत्स ने कहा कि पुलिस विभाग जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पुलिस से जुड़ी हर समस्या का समाधान समय पर करना हमारा नैतिक दायित्व है।शिविर में कुल 58 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से कई का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष मामलों के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए।

## न्यूज फ्लैश

### खेवड़ा गांव में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का एसीपी निधि नैन ने किया शुभारंभ

**सोनीपत:** खेवड़ा गांव में रविवार को ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मुरथल निधि नैन ने किया। प्रतियोगिता में कबड्डी और खो-खो के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एसीपी निधि नैन ने खिलाड़ियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासित और स्वस्थ बनाते है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया और कहा कि नशा समाज और परिवार दोनों को कमजोर करता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड की घटना होती है, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। एसीपी ने ग्रामीणों से स्वच्छता अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और सुंदर गांव ही स्वस्थ समाज की पहचान है। उन्होंने युवाओं से खेलों के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की भी अपील की। कार्यक्रम में गांव के बच्चों, खिलाड़ियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर पुलिस विभाग के अधिकारी, खेल प्रशिक्षक और ग्रामीण प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बताया कि आमजन के सहयोग से जिला प्रशासन जिले को सुरक्षित, स्वच्छ और नशा मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### झाड़ियों में मिला तीन महीने का बच्चा, माता-पिता का अब तक नहीं लगा सुराग

**सोनीपत:** सेक्टर-7 के पास झाड़ियों में शनिवार को मिले करीब तीन महीने के नवजात शिशु के माता-पिता का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। फिलहाल बच्चे को देखभाल के लिए राई स्थित बालग्राम में भेजा गया है। पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि पता चल सके कि बच्चा वहां कैसे पहुंचा और उसे किसने छोड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के गढ़मुक्तेश्वर निवासी मनोज सेक्टर-7 के पास चाय की दुकान चलाता है। शनिवार को जब वे दुकान पर था, तो उसे झाड़ियों की ओर से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। मनोज जब वहां पहुंचे, तो उन्होंने बच्चे को चादर में लिपटा पाया। उन्होंने तुरंत रायपुर निवासी अपने दामाद अमरजीत को सूचना दी। अमरजीत मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों को बुलाकर पुलिस को भी जानकारी दी। सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-27 पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे की हालत फिलहाल ठीक है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन बच्चे की पहचान या उसके माता-पिता के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। मामला दर्ज करने के बाद अब मजिस्ट्रेट के आदेश पर बच्चे को राई बालग्राम में सुरक्षित रखवाया गया है। पुलिस टीम इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### अनाजमंडी लाडवा में दिनदहाड़े ट्रक ड्राइवर पर हुआ जानलेवा हमला, हमलावर फरार

**लाडवा 27 अक्टूबर (विजय कौशिक) : अ**नाजमंडी लाडवा में दिनदहाड़े ट्रक ड्राइवर पर तीन बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। मंडी में काम कर रहे मजदूरों ने डॉयल 112 व पुलिस को सूचना दी। डॉयल 112 गाड़ी की सहायता से घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा ले जाया गया। पुलिस ने तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिछले दो दिन में अनाजमंडी में यह दूसरी घटना है जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। हालांकि दो दिन पहले हुए हमले में पुलिस तीन आरोपियों को पकड़ चुकी है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में गुरदीप सिंह निवासी वार्ड नंबर पांच लाडवा ने बताया कि वह अनाज मंडी में ताश खेल रहे मजदूरों के पास बैठा हुआ था। शाम लगभग चार बजे तीन अज्ञात युवक आए और अपने आपको सी आई ए स्टॉफ के कर्मचारी बताकर मोबाईल फोन छीनने लगे तथा अपने साथ ले जाने की कोशिश करने लगे। जब उसने उनका विरोध किया तो तीनों युवकों ने उसके ऊपर (जंधरा) जीरी इकट्ठी करने का लकड़ी के औजार से हमला कर दिया।

# बुलेट से पटाखा बजाया तो पड़ेगा भारी हर्जाना: पुलिस अधीक्षक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों विशेषकर युवा वर्ग से अपील करते हुए कहा कि भविष्य में कोई भी बुलेट मोटरसाईकिल चालक मोटरसाईकिल पर पटाखे ना बजाए क्योंकि इससे ध्वनि प्रदूषण तो होता है साथ में पटाखे की तेज आवाज होने से भय के कारण बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि बुलेट मोटरसाईकिल चालक मोटरसाईकिल से पटाखे बजाएगा तो उसके खिलाफ कानूनी कारवाई की जाऐगी।



पुलिस अधीक्षक ने दुकानदारों विशेषकर बुलेट मोटरसाईकिल की रिपेयर करने वाले दुकानदारों को बुलेट मोटरसाईकिल का साइलेंसर चेंज करेगा तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला में बुलेट मोटरसाईकिल से पटाखे बजाने वालो की शिकायतें मिल रही थी। आमजन की सुविधा को ध्यान मे रखते हुऐ जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर बुलेट मोटरसाईकिल से पटाखे बजाने वाले चालको के चालान किये जा रहे हैं।

# भ्रष्टाचार की रोकथाम हर नागरिक की जिम्मेदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को सतर्कता: हमारी साझी जिम्मेदारी थीम को लेकर शपथ दिलाई। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को अखंडता, पारदर्शिता, जवाबदेही, कार्य के प्रति सत्यनिष्ठा हेतु शपथ दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की रोकथाम केवल सरकार का कर्तव्य नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की एक सामूहिक, साझा जिम्मेदारी है। यह आयोजन



ईमानदारी और नैतिक प्रथाओं की संस्कृति को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में जनता में जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। कुलपति ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत ही विकसित राष्ट्र का आधार है। उन्होंने कहा भ्रष्टाचार को लेकर सतर्कता जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ जन सहयोग की भी आवश्यकता होती है। देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए सभी को एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। चीफ विजिलेंस आफिसर प्रो. सुनील ढींगरा ने बताया कि यह सप्ताह हर वर्ष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती (31 अक्टूबर) के अवसर पर मनाया जाता है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत की राह कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन इंजीनियरिंग प्रो. सुनील ढींगरा, प्रॉक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया मौजूद रहे।

**शपथ**

कर्मचारियों को अखंडता, पारदर्शिता, जवाबदेही, कार्य के प्रति सत्यनिष्ठा हेतु शपथ दिलाई गई

# राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का किया सफल आयोजन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

आई.बी. (पी.जी.) कॉलेज, पानीपत के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एक भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एम.ए. (राजनीति विज्ञान) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा समसामयिक राजनीतिक मुद्दों पर अपने सशक्त विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के लिए विषय के रूप में "राष्ट्रवाद का उदय और उसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर प्रभाव और "राजनीतिक विमर्श को आकार देने में फेक न्यूज की भूमिका" निर्धारित किए गए थे। विद्यार्थियों ने राष्ट्रवाद, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और मिथ्या समाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ह्लइस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने में अत्यंत सहायक होती हैं।



# प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम 29 अक्टूबर को

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा गांव पट्ट्टी कल्याणा में 29 अक्टूबर को रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस रात्रि ठहराव में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि सभी विभागों के अधिकारी रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहेंगे व केद्रं व राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध करवायेंगे।

# समाधान शिविर में नागरिकों ने रखी अपनी समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/नारायणगढ़:** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने लोगों की विभिन्न समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लोगों की समस्याओं को सुनने और समाधान करवाने के लिए नियमित रूप से सप्ताह में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो पाए। उन्होनें कहा कि समाधान शिविर निर्धारित दिवस पर प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किए जाता है। शिविर के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के कई नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने कहा कि प्रशासन जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशील है और हर नागरिक की समस्या का समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

**निर्देश**

समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

समाधान शिविर में वार्ड नम्बर 7 के चमन लाल गुप्ता ने सरकारी गोहर की निशानदेही करवाने की मांग रखी। गांव उज्जल माजरी की दयालो देवी ने खेतों में ट्यूबवेल का बिजली कनेक्शन शीघ्र करवाने की बात कही। वार्ड नम्बर 2 की अंजु शर्मा ने घरेलू बिजली बिल कम करवाने का आग्रह किया। गांव बरोली की ज्योति ने गांव में कूड़े के ढेर उठवाने की मांग की।

गांव कुराली के सुरजीत ने फैमिली आईडी से गाड़ी कटवाने का अनुरोध किया।

# राष्ट्र की प्रगति के लिए सोच में लानी होगी पारदर्शिता: कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में विजिलेंस जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष का थीम है ह्लसतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारीह्व। इसी कड़ी में सोमवार को कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, अधिकारियों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों और विद्यार्थियों को सतर्कता की शपथ दिलाई। कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति के लिए हमें अपनी सोच और व्यवहार में पारदर्शिता लानी होगी। उन्होंने कहा सच्चा नागरिक वही है जो न केवल स्वयं ईमानदार रहे, बल्कि दूसरों को भी ईमानदारी के लिए प्रेरित करे। भ्रष्टाचार सिर्फ एक व्यक्ति या संस्था को नहीं, बल्कि पूरे समाज के विकास को रोकता है। इसलिए हमें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में नैतिक मूल्यों और निष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय का हर सदस्य इस दिशा में एक आदर्श प्रस्तुत करे। यदि हम सभी अपने कार्यों में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व का भाव रखें, तो विश्वविद्यालय के साथ-साथ समाज में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। इस अवसर पर प्रो. शुभा कौशल ने बताया कि विजिलेंस जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक देशभर में मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिकता के मूल्यों को सशक्त करना है। इसी कड़ी में आयुष विश्वविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, लेख लेखन प्रतियोगिता, संगोष्ठी समेत कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. जितेश कुमार पंडा, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला, प्रो. सुनीति तंवर, प्रो. रविंद्र अरोड़ा, प्रो. विदुषी त्यागी, डॉ. सुधीर मलिक, डॉ. सतबीर चावला समेत अन्य उपस्थित रहे।



# लाखों रूपए की 20 किलो 500 ग्राम डोडा चूरा पोस्त सहित तीन युवक काबू

**सिरसा.. (शुभम खटक)**

सिरसा में नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण के कार्यभार संभालने उपरांत जिला पुलिस अब एक्शन मोड में आ गई है और नशा तस्करों की धर पकड़ तेज कर दी है । जिला की एंटी नारकोटिक सेल सिरसा पुलिस टीम ने पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण के निर्देशानुसार नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए डीएमसी हॉस्पिटल सिरसा क्षेत्र से तीन युवकों को लाखों रुपए की 20 किलो 500 ग्राम डोडा चूरा पोस्त सहित काबू करने में सफलता हासिल की है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिहं ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरू पुत्र कश्मीर सिंह निवासी मढ तहसील रतिया जिला फतेहाबाद, हरप्रीत उर्फ प्रीत पुत्र श्रवण सिंह व सतपाल उर्फ पाला पुत्र गुरबचन सिंह निवासियान वार्ड नंबर 7 रानियां जिला सिरसा के रूप में हुई है । उन्होंने बताया कि नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान माल गोदाम रोड सिरसा क्षेत्र से होते हुए डीएमसी हड़ताल सिरसा की तरफ जा रहे थी । इसी दौरान पुलिस पार्टी जब डीएमसी अस्पताल सिरसा के पास पहुंची तो सामने से तीन नौजवान युवक अपने हाथों में प्लास्टिक के थैले लिए हुए पैदल आते दिखाई दिए । उक्त युवक सामने पुलिस कि गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गए और वापस मुड़कर तेज-तेज कदमों से चलकर प्लास्टिक के कट्टों को छुपाने की कोशिश करने लगे पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवकों का काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो तीनों युवकों के कब्जा से कुल 20 किलो 500 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ।

# भारतीय योग संस्थान ने साधकों को करवाई शंख प्रक्षालन क्रिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान, कुरुक्षेत्र जिला इकाई द्वारा आज साधकों को शंख प्रक्षालन क्रिया करवाई गई । संस्थान के योगाश्रम मिजार्पुर में आयोजित कार्यक्रम में 121 से अधिक साधक उपस्थित रहे । ओम प्रकाश बाजवा व मनजीत कौर ने सुंदर भजन प्रस्तुत किये । मुख्य अतिथि जगतगुरु ब्रह्मानंद आश्रम की साध्वी डॉ मैत्रेयी आनंद, संस्थान के प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, स्थानीय संरक्षक हरिराम जोशी, जिला प्रधान देवी दयाल सैनी, सीमा सांगवान, नरेश शर्मा, हवा सिंह सैन, जिला उप प्रधान सेवा सिंह सहित सभी उपस्थित जोन प्रधानों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया । गुलशन कुमार ग्रोवर, हरिराम जोशी एवं कृष्ण जिला जोन प्रधान मिथिलेश चौधरी द्वारा शंख प्रक्षालन क्रिया के निषेध, सावधानियां, लाभ व विधि बताकर यह क्रिया करवाई गई । हरिराम जोशी ने शंख प्रक्षालन के पश्चात सभी को 30 मिनट का शवासन करवाया। अंत में प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा, वरिष्ठ कार्यकर्ता गणपत राम माटा व जिला प्रधान देवी दयाल सैनी द्वारा बनाई गई देसी घी से तर स्वादिष्ट खिचड़ी सभी को खिलाई गई । चौधरी मांगेराम, भीमराज सैनी, जसवंत सिंह, सत्येंद्र तोमर, धर्मवीर शर्मा, सुनील कुमार, महेश तलवार, प्रवीण गर्ग, नाहर सिंह, इत्यादि, युधिष्ठिर जिला से डॉ राजबीर, शकुंतला इत्यादि, ब्रह्म सरोवर जिला से सेवा सिंह, सौरभ मोदी इत्यादि, पानीपत पूर्वी जिला से प्रधान हवा सिंह व मंत्री दीपक सचदेवा के नेतृत्व में दस साधक, लाड़वा व पेहवा से आठ-आठ साधकों सहित 121 से अधिक साधक उपस्थित थे ।





**शंख प्रक्षालन है क्या ? इसे क्यों करें ? इसके लिए क्या क्या सावधानियां आवश्यक हैं?**

संस्थान के प्रांतीय संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि यहां शंख का अर्थ है पेट या आंतें और प्रक्षालन का अर्थ है धोना । इस क्रिया से अंतःवाहिनी नली कंठ से गुदा तक शुद्ध हो जाती है। शंख प्रक्षालन क्रिया वर्ष में केवल दो बार बदलते मौसम में ही की जा सकती है। यह एक ऐसी यौगिक शुद्धि क्रिया है, जिसमें पानी पीकर कुछ सरल से योगासनों के 5 - 5 सैट किए जाते हैं, पांच बार इस क्रम को दोहराकर मल निष्कासन के लिए शौचालय जाया जाता है। यही क्रिया पांच-छः बार की जाती है । पहली बार शौच जाने पर सामान्य मल निकलता है, दूसरी बार कुछ पतला, तीसरी बार और अधिक पतला, फिर पानी के साथ मल के छोटे-छोटे टुकड़े और अंत में स्वच्छ पानी जैसा मल निकलता है तो क्रिया संपन्न हो जाती है। **लाभ** : इस क्रिया से पेट के रोग, फेफड़े, वात-पित्त-कफ के रोग, गर्मी से होने वाले रोग, सर्दी-जुकाम, नेत्र संबंधी विकार व सिर दर्द इत्यादि रोग भी ठीक होते हैं ।

**निषेध** : आंतों की कमजोरी, आंतों में सूजन, गंभीर हृदय रोगी, उच्च रक्तचाप के रोगी व अल्सर के रोगी को शंख प्रक्षालन क्रिया नहीं करनी चाहिए ।

# अवतार के रूप में क्यों आते हैं भगवान

जिस प्रकार कोई सम्राट अपने साम्राज्य में सज्जनों को पुरस्कार द्वारा प्रोत्साहित करके और दुर्जनों को तिरस्कार द्वारा निरुत्साहित करके प्रजा में अभ्युदयशील सामंजस्य स्थापित करता है, उसी प्रकार श्रीभगवान भी यथासमय अवतीर्ण होकर यथायोग्य निग्रहानुग्रह प्रदर्शित करते हुए अपनी सृष्टि में धर्म की स्थापना किया करते हैं। समस्त धर्मों का पर्यवसान श्रीभगवत साक्षात्कार में ही है।



भगवान के अवतार के तीन कारण होते हैं- पहला अनुग्रह अथवा साधुपरित्राण, दूसरा निग्रह अथवा दुष्कृतकारियों का विनाश और तीसरा धर्मसंस्थापन। जिस प्रकार कोई सम्राट अपने साम्राज्य में सज्जनों को पुरस्कार द्वारा प्रोत्साहित करके और दुर्जनों को तिरस्कार द्वारा निरुत्साहित करके प्रजा में अभ्युदयशील सामंजस्य स्थापित करता है, उसी प्रकार श्रीभगवान भी यथासमय अवतीर्ण होकर यथायोग्य निग्रहानुग्रह प्रदर्शित करते हुए अपनी सृष्टि में धर्म की स्थापना किया करते हैं। समस्त धर्मों का पर्यवसान श्रीभगवत साक्षात्कार में ही है। भगवत साक्षात्कार तभी हो सकता है, जब भगवान में निष्ठा हो। निष्ठा तभी होती है जब अनुराग हो, अनुराग उसी में होता है, जिसकी ओर आकर्षण होगा। अतएव जीवजात को अपनी ओर आकृष्ट करने के लिए ही भगवान अवतार रूप में ऐसी-ऐसी मनमोहिनी क्रीड़ाएं करते हैं कि जिन्हें सुनकर श्रोताओं का मन उनमें बलात् आसक्त हो जाता है

बालक, युवक और वृद्ध, पंडित और मूर्ख, राजा और प्रजा, स्त्री और पुरुष, विषयी और विरागी, सभी का भगवल्लीला श्रवण से उधर आकर्षण होता है, जो परिणाम में प्रपंचातीत परमात्मा तक पहुंचा देता है। ज्ञान-विज्ञान विनाशन काम को गीता में आचार्य रामानुज के अनुसार बुद्धि से भी बलवत्तर बताया गया है। उसी महापाप, महावैरी, दुष्पूर काम को भक्तजन अनायास जीत सकें, इसलिए भगवान अपने अवतार चरित्रों द्वारा मदन-दमन लीलाएं करते हैं। उदाहरण के लिए कोटि-कन्दर्पदर्पहा श्रीकृष्ण की योगमाया द्वारा प्रसाधित रासलीला का दर्शन करके उस समय अनेक देवादि भी भगवन्निष्ठ होकर कृतकृत्य हो गये और अब भी उस परम उज्ज्वल लीला का श्रद्धापूर्वक अध्ययन करने वालों के मदनरूपी हृदय रोग का स्वयमेव शमन हो जाता है।

नित्यविभूति से लीलाविभूति में श्रीराम, श्रीकृष्ण आदि रूपों में श्रीभगवान का अवतार आगम ग्रंथों में विभव कहलाता है। श्रीमत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, राम (जामदग्न्य), राम (दाशरथि), कृष्ण, बुद्ध और कल्कि, ये दस अवतार प्रसिद्ध हैं। श्रीवराह, सनकादि, नारद, नर-नारायण, कपिल, दत्तात्रेय, यज्ञ, ऋषभ, पृथु, मत्स्य, कूर्म, धन्वन्तरि, मोहिनी, नृसिंह, वामन, परशुराम, वेदव्यास, राम, बलराम, कृष्ण, बुद्ध, कल्कि- ये 22 अवतार कहलाते हैं। हंस और हयग्रीव की संख्या मिलाने से यह 24 होते हैं। आगम ग्रंथों में अन्यान्य अवतारों के भी नाम उपलब्ध होते हैं।

विभव के दो भेद हैं- स्वरूपावतार और आवेशावतार। जब श्रीभगवान स्वरूप में अर्थात् स्वयं ही अवतीर्ण होते हैं, तब उनका वह रूप स्वरूपावतार कहलाता है, जैसे दाशरथि श्रीराम, किंतु जब किसी जीव विशेष में परमात्मा की शक्ति का आवेश होता है, तब उसे आवेशावतार कहते हैं, जैसे जामदग्न्य राम।

जिस रूप में परब्रम्ह परमात्मा अपने समग्र ऐश्वर्य माधुर्य को लिये हुए ही अवतीर्ण होते हैं, उसे पूर्णावतार कहते हैं। किंतु जिस रूप में आवश्यकतानुसार वे अपने प्रभाव का आंशिक प्राकट्य ही दिखलाते हैं, उसको अंशावतार कहते हैं। अंश के तुरीय भाग को कला कहते हैं। अतएव अंशावतार का अवान्तर भेद होने से कलावतार को उसी के अन्तर्भूत समझना चाहिए।

## सरल उपाय अपनाएं शर्तिया वास्तुदोष भगाएं



- घर का मुख्य द्वार सदैव पूर्व या उत्तर में ही होना चाहिए किंतु यदि ऐसा न हो पा रहा हो तो घर के मुख्य द्वार पर 'स्वास्तिक' की प्राण प्रतिष्ठा करवाकर लगाने से नकारात्मक ऊर्जा का नाश और सकारात्मक ऊर्जा का विकास होने लगता है। घर की स्थिति अनुकूल होने लगती है।
- घर के मुख्य द्वार पर तुलसी का पौधा रखें। सुबह उसमें जल अर्पित करें तथा शाम को दीपक जलाएं। पूर्व या उत्तर दिशा में तुलसी का पौधा लगाने से घर के सदस्यों में आत्मविश्वास बढ़ता है। घर की छत पर तुलसी का पौधा रखने से घर पर बिजली गिरने का भय नहीं रहता। घर में किसी प्रकार के वास्तु दोष से बचने के लिए घर में पांच तुलसी के पौधे लगाएं तथा उनकी नियमित सेवा करें।
- ध्यान रहे कि घर में खिड़की दरवाजों की संख्या सम हो जैसे (2, 4, 6, 8, 10) तथा दरवाजे खिड़कियां अंदर की तरफ ही खुलें। द्वार खोलते-बंद होते समय किसी भी प्रकार की कर्कश ध्वनि नहीं आनी चाहिए। ये अशुभ सूचक होता है।
- यदि किसी भिक्षुक को भिक्षा देनी हो तो घर से बाहर आकर ही दें अन्यथा अनहोनी होने की संभावना रहती है।
- इस बात का ध्यान रहे कि घर में कभी भी फालतू सामान, टूटे-फूटे फर्नीचर, कूड़ा कबाड़ तथा बिजली का सामान इकट्ठा न होने पाए। अन्यथा घर में बेवजह का तनाव बना रहेगा।
- घर के किसी भी कोने में सीलन नहीं होनी चाहिए और न ही घर के किसी कोने में रात को अंधेरा रहना चाहिए। शाम को कम से कम 15 मिनट पूरे घर की लाइट अवश्य जलानी चाहिए। बिजली के स्विच, मोटर, मेन मीटर, टी.वी., कम्प्यूटर आदि आग्नेय कोण में ही होने चाहिए इससे आर्थिक लाभ सुगमता से होता है।
- घर में पुस्तकें रखने का स्थान उत्तर या पूर्व में ही होना चाहिए तथा पुस्तकों को बंद अलमारी में ही रखना चाहिए।
- घर में कभी भी मकड़ी के जाले नहीं लगने चाहिए नहीं तो राहु खराब होता है तथा राहु के बुरे फल भोगने पड़ते हैं।
- संध्या के समय घर में एक दीपक अवश्य जलाएं तथा ईश्वर से अपने द्वारा किए गए पापों के लिए क्षमा याचना करें।



## बृहस्पति जी को देवगुरु पद किसने प्रदान किया

पुराणों के अनुसार ब्रह्मा जी के मानस पुत्र अंगिरा ऋषि का विवाह स्मृति से हुआ। जिनसे सिनीवाली, कुहू, राका, अनुमति नाम कि कन्याएं एवं उतथ्य व जीव नामक पुत्र हुए। जीव बचपन से ही शांत एवम जितेन्द्रिय प्रकृति के थे। वे समस्त शास्त्रों तथा नीति के ज्ञाता हुए। अंगिरा नंदन जीव ने प्रभास क्षेत्र में शिवलिंग कि स्थापना कि तथा शिव को प्रसन्न करने के लिए घोर तप किया।

महादेव ने उनकी आराधना एवं तपस्या से प्रसन्न हो कर उन्हें साक्षात दर्शन दिए और कहा, हे द्विज श्रेष्ठ ! तुमने बहुत तप किया है। अतः तुम बृहस्पति नाम से प्रसिद्ध हो कर देवताओं के गुरु बनों और उनका धर्म व नीति के अनुसार मार्गदर्शन करो। इस प्रकार महादेव ने बृहस्पति को देवगुरु पद और नवग्रह मंडल में स्थान प्रदान किया। तभी से जीव, बृहस्पति और गुरु के नाम से विख्यात हुए। देवगुरु कि शुभा,तारा और ममता तीन पत्नियां हैं। उनकी तीसरी पत्नी ममता से भरद्वाज एवं कच नामक दो पुत्र हुए। बृहस्पति ग्रह सब ग्रहों में सबसे अधिक वजनी और पृथ्वी से बहुत नज़दीक 37 करोड़ मील से भी कम दूरी पर हैं। इस ग्रह पर वायु नहीं है इसके धरातल पर हमेशा लावा फूटता रहता है इसलिए जो हमारे गुरुजन है उनके अन्दर जो ज्ञान रूपी लावा है वो हमारे कल्याण के लिए निरंतर बहता रहता है।

## शनि देव लंगड़े एवं शनेश्चर क्यों कहलाते हैं?



सूर्यदेव की पत्नी संज्ञा उनका तेज सहन न कर पाने से अपनी प्रतिमूर्ति छाया को प्रकट कर और उन्हें अपने परिवार की जिम्मेदारी सौंप तपस्या करने चली गई। छाया संज्ञा का प्रतिरूप बन सूर्यदेव के साथ सुखी दांपत्य जीवन व्यतित करने लगी। इस दौरान छाया और सूर्यदेव के पांच पुत्र हुए। जब उसके स्वंय के बच्चे हो गए तो उसका मन उनमें ही रम गया और संज्ञा के बच्चों के प्रति उसका विमाता सा व्यवहार हो गया। एक दिन छाया अपने बच्चों को खाना परोस रही थी। शनिदेव भूख से व्याकुल होकर छाया के पास आए और उनसे भोजन परोसने को कहने लगे पर छाया ने उनकी तरफ ध्यान न दिया। अपने बच्चों को प्रेमपूर्वक भोजन कराती रही। छाया के व्यवहार से शनिदेव को बहुत क्रोध आया और उन्होंने छाया को मारने के लिए अपनी टांग उठायी। तभी छाया ने शनिदेव को श्राप देते हुए कहा कि, तेरी यह टांग अभी टूट जाए। उसी समय शनिदेव लंगड़े हो गए। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शनि देव को क्रू ग्रह माना जाता है। मान्यता है की जिसकी कुण्डली में शनि नकारात्मक भाव में हो उसे बहुत सी मुसिबतों का सामना करना पड़ता है। वह नौ ग्रहों में सबसे धीमे ग्रह हैं क्योंकि ज्योतिष की दृष्टि से शनि लंगड़ा है और एक राशि में करीब ढाई वर्ष तक रुकता है। इसी वजह से इन्हें शनेश्चर भी कहा जाता है क्योंकि ये श्नै: श्नै: चलते हैं।

## गणेश मंत्र करेगा सभी कामनाओं की पूर्ति

गणपति जी का बीज मंत्र गं है। इनसे युक्त मंत्र- ऊँ गं गणपतये नमः का जप करने से सभी कामनाओं की पूर्ति होती है।

- बुद्धि का विकास करना चाहते हैं तो श्री गणेश जी के मंत्र ऊँ गं गणपतये नमः का एक माला जाप करें और 11 मोदक या लड्डू का भोग लगाएं।
- बच्चे का मन पढाई में न लग रहा हो तो प्रत्येक बुधवार ऊँ गं गणपतये नमः मंत्र के साथ 11 दूर्वा 6 हरी घास 8 गणेश जी को आर्पित करें।
- व्यवसाय न चल रहा हो या घाटे पड़ रहे हो तो प्रत्येक बुधवार 11 दूर्वा ऊँ गं गणपतये नमः मंत्र के साथ चढ़ावे तथा 21 लड्डू का भोग लगा कर ग्राहकों में बांटे।
- चूहों से परेशान हैं तो एक कटोरी में जल लेकर ऊँ गं गणपतये नमः मंत्र को पढकर कटोरी को रात भर जमीन पर रख दें सुबह जल पौधों में डाल दें। चूहे भाग जाएंगे।
- अगर आपका व्यवसाय बन्द होने के कगार पर है तो 108 लड्डू 108 दूर्वा के साथ गणेश जी का अभिषेक कराएं।

इस मंत्र जाप के अतिरिक्त गणपति अथर्वशीर्ष, संकटनाशक गणेश स्त्रोत, गणेशकवच, संतान गणपति स्त्रोत, ऋणहर्ता गणपति स्त्रोत, मयूरेश स्त्रोत, गणेश चालीसा का पाठ करने से गणेश जी की कृपा शीघ्र प्राप्त होती है ।